Digital India
Power To Empower

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# सूक्ष्मजैविकी परिभाषा कोश

कंप्यूटरीकृत डाटाबेस

# Definitional Dictionary of Microbiology

**Computerised Database**

सत्यमेव जयते

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार

# सूक्ष्मजैविकी परिभाषा कोश
# Definitional Dictionary of Microbiology

## कंप्यूटरीकृत डाटाबेस
Computerised Database

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग
भारत सरकार
COMMISSION FOR SCIENTIFIC AND TECHNICAL TERMINOLOGY
MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
(DEPARTMENT OF EDUCATION)
GOVERNMENT OF INDIA

1997

© भारत सरकार, 1997
© Government of India, 1997
प्रथम ई-संस्करण, 2019

मूल्य : (देश में) 45 /- रू०

प्रकाशक :

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्,
नई दिल्ली - 110066

बिक्री का पता :

बिक्री अनुभाग
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड - 7, रामकृष्णपुरम्
नई दिल्ली - 110066
दूरभाष : 6105211/73

# अध्यक्ष की कलम से

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 1961 में अपनी स्थापना समय से ही, उसे सौंपे गए कार्य-भार अनुसार भारतीय भाषाओं में शिक्षा माध्यम परिवर्तन हेतु विभिन्न विषयों में भारतीय भाषाओं की मानक शब्दावली तथा विश्वविद्यालय स्तरीय विभिन्न विषयक पुस्तकों का निर्माण एवं प्रकाशन करता आ रहा है । इस दीर्घ अवधि में आयोग ने विभिन्न आवश्यक विषयों से संबंधित अंग्रेजी-हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषा शब्दावलियों का निर्माण एवं प्रकाशन किया है । इक्कीसवीं सदी के सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में शिक्षा एवं ज्ञानार्जन के साधन को सद्यः उपलब्धता में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है । ई-गवर्नेंस, ई-व्यवसाय एवं डिजिटल इंडिया जैसे क्रिया-कलाप दैनंदिन जीवन के अंग हो गए हैं। ऐसे में आयोग ने भी इन अधुनातन साधनों का उपयोग करने का निश्चय किया । इस क्रम में आयोग द्वारा निर्मित सभी शब्दावलियों, परिभाषा-कोशों का ई-संस्करण आपको सहज रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ई-बुक निर्माण योजना पर कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु **'सुक्ष्मजैविकी परिभाषा कोश (अंग्रेजी-हिंदी)'** का ई-बुक का संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

मुझे इस परिभाषा कोश का ई-संस्करण आप सबको सुलभ कराते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है । इसी भांति आयोग द्वारा अन्य विषयों के भी हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की शब्दावली, परिभाषा-कोशों का ई-संस्करण प्रकाशित करने के कार्य भी प्रगति पर है । आयोग को सौंपे गए महत्वपूर्ण दायित्व में से एक दायित्व, निर्मित शब्दवलियाँ प्रयोक्ताओं तक पहुँचाने का रहा है । इलेक्ट्रोनिक माध्यम से आयोग अपने प्रकाशनों के प्रचार-प्रसार में अधिक प्रभावशाली होगा । मुझे आशा है आयोग द्वारा किए जा रहे इस प्रयास से निर्मित शब्दावलियाँ जन-जन तक पहुंचेगी साथ ही सभी जिज्ञासु इस ई-संस्करण का अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे।

प्रो० कुमा

प्रो. अवनीश कुमार

अध्यक्ष

# सुक्ष्मजैविकी परिभाषा कोश (अंग्रेजी-हिंदी) ई-शब्द संग्रह निर्माण से संबद्ध आयोग के अधिकारी

**प्रधान संपादक**

प्रो. अवनीश कुमार

अध्यक्ष

**संपादक**

डॉ. अशोक एन. सेलवटकर

(सहायक निदेशक)

श्री शिव कुमार चौधरी

(सहायक निदेशक)

श्री जय सिंह रावत

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

श्रीमती चक्प्रम बिनोदिनी देवी

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

सुश्री मर्सी ललरोहलू हमार

(सहायक वैज्ञानिक अधिकारी)

# विषय - सूची

पृष्ठ संख्या


| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना | v |
| 2. | वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य | vii |
| 3. | परिभाषा कोश के निर्माण से सम्बद्ध विशेषज्ञ एवं विभागीय अधिकारी | viii |
| 4. | संपादकीय | xi |
| 5. | संपादन एवं समन्वय | xiii |
| 6. | परिभाषाएँ | 1-193 |

# प्रस्तावना

ज्ञान–विज्ञान के विभिन्न विषयों में हिंदी पर्यायों का निर्धारण कर चुकने के बाद यह आवश्यक समझा गया कि आधारभूत तकनीकी शब्दों की संकल्पनाओं को सुस्पष्ट और स्थिर करने की दृष्टि से परिभाषा कोशों का निर्माण किया जाए । वस्तुतः शब्दावली को सुस्थिर आधार परिभाषाएँ ही प्रदान करती हैं । एक सीमा तक परिभाषाएँ तकनीकी शब्दों के प्रयोग की क्षमताओं को भी उजागर करती हैं । आयोग अब तक विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों के 48 परिभाषा कोश प्रकाशित कर चुका है ।

आयोग तथा उनके द्वारा अनुपालन किए जा रहे उद्देश्यों के प्रसंग पर कुछ प्रकाश डालना उचित होगा । भारत के राष्ट्रपति के आदेश द्वारा सन् 1961 में आयोग की स्थापना की गई थी जिसकी वैधानिक अपेक्षा थी कि विज्ञान और मानविकी की आधारभूत तथा अनुप्रयुक्त विभिन्न प्रशाखाओं में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में शब्दावली निर्माण तथा उससे संबद्ध सिद्धांतों के निर्धारण और समन्वय में उत्तरदायित्वपूर्ण केंद्रीय भूमिका का निर्वाह करे ।

तकनीकी शब्दों के निर्माण तथा मानकीकरण के लिए आयोग द्वारा निर्धारित सिद्धांत निम्नलिखित मानदंडों पर संकेंद्रित हैं :–

अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को यथासंभव अंग्रेजी या अन्य विदेशी भाषा में उपयोग में आने वाले प्रचलित उच्चारण के अनुसार ग्रहण कर लेना चाहिए तथा गणित और विज्ञान की शाखाओं में संख्यांक, प्रतीक चिह्न और सूत्र इत्यादि में प्रयुक्त अक्षर रोमन या ग्रीक वर्णमाला के होने चाहिए । संक्षिप्त मानक रूप नागरी लिपि में लिखे जा सकते हैं । तथापि ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय लिप्याक्षरों का प्रयोग किया जा सकता है । संकल्पनाओं को व्यक्त करने वाले शब्दों का अनुवाद हो सकता है । यथासंभव हिंदी के अथवा अन्य भारतीय भाषाओं के पर्यायों के चयन को स्वीकार कर लेना चाहिए तथा संस्कृत धातुओं को वरीयता देनी चाहिए । प्रचलित शब्द विदेशी भाषाओं के ही क्यों न हों, उन्हें ग्रहण कर लेना चाहिए । हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं द्वारा गृहीत अंतर्राष्ट्रीय शब्दों का व्याकरण की दृष्टि से पुल्लिंग में प्रयोग होना चाहिए । अनादर सूचक अथवा अश्लील शब्दों और जटिल अनुवाद को सर्वथा ग्रहण न किया जाए ।

जीवविज्ञान की विभिन्न एवं मुख्य शाखाओं में सूक्ष्मजैविकी का विशेष महत्व है, क्योंकि सूक्ष्मजीवों में से जहाँ कुछ मनुष्य के लिए लाभदायक हैं वहीं ज्यादातर हानिकारक भी होते हैं । वर्तमान समय में मनुष्य के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए रोगजनक सूक्ष्मजीवों का अध्ययन काफी महत्वपूर्ण एवं आवश्यक हो गया है । इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयोग ने सूक्ष्मजैविकी विषय पर एक परिभाषा कोश के निर्माण का बीड़ा उठाया । यह परिभाषा कोश इसी प्रयास का फल है ।

प्रस्तुत परिभाषा कोश को तैयार करने में आयोग ने देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों तथा भाषा- शास्त्रियों का सहयोग प्राप्त किया, जिसके लिए हम उनके हृदय से आभारी हैं । हमें पूर्ण आशा है कि यह परिभाषा कोश सूक्ष्मजैविकी के स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं इस विषय में रुचि रखने वाले लेखकों की आवश्यकताओं की भली-भांति पूर्ति करेगा ।

(डॉ. हरीश कुमार)
अध्यक्ष
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

# आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य

**अध्यक्ष**

प्रो॰ प्रेमस्वरूप सकलानी

**सदस्य**

1. डा॰ अनूप चोपड़ा
प्रोफसर, ई.एन.टी.
लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल,
नई दिल्ली

2. प्रो॰ कीर्ति सिंह
सदस्य
कृषि वैज्ञानिक चयन बोर्ड, पूसा,
नई दिल्ली

3. प्रो॰ वी॰डी॰ नौटियाल
सिविल इंजीनियरी विभाग,
बनारस हिंदू विश्वविद्यालय,
वाराणसी

4. श्री डी॰बी॰ डिमरी
महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण,
कलकत्ता

5. प्रो॰ प्रेम सिंह
भाषा विज्ञान विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली

6. प्रो॰ लक्ष्मण सिंह कोठारी
पूर्व अध्यक्ष, भौतिकी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली

# सूक्ष्मजैविकी परिभाषा कोश के निर्माण से संबद्ध विशेषज्ञ एवं आयोग के अधिकारी

## विशेषज्ञ

1. प्रो० ए०के० वर्मा, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज, जे.एन.यू., नई दिल्ली ।
2. प्रो० डी०के० माहेश्वरी, डीन, विज्ञान संकाय, गु.कां.वि.वि. हरिद्वार ।
3. डा० ए०सी० गौड़, भूतपूर्व अध्यक्ष (सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग), भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली ।
4. डा० प्रेम किशोर, प्रधान अन्वेषक, भा.कृ.अनु. संस्थान, पूसा, नई दिल्ली ।
5. डा० के०के० आर० भारद्वाज, हि.प्र. कृषि वि.वि. पालमपुर, (हिमाचल प्रदेश) ।
6. डा० पुरुषोत्तम कौशिक, अध्यक्ष (वनस्पतिविज्ञान विभाग), गु.कां.वि.वि, हरिद्वार ।
7. डा० ए०के० चोपड़ा, विभागाध्यक्ष (प्राणिविज्ञान), गु.कां.वि.वि., हरिद्वार ।
8. डा० गंगा प्रसाद गुप्त, गु.कां.वि.वि., हरिद्वार ।
9. प्रो० एस०एस० शर्मा, संकायाध्यक्ष, गुजरात आयुर्वेद वि.वि., जामनगर, (गुजरात) ।
10. डा० टी०सी० जैन, पूर्व विभागाध्यक्ष, गुजरात आयुर्वेद वि.वि., जामनगर, (गुजरात) ।
11. डा० एम०एस० बघेल, प्रवक्ता, गुजरात आयुर्वेद वि.वि., जामनगर, (गुजरात)।
12. डा० आर०बी० त्रिवेदी, प्रवक्ता, गुजरात आयुर्वेद वि.वि., जामनगर, (गुजरात) ।

13. डा॰ एच॰एम॰ चंदोला, प्रवक्ता, गुजरात आयुर्वेद वि.वि., जामनगर, (गुजरात) ।
14. डा॰ देशराज, हि.प्र.कृ.वि.वि., पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) ।
15. डा॰ मुकुल चंद पांडेय, लखनऊ ।
16. डा॰ सीमा भदौरिया, आगरा वि.वि., आगरा ।
17. श्री दयानन्द पंत, पूर्व उपनिदेशक, वै.त.श.आ., नई दिल्ली ।
18. डा॰ हरिमोहन कृष्ण सक्सेना, पूर्व उपनिदेशक, वै.त.श.आ., नई दिल्ली ।
19. डा॰ रणवीर रांग्रा, पूर्व निदेशक, के.हि.नि., नई दिल्ली ।
20. श्री राजमणि तिवारी, पूर्व निदेशक, के.हि.नि., नई दिल्ली ।
21. श्री डी.डी. नौटियाल, पूर्व सचिव, वै.त.श.आ., नई दिल्ली ।
22. श्री पी॰एन॰ चंदोला, पूर्व स.शि.अ., वै.त.श.आ., नई दिल्ली ।
23. श्री नरेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व स.शि.अ., वै.त.श.आ., नई दिल्ली ।
24. डा॰ जे॰सी॰ सिन्हा, डीन (शिक्षा संकाय), डी.ई.आई., दयालबाग, आगरा ।
25. डा॰ दिनेश चंद्र शर्मा, पूर्व अनु. अधिकारी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ।
26. डा॰ रमेश चंद्र गर्ग, पूर्व स.नि., के.हि.नि., नई दिल्ली ।
27. डा॰ लक्ष्मीनारायण दुबे, डा.ह.गौ.वि.वि. सागर (मध्यप्रदेश) ।
28. डा॰ विष्णुदत्त राकेश, हिंदी विभागाध्यक्ष, गु.का.वि.वि., हरिद्वार ।
29. प्रो॰ कृष्ण कुमार शर्मा, के.हि.संस्थान, आगरा ।
30. प्रो॰ किशोरी लाल शर्मा, के.हि.सं., आगरा ।
31. डा॰ सुशील कुमार फुल्ल, अध्यक्ष (हिंदी विभाग), हि.प्र. कृषि वि.वि. पालमपुर ।

32. डा॰ विशाल प्रसाद त्रिपाठी, दिल्ली ।

33. डा॰ आर॰के॰ डबास, एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰, नई दिल्ली ।

34. डा॰ महावीर अग्रवाल, गु.कां. वि.वि., हरिद्वार ।

35. डा॰ एस॰पी॰ शुक्ल, स.नि., विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली ।

36. श्री प्रियव्रत वर्मा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, पूसा, नई दिल्ली ।

37. डा॰ बृजलाल बिजल्वान, हि.प्र. कृषि वि.वि. पालमपुर ।

38. प्रो॰ एस॰टी॰ शेंडे, सूक्ष्मजीवविज्ञान संभाग, भा॰कृ॰अ॰सं॰ पूसा, नई दिल्ली ।

39. डॉ॰ एस॰पी॰ मागू, सूक्ष्मजीवविज्ञान संभाग, भा॰कृ॰अ॰सं॰ पूसा, नई दिल्ली ।

40. डॉ॰ आर॰एस॰ माथुर, सूक्ष्मजीवविज्ञान संभाग, भा॰कृ॰अ॰सं॰ पूसा, नई दिल्ली ।

41. डॉ॰ अनिल कुमार सक्सेना, सूक्ष्मजीवविज्ञान संभाग, भा॰कृ॰अ॰सं॰ पूसा, नई दिल्ली ।

42. डॉ॰ विनोद कुमार, सूक्ष्मजीवविज्ञान संभाग, भा॰कृ॰अ॰सं॰ पूसा, नई दिल्ली ।

## विभागीय अधिकारी

1. डा॰ बालकृष्ण सिन्हा, सहायक शिक्षा अधिकारी

2. डा॰ प्रेमनारायण शुक्ल, अनुसंधान सहायक

# सम्पादकीय

ऐसा समझा जाता है कि जीवों में सर्वप्रथम सूक्ष्मजीवों का ही इस पृथ्वी पर विकास हुआ । ये आज भी प्रचुरता से पाए जाते हैं । यदि हम एक ग्राम सामान्य मृदा लें तो इसमें लगभग 2–3 मिलियन जीवित सूक्ष्मजीव पाए जाते हैं । इन सूक्ष्मजीवों में से कुछ मनुष्य के लिए लाभदायक हैं तो कुछ हानिकारक । अपने लाभ के लिए मनुष्य सूक्ष्मजीवों का उपयोग कई सदियों से करता आ रहा है । सूक्ष्मजीवों की खोज और इनके बारे में ज्ञान बढ़ने से पहले से ही मनुष्य इनका उपयोग किसी न किसी रूप में करता आ रहा है जैसे दही जमाने व शराब बनाने में ।

सत्रहवीं शताब्दी के प्रारंभ में एक डच वैज्ञानकि एनटॉन वॉन लीवरहाक (1632–1723) ने सूक्ष्मजीवों को सबसे पहले सूक्ष्मदर्शी से देखा और उनका वर्णन किया । लीवरहाक की इस खोज से दूसरे वैज्ञानिकों में भी सूक्ष्मजीवों के प्रति रुचि जागृत हुई और सूक्ष्मजीवों का क्रमबद्ध अध्ययन प्रारंभ हुआ । रोगजनक सूक्ष्मजीवों ने वैज्ञानिकों का ध्यान सबसे पहले आकर्षित किया और लाभदायक सूक्ष्मजीवों का अध्ययन बाद में प्रारंभ हुआ । आज सूक्ष्मजैविकी का महत्व कितना अधिक है इसका पता इस बात से लगाया जा सकता है कि अनेकों विश्वविद्यालयों में इसकी पढ़ाई स्नातकोत्तर स्तर पर एक विषय के रूप में हो रही है । अब तो इस विषय की कई शाखाएं भी हो गई हैं, जैसे –

चिकित्सा सूक्ष्मजैविकी (Medical Microbiology)

कृषि सूक्ष्मजैविकी (Agricultural Microbiology)

पर्यावरण सूक्ष्मजैविकी (Environmental Microbiology)

खाद्य सूक्ष्मजैविकी (Food Microbiology)

औद्योगिक सूक्ष्मजैविकी (Industrial Microbiology), आदि ।

इस विषय के महत्व को ध्यान में रखते हुए ही आयोग ने सूक्ष्मजैविकी परिभाषा कोश के निर्माण का कार्य आरंभ करने का निर्णय लिया । प्रस्तुत संस्करण सूक्ष्मजैविकी (सूक्ष्मजीवविज्ञान) परिभाषा कोश का प्रथम संस्करण है । इस संस्करण में 1433 तकनीकी शब्दों की परिभाषाएं दी गई हैं ।

किसी भी विषय के परिभाषा कोश में उस विषय के समस्त शब्दों का लिया जाना संभव नहीं हो पाता । इस संस्करण में यह प्रयास किया गया है कि सूक्ष्मजीवों के अध्ययन से संबंधित मूल शब्दों की परिभाषाएं यथासंभव दी जाएँ । संभव है कि कुछ महत्वपूर्ण शब्दों की परिभाषाएं इस संस्करण में न दी गई हों । पाठकों के सुझाव के अनुसार भविष्य में ऐसे शब्दों की परिभाषाएं भी इसके अगले संस्करण में सम्मिलित की जा सकती हैं ।

मैं उन सभी विशेषज्ञों का कृतज्ञ हूँ जिनके श्रमसाध्य योगदान से यह परिभाषा कोश तैयार हुआ है । आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमस्वरूप सकलानी का विशेष आभारी हूँ जिन्होंने मुझे यह दायित्व सौंपकर मेरे शैक्षिक अनुभव में श्रीवृद्धि की है । समय-समय पर परामर्श तथा अन्य सभी प्रकार के सहयोग के लिए प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी डा॰ हरीश कुमार भी धन्यवाद के पात्र हैं । मेरे सहयोगी डा॰ प्रेमनारायण शुक्ल भी प्रशंसा के पात्र हैं जिनका हर प्रकार का सहयोग मुझे सदैव मिलता रहा है । इस परिभाषा कोश के निर्माण में प्रोफेसर अजीत कुमार वर्मा और प्रोफेसर डी॰ के॰ माहेश्वरी का विशेष योगदान रहा है अतः मैं उन दोनों विद्वानों का विशेष आभारी हूँ ।

आशा है कि हिंदी माध्यम से अध्ययन-अध्यापन करने वाले छात्र, शिक्षक, लेखक, विद्वान् आदि इस परिभाषा कोश से लाभान्वित होंगे ।

**डा॰ बाल कृष्ण सिन्हा**

# संपादन एवं समन्वय

**प्रमुख संपादक**

प्रो॰ प्रेमस्वरूप सकलानी, अध्यक्ष

**परामर्श**

डा॰ हरीश कुमार, प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी

**संपादक**

डा॰ बालकृष्ण सिन्हा, सहायक शिक्षा अधिकारी

**सहायक संपादक**

डा॰ प्रेमनारायण शुक्ल, अनुसंधान सहायक

**विशेष सहयोग**

श्री गुलाब सिंह, सहायक शिक्षा अधिकारी

**कम्प्यूटरीकरण**

1. श्री वीर सिंह आर्य
   सहायक निदेशक

2. श्री दीपक कुमार
   अनुसंधान सहायक

**प्रकाशन एकक**

1. श्री धीरेन्द्र राय
   सहायक शिक्षा अधिकारी

2. श्री भगत सिंह नेगी
   अनुसंधान सहायक

3. श्री आलोक वाही
   कलाकार

○ ○ ○ ○ ○

# परिभाषाएँ

**a-amanitin** — **ए–एमानिटिन**

द्विचक्रीय ओक्टापेप्टाइड, जो विषाक्त छत्रक (एमानिटा फेलोआइड्स) से निकाला जाता है । यह यूकेरिओटिक आर.एन.ए. पॉलिमरेसों, विशेषकर आर.एन.ए. पालिमरेस–1 के अनुलेखन (ट्रान्सक्रिप्शन) को रोकता है ।

**abaxial** — **अपाक्ष**

मुख्य अक्ष से दूर की स्थिति ।

**abiogenesis** — **अजीवात्जनन**

निर्जीव पदार्थ से जीवन की उत्पत्ति ।

**abiotic** — **अजीवीय, अजैव**

जीवधारियों की अनुपस्थिति से संबंधित ।

**abscess** — **विद्रधि**

ऊतकों में पीप का स्थानिक रूप से इकट्ठा हो जाना । ऊतक विघटन के कारण ऐसा होता है ।

**acervulus** — **एसरवलस**

सीलियोमाइसिटीज वर्ग के मेलेनकोनिएलस गण के कवकों में अलैंगिक फलन काय (fruiting Body) ।

**acetics** — **ऐसीटिकजन**

एसिटिक अम्ल बनाने वाले जीवाणु(बैक्टीरिया) ।

**acetification** — **ऐसीटीकरण**

एथिल ऐल्कोहॉल का एसीटिक अम्ल में ऑक्सीकरण ।

**acid curd** — **अम्लाक्त दही**

अम्ल द्वारा स्कंदित प्रोटीन ।



2—10/CSTT/ND/97

**acid curding** — **दधि अम्लाक्तन**

पी एच 4.7 या इससे कम अम्लता से दूध में केसीन का स्कंदन ।

**acid dye** — **अम्ल रंजक**

वह रंजक जिसमें परमाणुओं का अम्लीय कार्बनिक समूह (ऋणायन) हो और जो धातु से मिलकर सक्रिय रूप से रंजन करता है । इस रंजक की कोशिकाद्रव्य से बंधुता है ।

**acid fast** — **अम्लस्थायी**

किसी स्टेन जैसे कार्बोल फुकीसन से अभिरंजित हो चुकने के पश्चात् खनिज अम्लों वाले ऐल्कोहॉल से विरंजित न होने वाला जीवाणु ।

**abrasive cone** — **अपघर्षी शंकु**

तापपुंजित ठोस शंकु के आकार का अपघर्षी जिसको धुरक पर घुमाकर अपघर्षण मशीनन किया जाता है ।

**acidiosis** — **अम्लरक्तता**

रुधिर में हाइड्रोजन आयन के सांद्रण में अत्यधिक वृद्धि और इसके फलस्वरूप होने वाली क्षतिपूरक प्रक्रियाएँ जिनसे रुधिर उभयरोधियों (बफर) में परिवर्तित हो जाता है ।

**acquired immunity** — **अर्जित प्रतिरक्षा**

किसी खास सूक्ष्म-जीवाणु के संक्रमण से सक्रिय या निष्क्रिय प्रतिरक्षा का उत्पन्न होना । जीवन काल में ही अर्जित यह प्रतिरक्षा सहज या प्राकृतिक प्रतिरक्षा से भिन्न है ।

**acronematic flagella** — **अग्रसूत्री कशाम, एक्रोनिमेटिक कशाभ**

चिकनी सतह तथा पतली नोक वाली कशाभिका जो सुकेंद्रकियों (यूकेरियोटों) में पायी जाती है ।

**acropetal** — **अग्राभिसारी**

बीजाणु संरचनाओं का ऐसा प्रकार जिसमें आधार से शिखर तक क्रमिक विकास की प्रक्रिया निहित है ।

**actinomycetes** — **ऐक्टिनोमाइसिटीज**

ऐसे सूक्ष्मजीव जिनके कवक तंतु 1.0 माइक्रोमीटर से भी सूक्ष्म होते हैं और आसानी से जीवाणु-कोशिका के समकक्ष रूप में खंडित हो जाते हैं । विभिन्न वैज्ञानिकों के मतानुसार इन्हें जीवाणु और कवक दोनों में वर्गीकृत किया गया है ।

**actinomycin D** — **एक्टिनोमाइसिन डी**

स्ट्रेप्टोमाइसीज की एक जाति द्वारा उत्पन्न प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) जो सुकेंद्रकी (यूकेरियोटिक) कोशिकाओं में अनुलेखन प्रक्रिया का निरोध करता है ।

**activated sludge process** — **सक्रियित आपंक प्रक्रम**

वह प्रक्रम जिसमें द्वितीयक उपचार के समय अपरिष्कृत वाहित मल में कार्बनिक पदार्थ के अपघटन की क्रिया को तेज करने के लिए जैविक रूप से सक्रिय वाहित मल का प्रयोग किया जाता है ।

**active immunity** — **सक्रिय प्रतिरक्षा**

किसी रोग के कारक या उसके उत्पादों के संपर्क में आने से संबंधित व्यष्टि में उत्पन्न प्रतिरोध ।

**active transport** — **सक्रिय गमन**

अर्धपारगम्य झिल्ली के आर-पार अणुओं का आना-जाना जिसमें ऊर्जा की आवश्यकता होती है और जो वाहक प्रोटीन के माध्यम से सम्पन्न होता है । इसमें अणु निम्न सांद्रता से उच्च सांद्रता की ओर जाते हैं ।

**adaptation** — **अनुकूलन**

(विकास की दृष्टि से) जीव का वह लक्षण जिससे जीव के अपने परिवेश में जीवित रह पाने के अवसर बढ़ जाते हैं । पर्यावरण की अवस्था विशेषों की अनुक्रिया स्वरूप जीव समष्टि के परिवर्तन जो जीव का अपने परिवेश से अधिक तालमेल संभव करा देते हैं ।

**adaptive engzyme** — **सहेतुक एन्जाइम, अनुकूली एंजाइम**

एंजाइम के क्रियाधार (substrate) या संबंधित पदार्थ की उपस्थिति के अनुक्रिया स्वरूप किसी जीव द्वारा उत्पन्न एंजाइम । इसे प्रेरित एंजाइम भी कहते हैं ।

**adaxial** — **अभ्यक्ष**

मुख्य अक्ष के समीप की स्थिति ।

**adenine** — **ऐडेनीन**

न्यूक्लिओसाइड, न्यूक्लिओटाइड और न्यूक्लिक अम्लों का एक प्यूरिन घटक ।

**adenosine** — **ऐडेनोसिन**

ऐडेनोसिन मोनोफास्फेट के जल-अपघटन से उत्पन्न मोनोन्यूक्लियोसाइड जिसमें ऐडेनीन और डी-राइबोस होता है ।

**adenosine triphosphate** — **ऐडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट**

ऐडेनीन और डी-राइबोस के एक-एक अणु तथा फॉसफोरिक अम्ल के तीन अणुओं वाला एक यौगिक जो उपापचय (metabolism) के ऊर्जा रूपांतरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

**adjuvant** **ऐड्जुवैन्ट**

ऐसे अविलेय पदार्थ जो प्रतिजनों (एंटीजनों) को ऊतकों में अधिक समय तक बने रहने में सहायता देते हैं और इस प्रकार प्रतिरक्षियों के उत्पादन को और अधिक उद्दीप्त करते हैं ।

**aerobic** **वायुजीवी**

वे जीव जो अपने जीवन के लिए ऑक्सीजन पर निर्भर होते हैं ।

**aerobic respiration** **वायुश्वसन, ऑक्सीश्वसन**

कार्बनिक यौगिकों में मौजूद रासायनिक ऊर्जा का ए.टी.पी. में रूपांतरण । इस प्रक्रिया में ग्लाइकोलिसिस उपमार्ग, टी.सी.ए. वक्र और इलेक्ट्रॉन अभिगमन शृंखला का तथा अंतिम इलेक्ट्रॉन ग्राही के रूप में मुक्त ऑक्सीजन का उपयोग होता है ।

**aerosol** **ऐरोसोल**

हवा में अति सूक्ष्म कण ।

**aflatoxin** **एफ्लाटॉक्सिन, एफलाविष**

*ऐस्परजिलस फ्लेवस* कवक के कुछ प्रभेदों (strains) द्वारा उत्पन्न आविष ।

**agar** **ऐगार**

समुद्रीशैवाल का पॉलीसेकेराइड व्युत्पन्न; जैव माध्यमों को ठोस बनाने के लिए प्रयुक्त होने वाला अभिकर्ता (एजेंट) ।

**agent of inoculation** **संरोपण का कारक**

वे स्रोत जो संरोप्य को संक्रमण क्षेत्र तक पहुँचाते हैं जैसे : बौछारी बरसात, आंधी, कीट, मानव, बहता जल इत्यादि ।

**agglutination** **समूहन, आश्लेषण**

कणिकीय प्रतिजन जीवाणु और प्रतिरक्षी प्रक्रिया से कोशिकाओं के गुच्छे बन जाना ।

**agglutinin** **एग्लुटिनिन, समूहनिन**

वह प्रतिरक्षी जिसमें जीवाणुओं अथवा अन्य कोशिकाओं के गुच्छन या समूहन करने की क्षमता होती है ।

**aggressin** **एग्रेसिन**

प्रतिसूक्ष्मजैविक पदार्थ या घटक जो परपोषी की सुरक्षा व्यवस्था का विरोध करता है ।

**AIDS** (Acquired Immuno Deficiency Syndrome) **एड्स (अर्जित प्रतिरक्षी–न्यूनता संलक्षण)**

ऐसा विश्वव्यापी प्रतिरक्षा – विरोधी विषाणु रोग जिसमें हानिकारक सूक्ष्मजीवों के घातक संक्रमण तथा कुछ प्रकार के कैन्सर के प्रति रोगी की प्रतिरोध क्षमता समाप्त हो जाती है ।

**akinete** **निश्चेष्ट बीजाणु**

एककोशिकीय मोटी भित्ति वाला अचल, जननक्षम सुप्त बीजाणु ।

**ale** **यवसुरा**

उत्तम किस्म की यीस्ट से बनी मदिरा ।

**algae** **शैवाल, काई**

जलीय व नम आवासीय पौधे; इन एककोशिक या बहुकोशिकीय पौधों में तंतुल थैलस होते हैं जिनमें क्लोरोफिल या पर्णहरित पाया जाना एक विशेष लक्षण है । फिर भी, शैवाल हरे नहीं होते क्योंकि पर्णहरित से सहसंबंधित दूसरे वर्णक पर्णहरित के रंग को दबा देते हैं ।

**algal granule** — **शैवाल कणिका**

नीले-हरे शैवाल की कोशिकाओं में पाया जाने वाला ग्लाइकोजन का अतिसूक्ष्म कण ।

**algicide** — **शैवालनाशी**

शैवालों को नष्ट करने वाला एक आविषालु पदार्थ ।

**algin** — **एल्जिन**

दे० एल्जिनेट

**alginate** — **ऐल्जिनेट**

एल्जिनिक अम्ल का लवण । वह रेखीय बहुलक जिसमें (1-4)-B - सहलग्न D - मैनुरोनिक अम्लअवशिष्ट और (1-4) - $\alpha$ सहलग्न L - गूलूरोनिक अम्ल अवशिष्ट होते हैं । एल्जिनेट फियोफाइसी शैवालों की कोशिका भित्तियों और अंतर कोशिकीय श्लेष्मक में पाये जाते हैं ।

**algology** — **शैवाल विज्ञान**

जीवविज्ञान की वह शाखा जिसके अंतर्गत शैवालों का अध्ययन किया जाता है ।

**alleles** — **युग्म विकल्पी, विकल्पी**

किसी गुण को अभिव्यक्त करने वाले दो जीनों में से किसी एक जीन के न होने पर उस जीन का वैकल्पिक रूप ।

**allergen** — **प्रत्यूर्जक, एलर्जन**

ऐसा हेप्टने-वाहक सम्मिश्र जिससे एलर्जी उत्पन्न होती है ।

**allergy** **प्रत्यूर्जता, एलर्जी**

एक प्रकार की प्रतिजन–प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया जिसमें संवेदनशील व्यष्टियों में किसी पदार्थ के प्रति तीव्र शरीर क्रियात्मक अनुक्रिया होती है ।

**allografts** **पररोपण**

एक ही जाति (स्पीशीज) के दो ऐसे जीवों के बीच ऊतक प्रतिरोपण जो आनुवंशिक दृष्टि से भिन्न हों ।

**allosteric control** **एलोस्टेरिक नियंत्रण**

प्रोटीन के एक स्थान पर होने वाली अन्योन्य क्रिया जो दूसरे स्थान पर होने वाली सक्रियता को प्रभावित करती है ।

**allosteric enzymes** **एलोस्टेरिक एंजाइम**

ऐसी एंजाइम जिसके विशिष्ट नियामक स्थल वास्तविक तथा प्रकार्यात्मक दृष्टि से उत्प्रेरक स्थल से भिन्न होते हैं ।

**allosteric site** **एलोस्टेरिक स्थल**

दे॰ allosteric enzymes (एलोस्टेरिक एंजाइम)

**alopecia** **खल्वाटता**

बालों का झड़ जाना जो कवक संक्रमण से भी हो सकता है ।

**alveolus** **कूपिका, ऐल्वियोलस**

फेफड़ों के वायुकोष ।

**amber codon** **एम्बर कोडॉन, एम्बर प्रकूट**

तीन नोनसेन्स कोडॉनों में से एक जो प्रोटीन संश्लेषण को रोक देता है ।

**amber mutation** — **एम्बर उत्परिवर्तन**

डी एन ए में किसी परिवर्तन के फलस्वरूप एम्बर कोडॉन का उसी स्थान पर बनना, जहाँ पहले सामान्य कोडॉन उपस्थित था, एम्बर उत्परिवर्तन कहलाता है ।

**aminoglycoside antibiotic** — **एमीनो ग्लाइकोसाइड प्रतिजैविक**

प्रतिजैविक पदार्थों का वह वर्ग जिसमें प्रोटीन संश्लेषण का सामान्य अनुक्रम बिगड़ जाता है ।

**ammonification** — **अमोनीकरण**

सूक्ष्मजीवों द्वारा कार्बनिक नाइट्रोजन यौगिकों के अपघटन से अमोनिया का निकलना ।

**amoeboid** — **अमीबाभ**

एमीबा जैसा जीव जो कूटपादाभ (pseudopodia) द्वारा गति करता है ।

**amphitrichous flagella** — **उभकशाभी**

किसी कोशिका के दोनों ध्रुवों पर पाए जाने वाले एक-एक कशाभ ।

**amphitrichous flagellation** — **उभकशाभी कशाभीयन**

कोशिका के प्रत्येक सिरे पर अकेले कशाभ वाला ध्रुवीय प्रकार का कशाभीयन ।

**amplification** — **प्रवर्धन**

गुणसूत्रीय अनुक्रम की अतिरिक्त प्रतिलिपियों का उत्पादन ।

**amylase** — **ऐमिलेस**

मंड (स्टार्च) का जल अपघटन करने वाला एंजाइम ।

**amylolytic** — **ऐमिल अपघटनीय**

कोशिका के बाहर एमिलेस एंजाइम की मदद से मंड का जल अपघटन करने वाला ।

**anabolism** — **उपचय**

वह रचनात्मक संश्लेषण प्रक्रम जिसमें जीवित कोशिकायें सरलतर पदार्थों को अधिक जटिल यौगिकों में रूपांतरित कर देती हैं । इस संश्लेषण प्रक्रम में ऊर्जा की आवश्यकता होती है ।

**anaerobe** — **अवायुजीव, अनॉक्सीजीव**

ऊर्जा प्राप्ति के लिये ऑक्सीजन का उपयोग न करने वाला जीव ।

**anaerobic** — **अवायु, अनॉक्सीय**

ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में भी पनपने वाला जीव ।

**anaerobic respiration** — **अनॉक्सीय श्वसन, अवायु श्वसन**

ऊर्जा उत्पन्न करने वाली ऐसी प्रक्रिया जिसमें प्रयुक्त इलेक्ट्रॉन अभिगमन तंत्र में ऑक्सीजन के स्थान पर कोई दूसरा अकार्बनिक यौगिक (नाइट्रेट, नाइट्राइट, सल्फेट तथा अन्य) जो अंतिम इलेक्ट्रॉन ग्राही का काम करता है ।

**analogs** — **तुल्यरूप, अनुरूप**

ऐसे यौगिक जो रासायनिक संरचना में तो समान होते हैं किंतु जैव-रसायन प्रकार्यों की दृष्टि से भिन्न होते हैं ।

**anamnestic response** — **स्मृति अनुक्रिया**

दूसरी बार या बार-बार किसी प्रतिजन का प्रभाव पड़ने के कारण प्रतिरक्षियों (एन्टीबॉडी) का जल्दी-जल्दी बनना । इसे द्वितीयक (या स्मृति) अनुक्रिया भी कहते हैं ।

**anaphylatoxin** — **ऐनाफाइलेटॉक्सिन**

एक पूरक–व्युत्पन्न पेप्टाइड जो मास्ट कोशिका से हिस्टैमिन को मोचित करता है ।

**anaphylaxis** — **तीव्रग्राहिता, ऐनाफाइलेक्सिस**

प्रतिजन के आन्त्रेतर (parenteral) टीके से प्राणी में उत्पन्न अतिसंवेदनशीलता ।

**anaplasia** — **एनाप्लेसिया**

कोशिका या कोशिकाओं में संरचनात्मक अपसामान्यता ।

**anastomosis** — **शाखामिलन**

शाखाओं का सम्मिलन जैसे कि पत्ती की शिराओं या रुधिर वाहिकाओं आदि का ।

**androsporangium** — **पुंबीजाणुधानी**

वह बीजाणुधानी जो पुंधानी की तरह होती है और पुंबीजाणु उत्पन्न करती है । यह इडोगोनियम की पुंवामनीय जाति में पायी जाती है ।

**androspore** — **पुंबीजाणु**

वह अलैंगिक चल बीजाणु जो अंकुरित होकर ईडोगोनियम में पुंवामन तंतु उत्पन्न करता है ।

**anisogamy** — **1. असमयुग्मन, 2. असमयुग्मकता**

दो असमान युग्मकों के बीच (होने वाला) लैंगिक संयोग ।

**angstrom(A)** — **ऐंग्स्ट्रम (ए)**

सूक्ष्मजीवियों को मापने की ईकाई $10^{-1}$ नैनोमीटर या $10^{-10}$ मीटर के बराबर ।

**a.ıgstrom unit (A°)** **ऐंग्सट्रम मात्रक (A°)**

प्रकाश, पराबैगनी विकिरण और X किरणों की तरंग दैर्ध्य मापने की इकाई इसे $10^{-10}$m ($=10^{-1}$nm) से दर्शाया जाता है ।

**annealing** **अनीलन, तापानुशीतन**

दो एक-सूत्री पूरक न्यूक्लिक अम्ल अणुओं का हाइड्रोजन आबंध द्वारा जुड़ जाना । अथवा डी.एन.ए. के पूरक एकल रज्जुकों का युग्मन जिससे द्विकुंडलिनी बनती है ।

**antagonism** **विरोध, विरोधिता**

एक जीव द्वारा दूसरे जीव के पर्यावरण को प्रतिकूलतः प्रभावित करने की दशा । इसमें एक जीव दूसरे को मारता या क्षति पहुँचाता है अथवा उसकी वृद्धि का संदमन करता है ।

**antagonistic symbiosis** **विरोधी सहजीविता**

परजीविता; किसी सह-संबंध के अंतर्गत एक जीव का दूसरे जीव से लाभान्वित होना ।

**antheridium** **पुंधानी**

नर-युग्मकधानी । वह लैंगिक अंग जिसमें नर युग्मक उत्पन्न होते हैं ।

**antherozoid** **पुमणु**

कशाभी तथा गतिशील नर युग्मक ।

**anthramycin** **एन्थ्रामाइसिन**

एक अर्बुद – रोधी प्रतिजैविक पदार्थ ।

**antibiosis** **प्रतिजीविता**

किसी जीव द्वारा अन्य जीवों पर संदमन-प्रभाव ।

**antibiotic** — **प्रतिजैविक**

ऐसे रासायनिक यौगिक जो जीवित कोशिका की उपापचयी क्रियाओं के फलस्वरूप बनते हैं और जो कम सांद्रता में भी सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को रोकते या संदमित करते हैं ।

**antibody** — **प्रतिरक्षी**

प्रतिजन की गतिविधियों की अनुक्रिया स्वरूप अणुओं में उत्पन्न वह प्रोटीन प्रतिरक्षा ग्लोबुलिन जो प्रतिरक्षा अनुक्रिया शुरू करती है और प्रतिजन से रसायनतः मिलकर उसे अहानिकारक कर देती है । यह प्रोटीन विशेष विजातीय प्रतिजन को पहचानने वाली $\beta$ लसीका – कोशिकाओं द्वारा उत्पन्न होती है ।

**anticoding strand** — **प्रतिकोडॉन रज्जुक**

रूपदा (टेम्पलेट) के रूप में प्रयुक्त डी एन ए रज्जुक (लड़) जो आर एन एन के संश्लेषण को निर्देशित करता है ।

**anticodon** — **प्रतिकोडॉन**

टी आर एन ए में तीन न्यूक्लिओटाइड क्षारकों (base) का अनुक्रम; यह mRNA पर क्षारकों (कोडॉन) के अनुक्रम का पूरक है ।

**antigen** — **प्रतिजन**

एक विजातीय पदार्थ । सामान्यतया एक बड़ी प्रोटीन या बहुशर्कराइड जो ऐसे प्रतिरक्षी संश्लेषित करने के लिए कोशिका को उद्दीप्त करे जोकि उस प्रतिजन से विशिष्ट रूप से अनुक्रिया कर सके ।

**antigenic determinant** — **प्रतिजनीनिर्धारक**

प्रतिजन अणु का वह अंश जो कुछ प्रतिरक्षी अणुओं में रासायनिक समूह वाले संरचनात्मक पूरक के रूप में, प्रतिजन–प्रतिरक्षी अभिक्रिया की विशिष्टता का निर्धारण करता है ।

**antigenic drift** **प्रतिजनी विचलन**

एक या अधिक सतही विषाणु प्रोटीनों की प्रतिजनी प्रकृति में धीमा अनुक्रमिक परिवर्तन ।

**antigen shift** **प्रतिजन उत्क्रमण**

सीरमतः सुस्पष्ट विषाणु बनाने के लिए दो या अधिक विषाण्वीय सतह-प्रोटीनों की प्रतिजन प्रकृति में प्रमुख परिवर्तन ।

**antimicrobial agent** **प्रतिसूक्ष्मजीवी कर्मक**

सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को नष्ट या संदमित करने वाला कोई भी रसायन या जैविक कर्मक ।

**antiparallel (DNA Strand)** **प्रतिसमांतर (डी॰एन॰ए॰ रज्जुक)**

विपरीत विन्यास में व्यवस्थित द्विक कुंडलिनी के रज्जुक । एक रज्जुक का 5' सिरा दूसरे के 3' रज्जुक सिरे के साथ संरेखित होता है ।

**antiseptic** **प्रतिरोधी**

त्वचा, श्लेष्माकला या दूसरे जीवित ऊतकों पर सूक्ष्मजीवों को मारने या उनकी वृद्धि के संदमन के लिए काम में लाए जाने वाले रसायन । रोगाणुनाशी ।

**antiserum** **प्रतिसीरम**

वह रक्त सीरम जिसमें प्रतिरक्षी होते हैं ।

**antitermination protein** **एन्टीटर्मिनेशन प्रोटीन, समापनरोधी प्रोटीन**

वे प्रोटीन जो आर.एन.ए. पोलीमरेस का अनुलेखन (ट्रान्सक्रिप्शन) विशेष टर्मीनल (सीमांतक) स्थलों द्वारा करती हैं ।

**antitoxin** **प्रतिआविष, एन्टीटॉक्सिन**

किसी विशिष्ट बाह्य आविष के संपर्क में आकर उसे निष्प्रभावी बना देने की क्षमता रखने वाला प्रतिरक्षी ।

**AP endonuclease** **ए.पी. एन्डोन्यूक्लिएज**

एन्जाइमें, जो अ-प्यूरिनीय और अ-पिरिमिडीनीय स्थलों के 5 के छोर पर डी.एन.ए. में कटाव बना देती हैं ।

**aperture** **द्वारक, छिद्र**

किसी प्रकाशिक अक्ष और अभिदृश्यक क्षेत्र की बाहरी किरणों से निर्मित कोण विस्तार ।

**apical growth** **अग्रवृद्धि, शीर्षवृद्धि**

शीर्ष, अग्रभाग अथवा ऊपरी सिरे पर होने वाली वृद्धि ।

**aplanogamete** **अचल युग्मक**

अगतिशील युग्मक जिसमें कशाभ नहीं होता ।

**aplanospore** **अचल बीजाणु**

वह अगतिशील बीजाणु जिसकी बीजाणु भित्ति उस (बीजाणु) को उत्पन्न करने वाली कोशिका की कायिक भित्ति से मिली हुई नहीं होती ।

**aplastic anemia** **अविकासी अरक्तता**

श्वेत और लाल रुधिर कोशिकाओं के सामान्य घटक का निर्माण कर सकने की अक्षमता ।

**apoenzyme** **एपोएन्जाइम**

किसी एन्जाइम का प्रोटीन अंश ।

**apoinducer** **एपोइन्ड्यूसर**

डी.एन.ए. को बांधने वाली प्रोटीन जो आर.एन.ए. पॉलीमरेज द्वारा होने वाले अनुलेखन (ट्रांसक्रिप्शन) का आरंभ करती है ।

**apophysis** **अध: स्फीतिका**

बीजाणुधानी (sporangium) के आधार का अग्रभाग ।

**apothecium** **एपोथीसियम**

कवक का लैंगिक फलन काय

**arachnida** **एरेक्निडा**

प्राणियों का वह वर्ग जिसमें चिंचडी (mites) और किलनी (Licks) शामिल हैं ।

**arbovirus** **संवाविषाणु (आर्बोवाइरस)**

रोगवाहक संधिपाद प्राणियों द्वारा फैलाये जाने वाले विषाणु ।

**arbuscule(=arbuscle)** **कूर्चक, अर्बस्कल**

पादपों की वलकुट कोशिका में अंतराकोशिकीय रूप से बना सूक्ष्मशाखित चूषकांग जैसा कवक तंतु जो कवक परपोषी पोषण विनियम का स्थान है ।

**archaebacteria** **आद्य जीवाणु, आर्की बैक्टीरिया**

जीवाणुओं का एक प्रमुख समूह जिसमें मेथेनोजन, लवणरागी (halophil) और ताप अम्लरागी (thermoacidophil) शामिल हैं । वह विकास की प्रारंभिक अवस्था में ही अन्य जीवाणुओं से पृथक् हुआ जीवाणु समूह है ।

**arthropod** — **संधिपाद**

आर्थोपोडा संघ का जोड़ युक्त टाँगों वाला प्राणी; जैसे कीट, मकड़ी, झींगा आदि ।

**archegonium** — **स्त्रीधानी**

बहुकोशिकी स्त्री युग्मकधानी जिसमें ग्रीवा तथा अंडधानी होते हैं ।

**areola** — **गर्तिका**

गुहिका के समान नीचे धंसी संरचनाएं जो छिद्रित झिल्ली से ढ़की रहती हैं । यह डायएटमों में पायी जाती है ।

**arthrospore** — **संधि बीजाणु**

अलैंगिक कवकीय बीजाणु जो अनुप्रस्थ भित्ति (पट) से अलग किए गए कवकतंतु के भीतर ही उत्पन्न होते हैं ।

**artificial active immunity** — **कृत्रिम सक्रिय प्रतिरक्षा**

वैक्सीन या निष्कृत आविष (टॉक्सिन) देने के बाद रोग के प्रति उत्पन्न होने वाली प्रतिरक्षा ।

**artificial transformation** — **कृत्रिम रूपांतरण**

रूपांतरण की प्राकृतिक प्रक्रिया विहीन कोशिका द्वारा नग्न डी.एन.ए. प्रतिकृत्येकक (रेप्लिकॉन) का अंतर्ग्रहण ।

**ascetic fluid** — **जलोदर तरल**

पर्युदर्या (peritoneum) गुहिका में असामान्य रूप से एकत्रित होने वाला सीरमी तरल ।

**ascomycetes** — **ऐस्कोमाइसिटीज**

सामान्यत: ऐस्कस से पहचाना जाने वाला कवकों का एक वर्ग । यीस्ट कवक में ऐस्कस नहीं बनता ।



3—10/CSTT/ND/97

**ascospore** — **ऐस्कस बीजाणु**

वर्ग ऐस्कोगाइसिटीज में लैंगिक जनन द्वारा उत्पन्न होने वाले ऐस्कसबीजाणु ।

**ascus** — **ऐस्कस**

ऐस्कस – बीजाणु पैदा करने वाली थैली जैसी संरचना जो ऐस्कोमाइसिटीज की विशेषता है ।

**asepsis** — **अपूति**

ऐसी अवस्था जिसमें कोई संक्रमणकारी या दूषणकारी सूक्ष्मजीव न हों ।

**aseptic** — **अपूतित**

संदूषणकारी जीवों या संक्रामक कारकों की अनुपस्थिति ।

**aseptic meningitis** — **अपूतित मस्तिष्कावरणशोध**

अकोशिकीय संक्रमण–कारक द्वारा होने वाला मस्तिष्कावरण शोध ।

**asexual** — **अलैंगिक**

लैंगिक रचना का अभाव, सामान्यत: लैंगिक संलयन के बिना होने वाले जनन से संबंधित ।

**asexual reproduction** — **अलैंगिक जनन**

दो केंद्रकों के मिले बिना संततियों का उत्पन्न होना ।

**assay** — **आमापन**

किसी पदार्थ के घटकों का गुणात्मक और मात्रात्मक निर्धारण जैसे औषध, हॉरमोन आदि का ।

**assimilation** — **स्वांगीकरण**

पोषक पदार्थों का आत्मसात होकर जीवद्रव्य में बदल जाना ।

**aster** — **तारक**

तारक केंद्रों से सभी दिशाओं में अपसारित होने वाले तंतुओं का व्यूह जो तर्कु तंतुओं में विलीन होता दिखाई देता है ।

**asthama** — **दमा**

सांस के साथ लिए गए प्रत्यूर्जताजनकों के प्रति अति-संवेदनशीलता से होने वाला रोग ।

**asymptomatic** — **अलक्षणी**

किसी प्रकार का लक्षण न दर्शाने वाला ।

**atopy** — **ऐटोपी**

परागज ज्वर (hay fever), दमा, छाजन (eczema) की अतिग्राहिता-अनुक्रियाएं ।

**attenuated microbe** — **क्षीणीकृत सूक्ष्मजीव**

ऐसा व्युत्पन्न रोगाणु जिसमें बहुत कम उग्रता हो ।

**attenuation** — **क्षीणन, क्षीणता**

अनुलेखन के समापन का नियमन जो जीवाण्विक ऑपेरॉन के प्रकटन को नियंत्रित करता है ।

**attenuator** — **क्षीणकारी**

वह सीमांत अनुक्रम जिस पर क्षीणन होता है ।

**autoclave** — **आटोक्लेव**

वह उपकरण जिसमें निज़र्मीकरण के लिए दाबित भाप का उपयोग किया जाता है ।

**autogenous control** **स्वगत नियंत्रण**

जीन उत्पाद की क्रिया जो अपनी जीन कोडिंग की अभिव्यक्ति का अवरोध (ऋणात्मक स्वगत नियंत्रण)या सक्रियण (घनात्मक स्वगत नियंत्रण) करे ।

**autogenous vaccine** **स्वगत वैक्सीन**

उपचारगत रोगी के शरीर से पृथक् करके संवर्धित किए गए जीवाणुओं से तैयार वैक्सीन ।

**autoimmune disease** **स्वप्रतिरक्षी रोग**

शरीर द्वारा स्वयं के ऊतकों के विरूद्ध प्रतिरक्षात्मक (immunological)प्रतिक्रिया जन्य रोग ।

**autolysis** **आत्मलयन, स्वलयन**

कोशिका का अपने ही एन्जाइमों की क्रिया से अपघटन ।

**autoradiography** **स्वविकिरणी चित्रण, ऑटोरेडियोग्राफी**

रेडियोऐक्टिव रूप से लेबल किए गए अणुओं का फोटोग्राफी फिल्म पर प्रतिबिम्ब बनना ।

**autospore** **जनकाभ बीजाणु**

अलैंगिक रूप से बना अचल बीजाणु जो आकार एवं संरचना में जनक कोशिका के अनुरूप होते हैं ।

**autotrophic** **स्वपोषित**

ऐसा जीव जो प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा अकार्बनिक पदार्थों से अपना भोजन स्वयं बना सकता है । इस तरह यह बाह्य स्रोत पर निर्भर न रहकर वृद्धि कर सकता है ।

**autotrophy** **स्वपोषण**

किसी जीव की पूरी तरह से अकार्बनिक माध्यम में पनप सकने की क्षमता । कार्बन स्रोत के रूप में कार्बन-डाइऑक्साइड का प्रयोग किया जाता है ।

**auxiliary cell** — **सहायक कोशिका**

मृदोढ़ संरचनायें जो परिवर्ती आमाप और आकार की तथा अकेले या गुच्छों या कुंडलित या सीधे कवक तंतुओं के रूप में उत्पन्न होती हैं तथा उनका प्रकार्य अनजाना है, इन्हें पहले बाह्य पुटिका या कायिक बीजाणु भी कहते थे ।

**auxotrophic mutant** — **वर्धपोषित उत्परिवर्ती**

वह जीव जिसे वृद्धि के लिए ऐसे विशिष्ट घटकों की आवश्यकता होती है जिनकी आवश्यकता जनकीय प्रभेद (strain) में वांछनीय नहीं होती ।

**axenic culture** — **असंदूषित संवर्ध**

संवर्ध जिसमें जीव की केवल एक ही जाति होती है । शुद्ध संवर्ध ।

**axial fibril** — **अक्षीय तंतुक**

स्पाइरोकीटों की बाहरी कला के ठीक नीचे स्थित कशाभिका जैसी संरचना ।

**axoneme** — **अक्षसूत्र**

सूक्ष्मनलिकाओं के समूह से बनी पक्ष्माभ और कशाभ की क्रोड संरचना । ये नलिकाएं 9 जोड़े और 2 विन्यास में होती है ।

**auxotrophs** — **असर्वसंश्लेषी**

वे उत्परिवर्ती जिन्हें अपने वृद्धि माध्यम में पोषण-संपूरकांगों की आवश्यकता होती है ।

**azygospore** — **अयुग्माणु**

युग्मकधानी से अलैंगिक रूप से विकसित युग्माणु जैसा बीजाणु ।

**bacillus** **बैसिलस, दंडाणु**

शलाका की आकृति का जीवाणु ।

**back mutation** **प्रतीप उत्परिवर्तन**

ऐसा उत्परिवर्तन जो उत्परिवर्ती को मूल अवस्था में ले आता है ।

**bacterial filter** **जीवाणु-निस्यंदक**

विशेष प्रकार का छन्ना (filter) जिससे जीवाणु कोशिकायें छन नहीं पाती ।

**bactericidal** **जीवाणुनाशी**

जीवाणुओं को नष्ट करने वाला ।

**bacteriemia** **जीवाणु रक्तता**

रुधिर में जीवाणुओं की उपस्थिति ।

**bacterin** **बैक्टेरिन**

कृत्रिम प्रतिरक्षीकरण (immunization) के लिये काम में लाये जाने वाले मृत अथवा अक्षम किए गए जीवाणुओं का निलम्बन ।

**bacteriochlorophyll** **जीवाणुपर्णहरित**

$C_{52}H_{70}O_6N_4Mg$

प्रकाश संश्लेषी बैक्टीरिया में a और b रूप में पाया जाने वाला एक टेट्राहाइड्रोपोर्फाइरीन पर्णहरित यौगिक ।

**bacteriocin** **बैक्टीरियोसिन**

जीवाणु पदार्थ जो निकट रूप से संबंधित जीवाणुओं को मार देते हैं या उनकी वृद्धि रोक देते हैं ।

**bacteriocinogenic factor** **बैक्टीरियोसाइनोजेनिक कारक**

बैक्टीरिओसिनों के निर्माण को निर्धारित करने वाले कुछ जीवाणुओं के प्लाज्मिड । ये बैक्टीरिओसिन प्रोटीन हैं जो जीवाणुओं को या उनके निकट संबंधित जातियों को मार देते हैं ।

**bacteriolysin** **बैक्टीरिओलायसिन, जीवाणुलायी**

जीवाणुओं का विघटन करने वाला पदार्थ ।

**bacteriolytic** **जीवाणुलयनी**

लयन (क्रिया) द्वारा जीवाणुओं को मार सकने में सक्षम ।

**bacteriophage** **जीवाणुभोजी**

ऐसा विषाणु जो जीवाणुओं को संक्रमित करता और अपनी संख्या में वृद्धि करता है ।

**bacteriostasis** **जीवाणु निरोध**

जीवाणुओ को बिना मारे ही उनकी वृद्धि और जनन का संदमन ।

**bacteriostatic** **जीवाणुस्तम्भक**

जीवाणु की वृद्धि का अवरोधक, परंतु अघातक ।

**bacterium** **जीवाणु**

छोटे गतिशील या गतिहीन सूक्ष्मजीव जो पर्णहरितधारी नहीं होते और जिनमें जनन सामान्य कोशिका-विभाजन की प्रक्रिया से होता है ।

**bacteriurea** **जीवाणुमेह**

मूत्र मार्ग का एक संक्रमण । इसका निदान प्रति मिली लीटर मूत्र में 100000 या अधिक जीवाणुओं की उपस्थिति से किया जाता है ।

**bacteroid** **जीवाणुसम, बैक्टीरासम**

शिम्बी पौधों की जड़ की गाठों के भीतर रूपान्तरित राइजोबियम कोशिकायें ।

**balanced growth** **संतुलित वृद्धि**

स्थिति जिसमें संवर्ध में कोशिका के सभी घटक एक नियम दर से बदल रहे हों ।

**barm** **किण्वावशेष, बार्म**

बीयर बनाने के बाद बचा खमीर जिसे शताब्दियों से किण्वित रोटी बनाने के काम में लाया जा रहा है ।

**barophil** **दाबरागी**

उच्च द्रवस्थैतिक-दाब (hydrostatic pressure) पर अधिक वृद्धि करने वाले जीव जैसे कि गंभीर महासागरीय जीवाणु ।

**base pair (bp)** **क्षारक युग्म (बीपी)**

एक डी.एन.ए. द्विकुंडली में 'सी' के साथ 'जी' की या 'ए' के साथ 'टी' की सहभागिता ।

**basic dye** **क्षारकीय रंजक**

वह रंजक जिसमें परमाणुओं (धनायन) के क्षारकीय कार्बनिक समूह होते हैं और जो प्राय: अकार्बनिक अम्ल से मिलकर सक्रिय रंजन अंश बनाते हैं । न्यूक्लीक अम्लों से इस रंजक की बंधुता है ।

**basidiomycetes** **बेसीडिओमाइसिटीज**

कवकों का वह वर्ग जिसमें बेसीडियम बीजाणु उत्पन्न होते हैं ।

**basidiospore** **बेसिडियम-बीजाणु**

बेसिडिओमाइसिटीज वर्ग में लैंगिक जनन से उत्पन्न कवक बीजाणु ।

**basidium** **बेसीडियम**

बेसीडियोमाइसिटीज की मुद्गराकार विशेष संरचना जिस पर बहिर्जात (exogenous) बेसीडियम-बीजाणु होते हैं ।

**basophils** **क्षारकरंजी, बेसोफिल**

परिसंचरण करती हुई श्वेत-रुधिर कोशिकाएं जिनमें अनियमित आकार के केंद्रक और अनेक बड़ी कोशिकाद्रव्यी कणिकाएं होती हैं । ये प्रत्यूर्जता (एलर्जी) संबंधी प्रतिक्रियाओं में भाग लेती है ।

**bayer's junction** **बेअर संधि**

ग्रैम-अग्राही जीवाणुओं में कोशिका भित्ति की बाह्यकला और जीवद्रव्यकला के बीच आसंजन का क्षेत्र ।

**BCG (bacillus of calmette & guerin)** **बीसीजी (बेसिलस ऑफ केलमेट और ग्वेरिन)**

यक्ष्मा का टीका बनाने में प्रयुक्त *माइकोबैक्टीरियम बोविस* का एक अनुग्र प्रभेद ।

**benthos** **नितलक**

महासागरों और झीलों की तली से लगकर रहने वाले जीव ।

**bergey's mannual** **बर्गीज पुस्तिका**

जीवाणुओं को वर्गीकृत करने और वर्णन करने वाला अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ ग्रंथ ।

**beta haemolysis** **बीटा रुधिरलयन**

रुधिरलयन का रंगहीन, स्वच्छ और सुस्पष्ट क्षेत्र जो रुधिर एगर पर उग रही कुछ जीवाण्वीय कालोनियों को घेरे रहता है ।

**bidirectional replication** **द्विदिशी प्रतिकृति**

एक उद्‌गम के दो प्रतिकृत दुशाख का विभिन्न दिशाओं में जाना ।

**bilharzia** **बिलहार्जिआ**

सिस्टोसोमता का एक नाम जो रुधिर पर्णाभ की खोज करने वाले जर्मन डाक्टर (थिओडोरिस एम. बिलहार्ज) के नाम पर रखा गया ।

**binary fission** **द्वि-विभाजन**

कोशिका का दो समान संतति कोशिकाओं में बंट जाना ।

**binomial system of nomenclature** **द्विपद-नामपद्धति**

जीव नामकरण की पद्धति जिसमें किसी जीव को वंश और जाति के दो अलग-अलग नाम दिये जाते हैं ।

**biochemical oxygen demand(BOD)** **जैवरासायनिक ऑक्सीजन मांग**

पानी में जैवनिम्नीकरणीय पदार्थों के सूक्ष्मजैविक ऑक्सीजन के साथ-साथ होने वाली आण्विक ऑक्सीजन की आवश्यकता ।

**biogeochemical agent** **जीवभूरासायनिक कर्मक**

वह सूक्ष्मजीव जो जैव कार्बन, नाइट्रोजन, गंधक, फॉस्फोरस एवं अन्य यौगिकों का खनिजीकरण करता है ।

**biological nitrogen fixation** **जैविक नाइट्रोजन यौगिकीकरण**

सूक्ष्म जीवों द्वारा वायुमंडल की मुक्त नाइट्रोजन का अमोनिया में परिवर्तन ।

**bioluminescence** **जीव-संदीप्ति**

सजीवों द्वारा प्रकाश का उत्सर्जन । जीवों में यह संदीप्ति प्रायः ल्यूसीफेरस नामक एन्जाइम की क्रियाशीलता से होती है ।

**biomass** **जैवसंहति**

किसी विशिष्ट क्षेत्र में जीवित पदार्थों का द्रव्यमान ।

**biopsy** **जीवोतिपरीक्षा, बॉयोप्सी**

परीक्षण करने के लिए शरीर से जीवित ऊतकों को निकालना ।

**biosphere** **जीवमंडल**

पृथ्वी का वह क्षेत्र जिसमें निम्न वायुमंडल तथा मिट्टी व जल की ऊपरी परतें शामिल हैं ।

**biota** **जीवजात**

किसी सुनिश्चित क्षेत्र में जीवों की कुल संख्या ।

**biotype** **समजीनी प्ररूप, जीवप्ररूप**

उन व्यष्टियों की जनसंख्या जिनके लक्षण समजीनीय हों लेकिन शरीर क्रियात्मक लक्षणों में भिन्नता हो । यह रोगजनक जाति का प्रभेद है ।

**biovar (biotype)** **जीवप्ररूप**

किसी जाति का शरीर क्रियात्मक लक्षणों पर आधारित उपविभाजन । इसे समजीनी प्ररूप भी कहते हैं ।

**bivalence** — **द्विसंयोजकता**

प्रतिरक्षियों का वह गुण जो उन्हें दो भिन्न-भिन्न किंतु समरूप प्रतिजन-निर्धारकों से जुड़ने देता है ।

**black pickle** — **काला अचार**

सूक्ष्मजीवों की क्रियाशीलता से उत्पन्न हाइड्रोजन सल्फाइड गैस के कारण बना काला अचार ।

**blastospore** — **ब्लास्टोबीजाणु**

मुकुलन (budding) द्वारा बनने वाले अलैंगिक बीजाणु ।

**blepharoplast** — **ब्लेफैरोप्लास्ट**

कशाभ को जन्म देने वाली आधारकणिका ।

**blocked reading frame** — **अवरूद्ध पठन फ्रेम**

पठन फ्रेम जो प्रोटीन में रूपांतरित नहीं हो सकता क्योंकि यह अंत कोडॉन द्वारा विच्छिन्न होता है ।

**blocking antibody** — **अवरोधी प्रतिपिंड**

ऐसे पिंड प्रतिरक्षी जो IgE प्रतिरक्षी को रोकने का काम करते हैं ।

**blood plasma** — **रुधिर प्लाज्मा**

परिसंचारी रक्त का तरल अंश जिसमें रुधिर कणिकायें निलंबित रहती है । यह पलाज्मा भी कहलाता है ।

**blood serum** — **रुधिर सीरम**

थक्का बने रुधिर प्लाज्मा से निष्कर्षित स्वच्छ जैवीय तरल । यह फ्राइब्रिन तथा रक्त कोशिकाओं के पृथक् होने पर प्राप्त होता है ।

**bloom** — **प्लवकपुंज**

प्लवकीय शैवाल की घनी वृद्धि जो जलराशि को एक विशेष रंग दे देती है ।

**blunt end ligation** **कुंठित अंतबंधन**

डी.एन.ए. द्विक अणुओं को उनके अंतों पर जोड़ने की प्रक्रिया ।

**bock beer** **बॉकबीयर**

एल्कोहॉल वाली बीयर । भुने जौ से तैयार की गयी काली बीयर जिसमें एल्कोहॉल की मात्रा अधिक होती है ।

**BOD** **बी.ओ.डी.**

दे॰ biochemical oxygen demand (जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग)

**booster dose** **वर्धक मात्रा**

प्रतिपिंड का उत्पादन बनाए रखने के लिए प्रतिजन का अतिरिक्त टीका ।

**botulism** 1. **बाटुलिज्म** 2. **बाटुलिनमरोग**

*क्लास्ट्रीडियम बाटुलिनम* नामक अवायु जीवाणु के आविष (toxin) के कारण होने वाली खाद्य विषाक्तता जो अनुप्रयुक्त परिरक्षण डिब्बा बंदी दशाओं के कारण होती है । वमन, उदरशूल, दृष्टि में अक्षमता, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र का प्रभावित होना, श्रवण में बाधा, पक्षाघात आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं ।

**605 box** **605 बॉक्स**

लगभग 20 dp डी.एन.ए. अनुक्रम (प्रचालक) जिसकी पहचान संदमक प्रोटीन द्वारा होती है ।

**branch migration** **शाखा प्रवास**

युग्मन को बढ़ाने के लिये उस रेसीडेन्ट रज्जुक को विस्थापित करके जिसका सह समजात है अपने संपूरक द्विक के साथ डी.एन.ए. युग्मन की सामर्थ्य का आंशिक युग्मन ।

**brandy** — **ब्रान्डी**

पूर्ण परिपक्व अंगूरों के किण्वित रस के आसवन से प्राप्त एल्कोहॉलीय पेय जिसमें ऐथिल एल्कोहॉल प्राय: 48-54% तक होता है ।

**braun's lipoprotein** — **ब्रॉन लीपोप्रोटीन**

कोशिका भित्ति वाला लीपोप्रोटीन जो आंत्र वाले ग्रैम अग्राही जीवाणुओं को पैप्टाइडोग्लाइकन परत से जोड़कर रखता है ।

**breed count** — **ब्रीड गणना**

दूध की सूखी अभिरंजित फिल्म में जीवाणुओं के गिनने की सूक्ष्मदर्शी विधि ।

**broad-spectrum antibiotic** — **विस्तृत स्पैक्ट्रम प्रतिजैविक**

ऐसा प्रतिजीवी जो ग्रैम-ग्राही और ग्रैम-अग्राही (gram-negative) दोनों ही जीवाणुओं के प्रति प्रभावकारी है ।

**bronchus** — **श्वसनी**

श्वासनली की शाखा ।

**brownian motion** — **ब्राउनी-गति**

सूक्ष्मकणों एवं जीवाणुओं द्वारा प्रदर्शित एक विशिष्ट नृत्य गति जो तरल अणुओं के द्वारा बमबारी के कारण होती है ।

**bubo** — **गिल्टी**

सूजे हुए और बढ़े हुए लसीका पर्व जो प्राय: प्लेग जैसे संक्रामक रोग से हो जाते हैं ।

**budding** — **मुकुलन**

एक अलैंगिक जनन का प्रकार जो यीस्ट की विशेषता है । पैतृक से उद्वर्ध (outgrowth) रूप में एक नयी कोशिका का बनना ।

**buffer** **उभयरोधी, बफर**

वह पदार्थ जो किसी तरल में अम्ल अथवा क्षार मिलाये जाने पर pH में परिवर्तन का प्रतिरोध करता है ।

**bulbous suspensor** **कंदीय निलंबक**

कवकतंतु का फूलना जिस पर जिगेस्पोरा या स्कूटेलोस्पोरा जातियों के बीजाणु पैदा होते हैं । यह बीजाणुजनन कोशिका का पर्यायवाची शब्द है ।

**buoyant density** **उत्प्लवन घनत्व**

मानक तरल में एक पदार्थ के प्लवन की योग्यता का माप ।

**burst size** **प्रस्फोट मात्रा**

विभोजी के परिपक्वन के बाद जीवाणु से मोचित विभोजी कणों की संख्या ।

**butyrics** **ब्यूटरिक अम्ल जीवाणु**

ब्यूटरिक अम्ल बनाने वाले जीवाणु ।

**caecum** **अंधनाल**

आंत का फूला हुआ वह कोष्ठ जो क्षुद्रांत्र (ileum) और वृहदंत्र (colon) के संधिस्थल का द्योतक है ।

**callose** **कैलोस**

मुख्य रूप से B-1, 3 सहलग्नी ग्लूकोसाइड का एक बहुशर्कराइड जो लैमिनोरिएलीज़ की चालनी-नलिकाओं (sieve tube) और तूर्य-तंतुओं (trumpet-hyphae) में पाया जाता है ।

**callus** **कैलस, किण**

कैम्बियम से उत्पन्न मृदूतक जो घाव होने की अनुक्रिया से बनता है । इसका उपयोग ऊतक संवर्धन में किया जाता है ।

**calorie** — **कैलोरी**

ताप की इकाई, एक ग्राम पानी को 1°C तक गरम करने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा ।

**canning** — **डिब्बा बंदी**

खाद्य पदार्थों का बंद डिब्बों में परिरक्षण (preservation) या संरक्षण ।

**CAP (CRP)** — **सी.ए.पी. (सी.आर.पी.)**

चक्रीय ए.एम.पी. द्वारा सक्रियित घनात्मक नियंत्रक प्रोटीन, जो आर.एन.ए. पोलीमरेज को ई.*कोलाई* के विशेष (अपचयी–संवेदी) ओपेरॉनों के अनुलेखन (ट्रांसक्रिप्शन) को प्रेरित करती है ।

**capsid** — **कैप्सिड**

विषाणु का प्रोटीन आवरण ।

**capsomere** — **पेटीकांशक, कैप्सोमियर**

ऐसा कोई प्रोटीन जो किसी विषाणु के न्यूक्लियों कैप्सिड का प्रोटीन भाग या कैप्सिड का घटक होता है ।

**capsule** — **संपुट, कैप्सूल**

उच्च अणु भार वाले बहुलकों का समरूप स्तर जो कोशिका भित्ति की बाहरी सतह से जुड़ा रहता है ।

**carcinogen** — **कैन्सरजनक**

प्राणियों में कैंसर उत्पन्न करने वाला कोई यौगिक ।

**carotene** — **कैरोटीन**

पीले नारंगी वर्णकों का सामान्य नाम जिनमें केवल कार्बन और हाइड्रोजन होता है ।

**carotenoid** — **कैरोटीनाभ**

कैरोटीन और जैन्थोप्पिल प्रकार के वर्णकों के लिए एक सामान्य नाम ।

**card factor** — **कार्ड कारक**

ट्रेहैलेस डाइमाइकोलेट नामक एक विषाणु माइकोलिक अम्ल व्युत्पन्न, जो किसी बैक्टीरिया तथा माइको बैक्टीरिया की कोशिका भित्तियों में पाया जाता है ।

**carpogonium** — **कार्पोगोनियम**

रोडोफाइसी की युग्मकधानी (gametangium) जिसमें सामान्यत: लंबी गर्दन और स्त्रीधानी (trichogyne) रोम होते हैं

**carpospore** — **फलबीजाणु**

एक द्विगुणित या अगुणित अवल एककोशिकीय बीजाणु जो कुछेक रोडोफाइसी के कार्पोगोनियम में पैदा होते हैं ।

**carposporophyte** — **कार्पोबीजाणु – उद्‌भिद, फलबीजाणु उद्‌भिज**

स्त्री युग्मकोद्‌भिद द्वारा धारण किए गए गोनिमोब्लास्ट तंतुओं और फलबीजाणुधानियों (carposporangium) से बनी फलबीजाणु पैदा करने वाली पीढ़ी ।

**carrageenin** — **कैरागीनिन**

लाल शैवाल से प्राप्त फाइकोकोलाइड या शैवाल कोलाइड ।

**carrier** — **वाहक**

किसी रोगाणु से संक्रमित कोई व्यष्टि जिसमें संक्रमण के रोगलक्षण प्रकट नहीं होते ।

**caryogamy (karyogamy)** — **केंद्रक संलयन**

दो अगुणित (haploid) केंद्रकों का संलयन ।



4—10/CSTT/ND/97

**case hardening** — **पृष्ठ दृढ़ीकरण**

किसी सतह से नमी के अधिक वाष्पीकरण होने से उसका कठोर बन जाना ।

**catabolism** — **अपचय**

वह विघटन प्रक्रम जिसमें जटिल कार्बनिक अणुओं को सरल पदार्थों में तोड़ दिया जाता है और ऊर्जा उत्पन्न होती है । यह क्रिया संपूर्ण चयापचय क्रम का एक भाग है ।

**catabolite repression** — **अपचयज दमन**

ग्लूकोज के मिलने से ओपेरॉनों का ह्रसित प्रकटीकरण जो चक्रीय ए.एम.पी. के स्तर में कमी के कारण होता है और बाद में सी.ए.पी. नियामक को निष्क्रिय करता है ।

**catalase** — **कैटालेस**

सक्ष्म जीवों में हाइड्रोजन पर ऑक्साइड को जल और ऑक्सीजन में बदल देने वाला एन्जाइम ।

**catalyst** — **उत्प्रेरक**

वह पदार्थ जो रासायनिक अभिक्रिया को तेज कर देता है लेकिन स्वयं आकार एवं मात्रा में नहीं बदलता ।

**cavitation** — **गुहिकायन, कोटरन**

छोटे बुलबुले उत्पन्न करने के लिए द्रव में उच्च आवृत्ति की ध्वनि तरंगों का उपयोग । इन बुलबुलों के प्रचंड निपात से सूक्ष्मजीवी कोशिकायें विघटित हो जाती हैं ।

**cDNA** — **सी.डी.एन.ए.**

आर.एन.ए. का एकल – लड़ीय सम्पूरक·डी.एन.ए. जो पात्रे (in vitro) उत्क्रम अनुलेखन (transcription) द्वारा संश्लेषित होता है ।

**cDNA clone** — **सी.डी.एन.ए. क्लोन**

द्विक डी.एन.ए. अनुक्रम जो एक आर.एन.ए. को निरूपित करता है तथा क्लोनिंग रोगवाहक द्वारा ले जाया जाता है ।

**cell cylce** — **कोशिका चक्र**

एक विभाजन से अगले विभाजन के बीच की अवधि ।

**cell** — **कोशिका**

सभी जीवधारियों की सूक्ष्म कार्यात्मक और संगठनात्मक आधारभूत इकाई । इसमें चारों ओर से झिल्ली से घिरा जीवद्रव्य एवं सघन केंद्रक होता है ।

**cellulase** — **सेलुलेस**

एक कोशिका बाह्य एन्जाइम जो जल अपघटन द्वारा सेलुलोस से सेलोबायोस बनाता है ।

**cellulose** — **सेलुलोस**

अनेक ग्लूकोज अणुओं वाला एक जटिल पॉलिसेकेराइड जो पादप कोशिका भित्तियों का विशेष संरचनात्मक पदार्थ है ।

**cell wall** — **कोशिका भित्ति**

कोशिका द्रव्य की रक्षा करने वाली झिल्ली का बाहरी आवरण ।

**centrifuge** — **अपकेंद्रित्र, अपकेंद्रणयंत्र**

वह उपकरण जिसकी सहायता से किसी द्रव में निलंबित कणकीय पदार्थ को अपकेंद्री बल (centrifugal force) द्वारा पृथक् किया जाता है ।

**centrosome** — **तारककाय**

विभोजी (phage) कोशिका के प्रत्येक ध्रुव पर स्थित एक ध्रुवीय पिंड ।

**chancre** — **रजत व्रण शैंकर**

सिफलिस से उत्पन्न विक्षति अथवा घाव *ट्रेपोनेमा पैलिडम* के संक्रमण की प्राथमिक अवस्था है ।

**chelating agent** — **कीलेटीय कर्मक**

एक कार्बनिक यौगिक, जिसमें परमाणु धातुओं के साथ एक से अधिक समन्वयी बंध बनाते हैं जिससे धातुएं विलयन के रूप में बनी रहती हैं ।

**chemical preservative** — **परिरक्षी रसायन**

वह रसायन जो खाद्य पदार्थों को विघटित होने से बचाता है ।

**chlorosis** — **हरिमाहीनता**

क्लोरोफिल-हीनता से जनित रोग जिससे पौधे का विकास ह्रासित होता है और पौधा पीला पड़ जाता है ।

**chlorosome** — **क्लोरोसोम**

कुछ हरित प्रकाशसंश्लेषी जीवाणुओं के कोशिका-द्रव्य में मौजूद सिगार-रूपी आशय ।

**chromatic** — **वर्णिक**

कुछ शैवालों की पूरक संश्लेषित कर सकने की अनुकूलन क्षमता ।

**chrysolaminarin** — **क्रिसोलएमिनैरिन**

β-1, 3(या β-1, 6) ग्लूकोसाइड सहलग्नों से संघटित एक बहुशर्कराइड ।

**cicatrix (cicatrices, pl.)** — **क्षतांक**

बीजाणु सतह का क्षत चिह्न जो कवक तंतु के पूर्व संधिस्थल का द्योतक है ।

**chitin** — **काइटिन**

संधिपाद प्राणियों की बाहरी परत एवं अनेक कवकों की कोशिका भित्तियों में पाया जाने वाला N-एसिटिल ग्लूकोसैमीन (N-acetylglucosamine) का बहुलक (polymer)

**chemotherapy** — **रसोचिकित्सा, रसायन चिकित्सा**

रोगों का रसायनिक उपचार जो आंतरिक रूप से कार्य करता है ।

**chemotroph** — **रसायन पोषी**

ऊर्जा प्राप्ति के लिए रासायनिक यौगिकों का उपयोग करने वाला जीन ।

**chloramphenicol** — **क्लोरऐम्फेनिकोल**

ऐसा प्रतिजैविक (एण्टीबायोटिक) जो जीवाणु राइबोसोमों की 5 राइबोसोमी उपइकाई से जुड़ जाता है अथवा आबद्ध हो जाता है और पेप्टाइडल अन्तरण/ट्रांसफरेज अभिक्रिया को रोक देता है ।

**chlamydospore** — **क्लैमाइडो बीजाणु**

कवक जाल (mycelium) की कोशिकाओं के सीधे विभेदन से बनने वाला मोटी भित्ति का प्रतिरोधी बीजाणु ।

**chlorophyll** — **पर्णहरित, क्लोरोफिल**

प्रकाश संश्लेषण (photosynthesis) की क्रिया में इलेक्ट्रानदाता के रूप में अत्यावश्यक प्रकाशग्राही हरा वर्णक ।

**chemiosmotic coupling** — **रसोपरासरणी युग्मन**

एक सिद्धांत जिसके अनुसार इलेक्ट्रॉन अभिगमन (transport) के दौरान झिल्ली के पार बनने वाली प्रोटॉन प्रवणता

(gradient) से एक झिल्ली विभव (potential) पैदा होता है जो ए.टी.पी. (ATP) निर्माण को प्रेरित करने के लिए पर्याप्त है ।

**chemiosmotic theory** **रस परासरणी सिद्धांत**

वह सिद्धांत जिसके अनुसार श्वसन शृंखला की चयापचयी अभिक्रियाओं से मुक्त होने वाली ऊर्जा को झिल्ली के पार प्रोट्रॉनों की विद्युत्रासायनिक प्रवणता (electro-chemical gradient) के रूप में संरक्षित किया जा सकता है । बाद में इस प्रवणता को ए.टी.पी. (ATP) के संश्लेषण के लिए काम में लाया जाता है ।

**chemoautotroph** **रसोस्वपोषी**

वह जीव जो अकार्बनिक यौगिकों को ऑक्सीकृत करके ऊर्जा प्राप्त करता है । इसमें कार्बन का एक मात्र स्रोत कार्बन डाईऑक्साइड है ।

**chemolithotroph** **रसो-अकार्बनिकपोषी**

ऐसा जीव जिसे संपूर्ण आवश्यक ऊर्जा अकार्बनिक यौगिकों के ऑक्सीकरण से मिलती है ।

**chemoorganotroph** **रसो-कार्बनिकपोषी**

ऐसा जीव जिसे कार्बनिक यौगिकों के ऑक्सीकरण से ऊर्जा मिलती है ।

**chemoreceptor** **रसोग्राही**

कोशिकाद्रव्य-झिल्ली पर स्थित प्रोटीन जो प्रवणताओं का संवेदन करते हैं तथा विभिन्न आकर्षियों (attractants) और अपकर्षियों (repellants) की दृष्टि से विशिष्ट होते हैं ।

**chemostat** **रसायन स्थायी**

वह युक्ति जो जीवों को निरंतर संवर्ध में बनाए रखती है। यह अनिवार्य पोषक की सांद्रता के नियमन द्वारा जीवों की वृद्धि दर को नियंत्रित रखती है।

**chemotaxis** **रसो–अनुचलन**

जीवों की वह गति जो किसी रासायनिक उद्दीपन (stimulus) के अनुक्रिया स्वरूप होती है। इसमें जीव रसायन आकर्षी की तरफ या रसायन अपकर्षी से दूर जाता है।

**chemotherapeutic agent** **रसोचिकित्सा कारक**

मनुष्य या प्राणियों में संक्रमण रोगों के इलाज के लिए प्रयुक्त (इस्तेमाल किया जाने वाला) कोई रासायनिक पदार्थ।

**chloroplast** **हरितलवक, क्लोरोप्लास्ट**

कोशिकाद्रव्य का दोहरी झिल्ली से घिरा क्षेत्र जिसमें प्रकाश संश्लेषी वर्णकों के थाइलैकॉइड होते हैं।

**cilia** **पक्ष्माभ**

सुकेन्द्रकीय कोशिकाओं के प्रोटीनमय प्रक्षेपी अंगक (organelles) जो लयबद्ध गति से स्पंदन करते हैं। ये संचलन अंग का कार्य करते हैं।

**ciliophora** **सिलियोफोरा**

प्रोटोजोआ संघ (फाइलम) का एक वर्गीकरणात्मक समूह जिसमें पक्ष्माभी एक कोशिक जीव आते हैं।

**cis-acting locus** **समपक्ष – क्रियाशील विस्थल**

वह क्रियाशील विस्थल जो अपने डी.एन.ए. के अणु के डी.एन.ए. अनुक्रमों की ही सक्रियता पर प्रभाव डालता है। इस गुण के कारण प्रायः यह प्रोटीन का कोडन(संकेतन) नहीं करता।

**cis-acting protein** **समपक्ष – क्रियाशील प्रोटीन**

वह प्रोटीन जो डी॰एन॰ए॰ के केवल उसी अणु पर क्रिया करती है जो इस प्रोटीन का कोडन करता है ।

**cis-configuration** **समसंरूपण**

किसी डी.एन.ए. अणु पर स्थित दो क्रिया स्थल ।

**cis-trans test** **समपार परीक्षण**

वह परीक्षण जो उत्परिवर्तनों की अभिव्यक्ति के सापेक्षिक संरूपण के प्रभाव को दर्शाता है । एक द्विविषम युग्मज में एक ही जीन के दो उत्परिवर्तन पारसंरूपण स्थिति में उत्परिवर्ती लक्षण प्ररूप प्रदर्शित करते हैं तथा समसंरूपण में वन्य प्ररूप को प्रदर्शित करते हैं ।

**cistron** **समपार**

समपार परीक्षण के द्वारा स्पष्ट वह आनुवंशिक इकाई जो ऐसे जीन के समतुल्य है जिसमें किसी प्रोटीन को निरूपित करने वाली डी.एन.ए. की इकाई समाविष्ट होती है ।

**clonal culture** **क्लोनी संवर्ध**

एक अकेली व्यष्टि कोशिका से व्युत्पन्न कोशिका समूह

**clone** **क्लोन, एकपूर्वज, एक पुंजक**

अणुओं अथवा कोशिकाओं की वह समष्टि जो अलैंगिक जनन के द्वारा केवल एक जनक कोशिका से उत्पन्न होती है ।

**cloning** **क्लोनन**

एक क्लोन कारक युक्ति जिसके परिणामस्वरूप कोशिका की आनुवंशिक सूचना के अतिव्यापी खंडों के सुस्पष्ट क्लोन बनते हैं ।

**cloning vector** **क्लोनन रोगवाहक**

वह प्लाज्मिड या जीवाणु भोजी जिसका उपयोग अतिरिक्त डी.एन.ए. सामग्री या प्रोटीन उत्पाद के उत्पादन के उद्देश्य से निविष्ट विजातीय डी.एन.ए. के वहन के लिए किया जाता है ।

**close reading frame** **संवृत पठन फ्रेम**

वह डी.एन.ए. अनुक्रम जिसके समापक कोडॉन प्रोटीन में उसके अंतरण को रोकते हैं ।

**cocoid** **गोलाभ**

गोलाकार, अचल स्वभाव ।

**coccus (cocci)** **कॉकस (काक्साई)**

गोल या लगभग गोल आकृति वाले जीवाणु का सामान्य नाम ।

**coding strand** **कोडन रज्जुक**

(डी.एस. – डी.एन.ए. (ds DNA) के संदर्भ में वह लड़ी जो दूत आर.एन.ए. (RNA) संश्लेषण के लिए रूपदा टेम्पलेट का कार्य करती है, अर्थात् दूत आर.एन.ए. की पूरक लड़ी ।

**codon** **प्रकूट, कोडॉन**

दूत आर.एन.ए. में तीन न्यूक्लिओटाइड क्षारकों की कोई श्रृंखला जिसकी अभिव्यक्ति अंतरण आर.एन.ए. के प्रतिप्रकूट के द्वारा होती है । न्यूक्लियोटाइडों का यह त्रिक ऐमीनोअम्ल या समापक का द्योतक है ।

**coenobium** **समंडल, सिनोबियम**

एक निश्चित ढंग में व्यवस्थित कोशिकाओं की नियत संख्या वाली कॉलोनी ।

**coenocyte** **संकोशिका**

एक बहुकेंद्र की कोशिका ।

**coenocytic** **संकोशिकी**

जिसमें क्रॉस भित्तियों का पृथक्करण नहीं हो ।

**cognate-tRNA** **सजात अंतरण आर.एन.ए.**

किसी विशिष्ट ऐमीनो एसिल– tRNA सिन्थेटेस द्वारा अभिव्यक्त tRNA अणु ।

**cointegrate structure** **सहएकीकृत संरचना**

वह संरचना जो दो प्रतिकृत्येककों (रेप्लीकॉन) के संलयन से बनती है जिसमें से एक में मूलरूप से ट्रांसपोसोन होता है और दूसरे में नहीं होता । यह समाकलित में प्रतिकृत्येककों की दोनों संधियों पर ट्रांसपोसोन की प्रतिलिपियां होती हैं जिसकी प्रत्यक्ष पुनरावृत्ति होती रहती है ।

**cold shock** **शीताघात**

अचानक सामान्य से शून्य डिगी से॰ तापमान लाने पर पड़ने वाला प्रभाव ।

**coliform** **कॉलिफ़ार्म**

लैक्टोस का किण्वन करने वाले, ग्रैम वर्ण–अग्राही दंडाकर जीवाणुओं का सामान्य नाम जो मनुष्य तथा अन्य प्राणियों की आंत में रहते हैं ।

**coliform bacteria** **कॉलीफार्म जीवाणु, कॉलाईरूप जीवाणु**

सूक्ष्म, वायवीय, ग्रैम–अग्राही, बीजाणु बनाने वाले और सामान्यतया छोटी आंत में पाये जाने वाले जीवाणु ।

**colony** **निवह**

एक ही सूक्ष्मजीव से उत्पन्न होने वाली अनेक कोशिकाएं जो एक समूह के रूप में प्रकट होती है । एकल कोशिकाओं का यह समूह साथ-साथ रहकर इकाई रूप में व्यवहार करते हैं ।

**colony hybridization** **निवह संकरण**

जीवाणु निवहों के किसी विशेष डी.एन.ए. अनुक्रम की मात्रा के जांच की विधि । इसे क्लोनन प्रयोग के बाद किया जाता है । इसे गुरूनस्टाइन-होगनेस पद्धति भी कहते हैं ।

**colorimeter** **वर्णमापी**

1. ज्ञात विलयन संघटक की सांद्रता को उस संघटक के मानक विलयन के रंगों से तुलना करके मापने वाला यंत्र ।
2. स्पेक्ट्रमी अथवा गोचर मानकों द्वारा रंगों को निर्धारित करने के काम में लाया जाने वाला कोई यंत्र ।

**commensalism** **सहभोजिता**

वह सहजीविता जिसमें किसी भी जीव को न क्षति होती और न ही लाभ ।

**compatibility group** **संयोज्यता वर्ग**

एक ही जीवाणु कोशिका में साथ-साथ रहने में असमर्थ प्लाज्मिड ।

**complement** **पूरक**

मानव सीरम प्रोटीनों का अविशिष्ट ताप-अस्थिर समूह जिनकी सम्मिलित रूप से आपस में प्रतिरक्षी से और झिल्ली से प्रतिक्रिया होने के फलस्वरूप कोशिका लयन होता है ।

**complementation** **संपूरण**

किसी जीन या प्रोटीन की वह क्षमता जिससे वह किसी जीव या कोशिका के समजात जीन के क्रियात्मक दोष की प्रतिपूर्ति कर देती है ।

**complementation group** **पूरकीकरण वर्ग**

उत्परिवर्तनों की वह श्रृंखला जिसमें उत्परिवर्तियों का पारपरीक्षण प्रक्रिया द्वारा युगल संयोजन परीक्षण करने पर वे पूरकीकरण में असमर्थ होते हैं । इस प्रकार यह समपार नामक आनुवंशिक इकाई को परिभाषित करते हैं जिन्हें वस्तुतः अपूरकीकरण वर्ग कहना अधिक उचित है ।

**composite spore wall** **संयुक्त बीजाणु भित्ति**

बीजाणु की संपूर्ण भित्ति जिसमें भित्तियों के सभी समूह और प्रकार होते हैं ।

**concatemer** **संश्रृखलक**

दो या दो से अधिक समान रेखीय - न्यूक्लिक अम्ल अणु जो एक दूसरे के आगे–पीछे होते हैं अर्थात् एक ही श्रृंखला में एक सिरे से दूसरे तक संयोजी रूप से आबंधित रहते हैं । ये अणु एक ही विषाणु जीनोम की प्रतिलिपियां हैं ।

**conceptacle** **धानी**

फ्लूकेलीज के थैलस में गुहिका जैसा गर्त ।

**condensed** **संघनित**

वह द्रवीय खाद्य पदार्थ जिसमें से नमी निकाल दी गयी हो ।

**congenital syphilis** **जन्मजात सिफिलिस**

मानव शिशु में होने वाला रोग जो माता से गर्भ में *ट्रेपोनिमा पैलाइडम* नाम जीव के चले जाने से होता है ।

**conidium** — **कोनीडियम**

किसी कवक द्वारा अनेक आकारों तथा रूपों वाला एक कोशिकीय या बहुकोशिकीय अलैंगिक बीजाणु ।

**conjunctiva** — **नेत्र श्लेष्मला**

नेत्र गोलक के अग्रभाग को ढकने वाली तथा पलकों का भीतरी स्तर बनाने वाली कला ।

**conjugation** — **संयुग्मन**

दो जीवाणु कोशिकाओं के बीच संगम । इसमें दात्री कोशिका के गुणसूत्र का एक अंश दूसरी कोशिका में अंतरित हो जाता है ।

**conjugative plasmid** — **संयुग्मी प्लाज्मिड**

गुणसूत्र बाह्य द्वि-सूत्री, आवृत-वृत्तीय डी.एन.ए. प्रतिकृत्येक (रेप्लिकॉन) जिनका एक कोशिका से दूसरी कोशिका में सीधा अंतरण हो सकता है ।

**conjunctivitis** — **नेत्र श्लेष्मलाशोथ**

पलकों से लगी श्लेष्मा झिल्ली का शोथ ।

**consensus sequence** — **सामंजस्य अनुक्रम**

अनेक वास्तविक अनुक्रमों की तुलना करते समय वह आदर्शीकृत अनुक्रम जिसकी प्रत्येक स्थिति प्रायः आधार को अभिव्यक्त करती है ।

**conservative recombination** — **संरक्षी पुनर्योजन**

डी.एन.ए. की नई विततियों के संश्लेषण के बिना ही डी.एन.ए. में पहले से उपस्थित लड़ों (रज्जुक) का टूटना और फिर से जुड़ जाना ।

**constitutive enzyme** — **अहेतुक एन्जाइम**

वह एन्जाइम जिसकी रचना विशिष्ट क्रियाधार की उपस्थिति पर निर्भर नहीं होती ।

**constitutive gene** **रचनात्मक जीन**

वे जीन जो अधिक नियमन के बिना आर.एन.ए. पालीमेरेस और वर्धक की पारस्परिक क्रिया के फलन के रूप में अभिव्यक्त होते हैं । कभी-कभी निम्नस्तर पर सभी कोशिकाओं के कार्यों की व्याख्या करने के संदर्भ में इन्हें पारिवारिक जीन भी कहा जाता है ।

**constitutive mutation** **रचनात्मक उत्परिवर्तन**

जीनों में होने वाले वे परिवर्तन जो प्राय: बिना नियमन के ही अभिव्यक्त होते हैं ।

**constitutive protein** **रचनात्मक प्रोटीन**

बढ़ती हुई कोशिकाओं द्वारा लगातार संश्लेषित होने वाला प्रोटीन ।

**contact dermatitis** **संस्पर्श त्वक्शोथ**

त्वचा से स्पर्श करने वाले छोटे अणुओं के प्रति देर से होने वाली अतिसंवेदनशीलता ।

**contact inhibition** **संस्पर्श संदमन**

प्राणि कोशिकाओं का वृद्धि का ऐसा गुण जो उनके विभाजन को सन्निकट कोशिकाओं की एकल परत के सम्पर्क में आने पर रोक देता है ।

**contractile vacuole** **संकुचनशील धानी**

एक धानी जो परासरणी प्रवणता (osmotic gradient) के कारण कोशिका से पानी को निकाल देती है ।

**coordinate regulation** **समन्वयी नियमन**

जीनों के किसी समूह का सर्वमान्य नियंत्रण ।

**coralloid** **प्रवालाभ**

प्रवाल के समान आकृति या रूप ।

**corepressor** — **सहदमनक**

वह छोटा अणु जो नियामक प्रोटीन से आबंधित होकर अनुलेखन के अवरुद्ध होने की प्रक्रिया को प्रेरित करता है ।

**corona** — **किरीट, कोरोना**

कैरालीज की अंडधानी (oogonium) के दूरस्थ सिरे पर कोशिकाओं का गुच्छ ।

**coriaceous** — **चर्मिल**

बीजाणुओं में मजबूत या कड़ी भित्ति वाले प्रकारों का होना ।

**coryza inflammation** — **प्रतिश्याय शोथ**

नासा मार्ग (पथ) श्लेष्मा झिल्ली में होने वाला शोथ । इसे शीर्ष प्रतिश्याय भी कहते हैं ।

**cosmid** — **कास्मिड**

वे प्लाज्मिड जिनमें विभोजी लैम्डा कॉस स्थलों को प्रविष्ट करा दिया गया है । इसके परिणामस्वरूप प्लाज्मिड डी.एन.ए. को विभोजी आवरण में पैक किया जा सकता है ।

**cot** — **कॉट**

डी.एन.ए. सांद्रण का उत्पाद तथा किसी पुनः सहचर्य अभिक्रिया में ऊष्मायन का समय ।

**crozier formation** — **क्रोज़ियर का समावास**

ऐस्कसजन कवक तंतु के कुंडलित सिरों से ऐस्कस के परिवर्धन की प्रक्रिया ।

**cruciate** — **क्रॉस रूप, क्रॉसनुमा**

क्रॉस के आकार वाला ।

**crustose** — **पर्पटीमय**

शैको (लाइकेनों) की पपड़ी जैसी चपटी रचना ।

**cryoplankton** — **हिमप्लवक**

ठंडे प्रदेशों के प्लवक ।

**cryptoblast** — **गूढ़कोरक, क्रिप्टोब्लास्ट**

फ्यूकेसी की बंध्य धानियां ।

**cyanophage** — **नील हरित भक्षकाणु**

साइनोफाइटा पर आक्रमण करने वाला एक विषाणु ।

**cyanophilus** — **नीलहरितरागी**

जेन्शियन नील रंजक का शीघ्रता से अवशोषण या अभिरंजन करना ।

**cyanophycin** — **सायनोफाइसिन**

नील हरित शैवाल में प्रोटीनयुक्त संचय उत्पाद जो कोशिकाओं में कणिकाओं के रूप में होते हैं ।

**cyclic Adenine monophosphate (cAMP)** — **वक्रीय ऐडेनीन मोनोफास्फेट (सी.ए.एम.पी.)**

ऐडेनीन मोनोफॉस्फेट का एक अणु जिसमें फॉस्फेट समूह राइबोज की 3' तथा 5' दोनों स्थितियों के साथ आबंधित होता है । इस आबंधन से सी.ए.एम.पी. सक्रिय हो जाता है जो कि पूर्व केंद्र की अनुलेखन का सुनिश्चित नियामक है ।

**cyst** — **पुटी**

जीव का मोटी भित्ति वाला वह प्रसुप्त रूप जो शुष्कन रोधी होता है । *ऐजीटोबैक्टर* जैसे कुछ जीवाणु एवं विभिन्न प्रोटोजोआ प्राणी पुटी बनाते हैं । ।

**cystocarp** — **सिस्टोकार्प, जनिफलिका**

लाल शैवाल की वह संरचना जिसमें कार्पोगोनियम के निषेचन के बाद परिवर्धित अबंध्य तंतु और फलबीजाणु (carpospore) होते हैं ।

**cytochrome** — **साइटोक्रोम**

लौह प्रोटीनों का वह वर्ग जो श्वसन में उत्क्रमणीय आक्सीकरण अपचयन वाहकों के काम आता है ।

**cytokinesis** — **कोशिका द्रव्यविभाजन**

केंद्रक विभाजन के बाद कोशिका द्रव्य का विभाजन ।

**cytolysis** — **कोशिका लयन**

कोशिका का विलयन या विघटन ।

**cytopharynx** — **कोशिका ग्रसनी**

वह क्षेत्र जिसके द्वारा खाद्यधानी में समाविष्ट होने के लिए पोषक पदार्थ आर-पार जा सकें ।

**cytoplasm** — **कोशिकाद्रव्य**

कोशिकाओं में कोशिका कला तथा केंद्रक के बीच स्थित जीव द्रव्य ।

**cytoplasmic inheritance** — **कोशिकाद्रव्यीय वंशागति**

कोशिकाद्रव्य (जैसे कि हरितलवक और सूत्रकणिका) द्वारा वंशागति ।

**cytoplasmic memberance** — **कोशिका द्रव्य कला, प्लाज्मा झिल्ली**

कोशिका भित्ति का एक पतला स्तर जिसमें मुख्यतः फॉस्फोलिपिड होते हैं । यह कोशिका के चयनात्मक पारगम्यता गुणों के लिए उत्तरदायी है ।

**cytostome** — **कोशिका मुख**

वह द्वार जिसके द्वारा पक्ष्माभी प्राणियों में भोजन ग्रहण किया जाता है ।

**dane particle** — **डेन कण**

हैपेटाइटिस के रोगी के सीरम में पाए जाने वाले विषाणु जैसे कण । ये कण एक न्यूक्लिओकैप्सिड (28nm) के बने होते हैं जिनके चारों ओर एक आवरण (40nm) होता है ।

**dark field microscopy** — **अदीप्त क्षेत्र सूक्ष्मदर्शन**

सूक्ष्मदर्शी परीक्षा का एक प्रकार, जिसमें सूक्ष्मदर्शी क्षेत्र प्रकाशित नहीं होता । जीव जैसी वस्तुएं सुस्पष्ट दिखाई देती हैं ।

**daughter colony** — **संतति निवह**

पैतृक कॉलोनी की जनन कोशिका से उत्पन्न कॉलोनी ।

**deaminase** — **डीएमिनेस**

वह एन्जाइम जो किसी अणु के एक अमीनों समूह को अलग करता है तथा इसके फलस्वरूप अमोनिया मुक्त होती हैं ।

**deamination** — **विएमनीकरण**

वह प्रक्रम जिसमें अमीनों समूह का निष्कासन विशेषकर एक अमीनो अम्ल से होता है ।

**decapsidation** — **विकैप्सिडीकरण**

वह प्रक्रिया जिसमें परपोषी कोशिका के भीतर विषाणु के पहुँच जाने पर विषाणु का न्यूक्लीक अम्ल अपने कैप्सिड से मुक्त हो जाता है । इसे अनावरण भी कहते हैं ।

**decarboxylase** डीकार्बोक्सिलेस

वह एन्जाइम जो अणु के कार्बोक्सिल समूह से कार्बन-डाईऑक्साइड का विमोचन करता है ।

**decarboxylation** डीकार्बोक्सिलीकरण

एक कार्बोक्सिल समूह (COOH) के निष्कासन का प्रक्रम ।

**decimal reduction time** दशमलव अपचयन समय

विशेष तापमान पर समय की वह अवधि जो जीवनक्षम सूक्ष्मजीवों की संख्या को 90 प्रतिशत से कम करने के लिए पर्याप्त है ।

**defined host** निश्चित परपोषी

ऐसा परपोषी जिसके रोगजनक को दूसरे परपोषी में अथवा दूसरे परपोषी के रोगजनक को उसमें स्थानांतरित नहीं किया जा सके ।

**defined medium** निश्चित माध्यम

एक जल आधारी पोषक विलयन जिसमें प्रत्येक रासायनिक घटक की सांद्रता ज्ञात होती है ।

**degeneracy** अपह्रास

(आनुवंशिक कोड के संदर्भ में) कोडॉन के तीसरे क्षारक में हुए अनेक परिवर्तनों का प्रभाव अमीनो अम्ल पर न पड़ना ।

**dehydrogenase** डिहाइड्रोजेनेस

वह एन्जाइम जो हाइड्रोजन परमाणुओं के निष्कासन द्वारा क्रियाधार को आक्सीकृत करता है ।

**dehydration** **निर्जलीकरण (शुष्कन)**

**dessication**

कृत्रिम रूप से सुखाने का वह प्रक्रम जिसमें संतुलित वायु प्रवाह, आपेक्षिक आर्द्रता एवं तापमान का उपयोग किया जाता है ।

**deletion** **विलोप**

डी.एन.ए. अनुक्रम के दोनों पार्श्वों के क्षेत्रों के आपस में जुड़ जाने से डी.एन.ए. अनुक्रम का टूट जाना ।

**demineralization** **विखनिजन**

वह प्रक्रिया जिसमें जीवाणुओं द्वारा उत्पन्न अम्ल से इनैमल के कैल्सियम लवण घुलते रहते हैं ।

**denaturation** **गुणनाशन**

डी.एन.ए. अथवा आर.एन.ए. की दोहरी लड़ का एक लड़ में परिवर्तन हो जाना। लड़ों का पृथक्करण अक्सर तापन द्वारा किया जाता है । जहाँ तक प्रोटीन का संबंध है उसमें यह परिवर्तन क्रियात्मक संरूपण से किसी अन्य निष्क्रिय संरूपण की दिशा में होता है ।

**dendroid** **वृक्षाभ, द्रुमाभ**

द्रुम के आकार का

**denitrification** **विनाइट्रीकरण**

नाइट्रेटों के अवायवीय अपचयन से गैसीय नाइट्रोजनी उत्पादों का जैव उत्पादन ।

**dental plaque** **दंत प्लाक**

दांतों की सतह पर जीवाणु तथा कार्बनिक पदार्थों का जमाव ।

**deoxyribonucleic acid (DNA)** — **डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक अम्ल (डी.एन.ए.)**

वह न्यूक्लिक अम्ल जिसमें डीऑक्सीराइबो न्यूक्लीटाइड होते हैं । इनमें से हरेक में विशेष रूप से ऐडेनीन, गुआनीन, साइटोसीन और थायमीन में से एक क्षारक होता है । यह अम्ल आनुवंशिक सूचना का वाहक होता है ।

**deoxyribose** — **विआक्सीराइबोस, डिआक्सीराइबोस,**

पाँच कार्बन वाली शर्करा, जिसमें जनक शर्करा राइबोस की अपेक्षा ऑक्सीजन का एक परमाणु कम होता है । यह डी.एन.ए. का एक घटक है ।

**derepressed** — **अपदमनित**

वह स्थिति जिसमें जीन क्रियाशील हो जाता है । जीन की सामान्य स्थिति में इसे प्रेरित जीन भी कहते हैं । उत्परिवर्तन के प्रभाव की व्याख्या के संदर्भ में इसे रचनात्मक जीन कहा जाता है ।

**dermato** — **त्वचा, त्वक्**

एक उपसर्क जो त्वचा का बोध करता है ।

**dermatophyte** — **चर्मोद्भिद्**

त्वचा के कवक रोगों के लिए उत्तरदायी कवक ।

**dermatotropic** — **त्वचानुवर्ती**

त्वचा के प्रति वरणात्मक बन्धुता दिखाने वाला ।

**dermis** — **चर्म, त्वचा, त्वक्**

बाह्य त्वचा के नीचे वाला संयोजी ऊतक स्तर

**desmid** — **डेस्मिड**

अलवण जलीय शैवाल ।

**dessert wine** **डेज़र्ट मदिरा**

मीठी मदिरा ।

**detector** **संसूचक**

प्रतिदर्श से होकर जाने वाली विकीर्ण ऊर्जा के मापन की युक्ति ।

**detergent** **अपमार्जक**

वह संश्लिष्ट निर्मलन पदार्थ, जिसमें कठोर जल में अवक्षेपित न होने वाले पृष्ठ सक्रिय कारक होते हैं ।

**dextron** **डेक्सट्रान**

वह पौलीसैकराइड (ग्लूकोस बहुलक), जो अनेक सूक्ष्मजीवों द्वारा कभी-कभी अधिक मात्रा में, उत्पन्न होता है ।

**dialysis** **अपोहन**

अर्ध पारगम्य कला से विसरण द्वारा कोलाइडों से विलेय पदार्थों का पृथक्करण ।

**diatomaceous earth** **डायटमीमृत्तिका**

फॉसिल डायटम की सिलिका युक्त भित्तियों से बना निक्षेप (deposit) ।

**diatomite** **डायटोमाइट**

सिलिका युक्त कवच (कोशिका भित्ति) जो सदियों से डायटमों की वृद्धि के परिणामस्वरूप बनते हैं ।

**diauxic growth** **डाइआक्सिक वृद्धि**

दो अलग-अलग प्रावस्थाओं में होने वाली वृद्धि जो एक कार्बन स्रोत की अपेक्षा दूसरे कार्बन स्रोत के उपयोग को वरीयता देने के कारण होती है । इन दोनों प्रावस्थाओं के बीच अस्थायी अंतराल रहता है ।

**dichotomous** **द्विभाजी**

दो बराबर शाखाओं में विभाजन ।

**differential medium** **विभेदी माध्यम**

संवर्धन माध्यम जो विशिष्ट जीवों की उपस्थिति और वृद्धि की अनुक्रिया स्वरूप चयनात्मक रूप से परिवर्तित हो जाता है ।

**differential stain** **विभेदी अभिरंजन**

वह प्रक्रिया जिसमें सूक्ष्मजीवों–कोशिकाओं में भेद रखने के लिए रंजक विलियनों अथवा अभिरंजन अभिकर्मकों की शृंखला का प्रयोग किया जाता है ।

**diffusion** **विसरण**

अणुओं की एक स्थान से दूसरे स्थान पर यादृच्छिक (random) गति ।

**dikaryon** **केंद्रकयुग्म**

एक कोशिका में अगुणित केंद्रक का जोड़ा ।

**dimorphic** **द्विरूप, द्विरूपी**

जहाँ युग्मकोद्भिदीय (gametophytic) और बीजाणु - उद्भिदीय पीढ़ियां आकारतः भिन्न होती हैं ।

**dimorphism** **द्विरूपता**

कवक की आकृति का वह गुण जिसके कारण वह 37 सी. में ऊतक में यीस्ट की भांति तथा कमरे के सामान्य तापमान में कवक तंतु की भांति उगता है ।

**dinoflagellate** **घूर्णकशाभ, डाइनोफ्लैजेलेट**

डाइनोफाइसी वर्ग का जीव ।

| | |
|---|---|
| **dioecious** | **एकलिंगाश्रयी**<br>नर और मादा संरचनाओं की अलग-अलग पौधों पर स्थिति दर्शाने वाला । |
| **dipicolinic acid/ (DPA)** | **डाइपीकोलिनिक अम्ल (डी पी ए)**<br>एक यौगिक जो अंतर्बीजाणु चालों में अधिक मात्रा में पाया जाता है । |
| **diplobacilli** | **यमल दंडाणु**<br>युग्मों में रहने वाले दंडाणु । |
| **diplobiontic** | **द्विविधजीवी**<br>जीवनचक्र में दो अवस्थाओं वाला । ये अवस्थाएं प्राय: बहुकोशिकीय होती हैं और इनमें सामान्यतया युग्मकोद्भिद तथा बीजाणु-उद्भिद होते हैं । उदा॰ लैनिनेरिया या पॉलिसाइफोलिया । |
| **diplococci** | **यमलगोलाणु**<br>युग्मों में रहने वाले गोलाणु । |
| **diplohaplant** | **द्विगुणितागुणित**<br>जहाँ द्विगुणित और अगुणित पीढ़ियों का एकांतरण होता है अर्थात् एक के बाद दूसरी आती है । |
| **diploid** | **द्विगुणित**<br>कोशिका के केंद्रक में समजात गुणसूत्र की युग्म रूप में उपस्थिति । |
| **diplont** | **द्विगुणितक**<br>वह द्विगुणित जीव जिसमें अगुणित अवस्था का प्रति-निधित्व युग्मक करता है । |

**diptheria** **डिप्थीरिया**

कोरिनी वैक्टीरियम डिप्थेरी के लयजनित प्रभेदों (strain) से उत्पन्न प्रोटीन आविष जिससे आविषांचन हो जाता है ।

**direct repeat** **सीधी पुनरावृत्ति, प्रत्यक्ष पुनरावृत्ति**

डी.एन.ए. अणु के समान अथवा संबंधित अनुक्रम, जो दो या दो से अधिक प्रतिलिपियों में एक अभिविन्यास में उपस्थित होते हैं लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि वे एक दूसरे के आसपास (आसन्न) हों ।

**disaccharide** **डाई–सैकेराइड**

दो मोनोसैकेराइड वाली एक शर्करा ।

**disease** **रोग**

किसी जीव की संरचना या कार्य में लगातार गड़बड़ी, जो क्षतिकारक हो ।

**disinfectant** **रोगाणुनाशी, विसंक्रामक**

वह कारक जो सूक्ष्मजीवों की कोशिकाओं को नष्ट कर संक्रमण से मुक्त करता है ।

**disinfection** **विसंक्रमण**

निर्जीव पदार्थो में प्रयुक्त किया जाने वाला पदार्थ जो सूक्ष्म जीवों की वृद्धि का निरोध करता है या उनका नाश ही कर देता है । आवश्यक नहीं कि यह बीजाणु पर भी प्रभावी हो ।

**disinfestation** **पीड़क नाशन, विग्रसन**

उन रोगाणुओं या रोगजनकों का विनाश जिन्होंने अब तक रोग उत्पत्ति न की हो किंतु जो निर्जीव वस्तुओं जैसे मृदा, जल इत्यादि में पाए जाते हों ।

**dissimilation** — **विषमीकरण**

वह रासायनिक अभिक्रिया जो पोषकों को विघटित करके ऊर्जा उत्पन्न करती है ।

**divergence** — **अपसारिता**

दो संबंधित डी.एन.ए. अनुक्रमों और न्यूक्लियोटाइड अनुक्रमों में प्रतिशत अंतर अथवा दो प्रोटीनों और अमीनों अम्ल अनुक्रमों में प्रतिशत अंतर ।

**divergent transcription** — **अपसारी अनुलेखन**

किसी मूल केंद्र की दोनों विपरीत दिशाओं में स्थित दो वर्धकों से अनुलेखन का आरंभ होना, जिससे अनुलेखन दोनों दिशाओं में हो सके ।

**DNA** — **डी.एन.ए.**

दे॰ deoxyribonucleic acid (डी ऑक्सीराइबो न्यूक्लिक अम्ल)

**DNA-ase** — **डी एन ए – एस**

वह एंजाइम जो डी.एन.ए. के आबंधों पर आक्रमण कर उन्हें तोड़ देता है ।

**DNA-driven hybridization** — **डी.एन.ए. कृत संकरण**

डी.एन.ए. के आधिक्य की आर.एन.ए. के साथ अभिक्रिया ।

**down promotor mutation(down mutation** — **अधः वर्धक उत्परिवर्तन**

किसी वर्धक में हुआ वह परिवर्तन जिसके द्वारा उस वर्धक से अनुलेखन का स्तर कम हो जाए । यह परिवर्तन अनुलेखन के आरंभ की बारंबारता कम कर देता है ।

**down stream** **अनुप्रवाह**

किण्वन उद्योग का वह प्रक्रम जिसका उपयोग जैविक अपघटन में होता है जहाँ ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में जटिलतर पदार्थों से सरलतम पदार्थों का निर्माण होता है जैसे कार्बोहाइड्रेटों से एल्कोहॉल का निर्माण होना ।

**drip** **ड्रिप**

बूंद-बूंद रूप में बहना ।

**droplet nucleus** **बिंदुक केंद्रक**

वह वायुवाहित कण जिसमें जीवनक्षम सूक्ष्मजीव रहते हैं ।

**drum-dried** **ढोल शुष्कित**

गरम ढोल में सुखाया गया ।

**dry wine** **शुष्क मदिरा**

कम या अकिण्वित शक्कर वाली सुरा ।

**dwarf male** **पुंवामन**

एक छोटा सा पौधा जो एक पुंबीजाणु (androspore) के अंकुरण से बनता है और अंडधानी (ईडोगोनियम) के पास उगता है ।

**early development** **प्रारंभिक परिवर्धन**

डी.एन.ए. अनुकृति के आरंभ होने से पहले फाज संक्रमण की अवधि ।

**ebola virus** **एबोला विषाणु, एबोला वाइरस**

कृमि रूपी वह सूत्र विषाणु, जो मध्य अफ्रीका के वर्षा वनों में मिलता है । ये वन एच.आई.वी. विषाणु के शरण स्थल भी हैं । यह विषाणु रक्तस्रावी ज्वर पैदा करता है और इससे मर्त्यता की दर 50से 90 प्रतिशत तक हो सकती है ।

**echinulate surface** **लघुकंटकी सतह**

महीन नुकीले शूलों से युक्त सतह ।

**echovirus** **इकोवाइरस, अंकोमा विषाणु**

पाइकोर्नाविरिडी कुल के आंत्र विषाणुओं का एक समूह । अंकोमा शब्द आंत्र कोशिका मानव रोग विषाणु का प्रथमाक्षरी नाम है ।

**eclipse** **तिरोभाव**

जीवाणुभोजी (बैक्टीरियोफाज) के संक्रमण के बाद का वह समय अंतराल जब परपोषी में पूर्ण विरियन उपस्थित नहीं होते ।

**ecosystem** **पारितंत्र, पारिस्थितिक तंत्र**

किसी भौतिकतः सुनिश्चित प्रावस्था में जीवों का संकुल समुदाय ।

**ecotype** **पारिप्ररूप, पारिस्थितिक प्ररूप**

जीव जिसने अपने पर्यावरण के प्रति अनुक्रिया के रूप में आकार संबंधी ऐसे गुण विकसित कर लिये हैं जो इसके जननद्रव्य (germplasm) में शामिल हो चुके हों ।

**ectoparasite** **बाह्यपरजीवी**

वह परजीवी जो परपोषी पर बाहर पाया जाता है ।

**ectosymbiosis** **बाह्य सहजीवन, बाह्य सहजीविता**

वह सहजीविता जिसमें एक जीव दूसरे जीव पर बाहर से पनपता हो ।

**ectotrophic** **बाह्यपोषक, बहिर्पोषक**

कवकमूल (mycorrhiza) के संबंध में जिसमें कवकजाल जड़ पर बाह्य आच्छादन बनाता है ।

**edema(oedema)** **शोफ**

शरीर के ऊतकों में अत्यधिक तरल का इकट्ठा होना ।

**efficacy** **प्रभावोत्पादकता**

किसी यौगिक के वे संयुक्त गुणधर्म जो उसके रसायन चिकित्सा में कर्मक होने की उपयोगिता में सहायक होते हैं ।

**effluent** **बहिःस्त्राव**

वे द्रवीय अपशिष्ट पदार्थ जो वाहित तथा औद्योगिक मलों का मिश्रण होते हैं ।

**electromagnetic radiation** **विद्युत् चुम्बकीय विकिरण**

ऊर्जा का वह रूप जो अंतरिक्ष से तीव्र वेग से संचरित होता है ।

**electron spin resonance (ESR)** **इलेक्ट्रोन चक्रण अनुनाद (इ॰ एस॰ आर॰)**

वह विकिरण जिसकी आवृत्ति सूक्ष्म तरंग क्षेत्र में होती है और जो पराचुम्बकीय पदार्थों द्वारा अवशोषित हो जाता है ।

**electrophoresis** **वैद्युतकण-संचलन**

वह विद्युत् रासायनिक प्रक्रिया जिसमें विद्युत् आवेश वाले निलम्बित कण विद्युत् धार के प्रभाव से विलयन में स्थानांतरित हो जाते हैं ।

**ELISA(Enzyme linked immuno sorbent assay)** **एलिसा**

प्रतिजनों (ऐन्टीजनों) या प्रतिरक्षियों (ऐन्टीबॉडी) के मापन की प्रक्रियाओं में से कोई प्रक्रिया जिसमें विशेष इम्यूनोग्लोबुलिन से सहबद्ध एन्जाइम की मात्रा का आमापन किया जाता है ।

**elongation factor** **दीर्घीकरण कारक**

पोली पेप्टाइड श्रृंखला में प्रत्येक ऐमीनो अम्ल के जुड़ने पर राइबोजोमों के साथ चक्री रूप से संबद्ध प्रोटीन ।

**encapsulation** **संपुटीकरण, संपुटन**

जीवाणु द्वारा अपनी रक्षा के लिए चारों ओर संपुट (कैप्सूल) जैसे आवरण का निर्माण ।

**encephalitis** **मस्तिष्क-शोथ**

मस्तिष्क का शोथ जिससे बेहोशी और मृत्यु हो जाती है ।

**endemic** **स्थानिक, विशेषक्षेत्री**

(रोग के संदर्भ में) कम प्रसार तथा सीमित भौगोलिक क्षेत्र में लगातार उपस्थित रहने वाला ।

**endemic disease** **स्थानिक रोग**

किसी भौगोलिकतः सीमित स्थान की जीव-संख्या को प्रभावित करने वाला संक्रामक रोग जिसकी दर नीची और स्थिर होती है ।

**endergonic reaction** **ऊर्जाशोषी अभिक्रिया एन्डर्गोनिक**

ऊर्जा का उपयोग करने वाली अभिक्रिया । इसे धनात्मक रूप में व्यक्त किया जाता है ।

**end labelling** **अंत्यांकन**

डी.एन.ए. सूत्र के 5' अथवा 3' छोर पर रेडियो ऐक्टिव रूप से अंकित वर्ग का जुड़ना ।

**endocarditis** **अन्तर्हृद्शोथ**

हृदय के कोष्ठों के भीतरी आवरण, एन्डोकार्डियम (अन्तर्हृदस्तर) झिल्ली का शोथ ।

**endocytosis** **अंतः कोशिकता, एन्डोसाइटोसिस**

वह प्रक्रिया जिसके द्वारा कोशिका किसी बाहरी पदार्थ के चारों ओर झिल्ली की पुटिका बनाकर उसे अपने भीतर ले जाती है । भक्षकाणु क्रिया तथा पिनोसाइटी क्रिया का सामान्य नाम ।

**endoenzyme** **अंतः प्रकिण्व, अंतः एंजाइम**

कोशिका के भीतर बनने वाला प्रकिण्व जो माध्यम में उत्सर्जित नहीं होता । इसे अंतः कोशिकीय प्रकिण्व भी कहा जाता है ।

**endoflagella** **अन्तः कशाम**

देखें periplasmic flagella

**endogenous** **अंतर्जात**

उत्पादक संरचना के भीतर पैदा होने वाला ।

**endolithic** **शिलांतरवासी, अंतःशैल**

पत्थर के भीतर रहने वाला ।

**endonuclease** **एंडोन्यूक्लिएस**

एक एंजाइम जो न्यूक्लिक अम्ल के सूत्र में उपस्थित बंधों को तोड़ता है । एन्जाइम एक सूत्री अथवा द्विसूत्री डी.एन.ए. अथवा आर.एन.ए. विशिष्ट हो सकता है ।

**endoparasite** **अंतः परजीवी**

जीव जो किसी बड़े जीव के भीतर रहकर उसे हानि पहुँचाता है ।

**endophyte** **अंतः पादपी**

(शैवाल के संबंध में) मुक्त रूप से न रहकर अन्य जीवों में रहने वाला ।

| | |
|---|---|
| **endoplasmic reticulam** | **अंतर्द्रव्यी जालिका**<br>कोशिका द्रव्य की चपटी झिल्ली, थैलियां और नलिकाएं जिनकी जैव संश्लेषण, अभिगमन तथा सुकेंद्रकीय (यूकैरोटों) के निचयन में भूमिका होती है । |
| **endospore** | **अंतर्बीजाणु, बीजाणु अंतश्चोल**<br>मूल भित्ति के भीतर जीवद्रव्यक (protoplast) के क्रमिक विभाजन से बनने वाला अचल बीजाणु । |
| **endosymbiosis** | **अंतः सहजीवन, अंतः सहजीविता**<br>वह सहजीवन जिसमें एक जीव दूसरे जीव के भीतर ही रहता है । |
| **endothermic** | **आन्तरोष्मी**<br>(रासायनिक अभिक्रिया से संबंधित) जिसमें पूर्ण रूप से ऊर्जा की खपत होती है । |
| **endotoxin** | **अंतराविष**<br>किसी ग्रैम–अग्राही जीवाणु की कोशिका भित्ति से व्युत्पन्न प्राणी विष विशेषतः बाहरी झिल्ली का लिपिड A भाग । |
| **endotrophic** | **परांतः पोषित**<br>कवकमूल (माइकोराइज़ा) के संबंध में जिसमें कवकजाल जड़ वल्कुट कोशिकाओं में पनपता है । |
| **endozoic** | **अंतः जंतुक**<br>किसी जंतु के शरीर के भीतर रहने वाला । |
| **end-product inhibition** | **अंत्य उत्पाद संदमन**<br>मार्ग में आरंभिक चरण का उत्प्रेरण करने वाले एंजाइम की सक्रियता को संदमित करने वाले चयापयची प्रक्रम की आरंभिक चरण में उत्पाद की सामर्थ्य । |

**enerics** — **इनेरिक**

आंत्र वनस्पति जात के विकल्पी अवायुजीवी ग्रैम-अग्राही वंशों के जीवाणु ।

**enteric** — **आंत्र**

आंत के संबंधित

**enterobacteriaceae** — **एन्टेरोबैक्टीरिएसी**

ऑक्सोडेस अग्राही, विकल्पी अवायुजीवी, ग्रैम-अग्राही दंडाकार जीवाणुओं का कुल ।

**entrotoxin** — **आंत्रविष**

जीवाणु बहि: आविषों का एक समूह जो आंत्र पर प्रभाव डालते हैं ।

**enzootic** — **पशुस्थानिक (महामारी)**

मुख्यरूप से जंतुओं पर होने और बना रहने वाला रोग ।

**enzyme** — **एन्जाइम, प्रकिण्व**

जीव द्वारा उत्पन्न कार्बनिक उत्प्रेरक एन्ज़ाइम ।

देखें adaptive enzyme, endoenzyme, exoenzyme.

**eosinophil** — **इओसिनरागी**

श्वेत रुधिर कोशिकाएं जो इओसिन (अम्ल अभिरंजक) से रंग जाती है । इनका कृमि संक्रमणों के प्रतिरोध में हाथ होता है ।

**ephemeral (short lived)** — **अल्पकालिक**

थोड़े समय तक जीवित रहने वाला बहुधा बीजाणु भित्तियों के लिए उपयोग किया जाने वाला शब्द ।

**epicellular** — **अधिकोशिकीय**

परपोषी की कोशिकाओं की सतह पर रहने वाला ।



6—10/CSTT/ND/97

**epidemic** — **महामारी**

विशिष्ट कर्मक द्वारा उत्पन्न रोग जो जनसंख्या के विशाल भाग में होता है।

**epidemiology** — **महामारीविज्ञान**

विशाल जनसंख्या में हो जाने वाले रोग तथा उनके कारकों का वैज्ञानिक अध्ययन।

**epidermis** — **बाह्य त्वचा, अधिचर्म**

त्वचा की बाहरी सतह।

**epilimnion** — **अधिसर**

जलाशयों के सतही स्तर जिनमें ऑक्सीजन तथा जैव मात्रा की उत्पत्ति प्रकाश संश्लेषण से होती है।

**epilithic** — **अधिशिलावासी**

चट्टान पर रहने वाला।

**epiphytes** — **अधिपादप**

जीव (सामान्यत: पौधे) जो दूसरे पौधों पर उगते हैं किंतु उनसे पोषण नहीं लेते।

**episome** — **अधिकाय**

एक प्लैस्मिड जो स्वायत्त, स्वत: प्रतिकृतिकर अवस्था में रहता हो अथवा परपोषी के गुणसूत्रों में घुलमिल सकता हो।

**epizoic** — **अधिजान्तव**

एक प्राणी पर आश्रित या जीवित रहने वाला।

**erythroblastosis fetalis** — **गर्भ रक्ताणुकोरकता**

Rh ऋण माताओं के Rh धन नवजात शिशुओं का रुधिरलयनी रोग; Rh समस्या।

**erythrogenic toxin** **लोहितजन आविष**

*स्ट्रेप्टोकोकस पाइसेजेनीज* द्वारा उत्पन्न आविष जिससे स्कारलेट ज्वर होता है ।

**essential gene** **अनिवार्य जीन**

वह जीन जिसकी अनुपस्थिति जीव के लिए घातक होती है ।

**esterase** **एस्टरेज़**

एन्जाइम का एक समूह जो एस्टरों का जलापघटन करता है ।

**etiology** **हेतु विज्ञान, हेतुकी**

रोग के कारण का अध्ययन ।

**estuary** **ज्वारनदमुख**

आंशिक रूप से घिरी तटीय जल राशि जो समुद्र से मिलती है ।

**eubacteria** **सुजीवाणु**

जीवाणुओं के दो बड़े समूहों में से एक जिसमें जीवाणुओं के आधारभूत लक्षण होते हैं और जो अधिकांश जीवाणुओं में पाए जाते हैं । दूसरा समूह आर्कियोबैक्टीरिया (आद्य जीवाणु) है ।

**eukaryotes** **यूकैरियोट, सुकेंद्रक**

जीवों (पादपों और जंतुओं) का विशाल समूह जिनकी कोशिकाओं में केंद्रक कला से घिरा हुआ होता है ।

**eukaryotic** **सुकेंद्रकी**

जीव जिनका केंद्रकीय पदार्थ एक सुस्पष्ट झिल्ली से घिरा रहता है ।

**eutectic** **गलन क्रांतिक, यूटेक्टिक**

वह परिस्थिति जब परिरक्षात्मक रसायनों का जल में संतुलित वितरण हो ।

**eutrophic** **सुपोषी**

पानी में पादप पोषणों की भरमार होने की स्थिति । इन पोषणों में जैव तथा अजैव दोनों प्रकार के पदार्थ शामिल हैं ।

**eutrophication** **सुपोषण**

झीलों में होने वाली काल प्रभावन प्रक्रिया जिसके दौरान जल में घुले पोषकों की मात्रा अधिक हो जाती है । इसके परिणामस्वरूप शैवाल तथा अन्य सूक्ष्म पादपों का अत्यधिक परिवर्धन होना है और घुली हुई ऑक्सीजन के स्तर घट जाते हैं

**eutorphic lake** **सुपोषी झील**

एक पोषण बहुल जलाशय जिसमें पौधों की विस्तृत वृद्धि होती है ।

**evapotranspiration** **वाष्पन-वाष्पोत्सर्जन**

मृदा की सतह, झीलों तथा सरिताओं और वायुमंडल में पादपों से पानी का उड़ना ।

**evolutionary clock** **विकासघड़ी**

किसी जीन में उत्परिवर्तनों की संचयन दर ।

**excision** **उच्छेदन**

(फाज अथवा अधिकाय (एपीसोम) अथवा अन्य अनुक्रम के संबंध में) मूल गुणसूत्र से एक स्वायत्त का कट कर अलग-अलग होना ।

**exergonic reaction** **ऊर्जाक्षेपी अभिक्रिया**

ऊर्जामोचन करने वाली अभिक्रिया । इसे ऋणात्मक के रूप में व्यक्त किया जाता है ।

**exoenzyme** **बाह्य एन्जाइम**

पर्यावरण में सूक्ष्मजीव द्वारा उत्सर्जित एन्जाइम । इसे कोशिका बाह्य एन्जाइम भी कहते हैं ।

**exogenous** **बहिर्जात**

उत्पादक संरचना के बाहर पैदा होने वाला ।

**exon** **इक्सॉन, प्रखंड**

परिपक्व RNA उत्पाद में अभिव्यक्त होने वाले विच्छिन्न जीन का कोई टुकड़ा ।

**exonuclease** **एक्सोन्यूक्लीएस**

ऐसे एन्जाइम जो पॉलिन्यूक्लीओटाइड श्रृंखला के सिरे से एक-एक करके न्यूक्लीओटाइडों को विदलित करते हैं और जो RNAया DNA के 5' या 3' सिरे के लिए विशिष्ट हो सकते हैं ।

**exopathogen** **बहिर्रोगजनक**

वह अपरजीवी जिसका कोशिका बाह्य आविष उपापचय पौधों में रोग उत्पन्न करता है ।

**exospore** **बहिर्बीजाणु**

ताप तथा शुष्कन रोधी बीजाणु जो मुकुलन की प्रक्रिया द्वारा कायिक कोशिका से बाहर बनता है । यथा मॅथीलोसाइनस वंश के मेथेन - ऑक्सीकारी बहिर्बीजाणु ।

**exothermic** **ऊष्माक्षैपी, ऊष्माउन्मोची**

(रासायनिक अभिक्रिया के संबंध में) जिसमें ऊर्जा निकलती है ।

**expanding wall** **प्रसारी भित्ति**

बीजाणुओं में उपस्थित भित्तियों के प्रकारों में से एक लेक्टिक अम्ल वाले यौगिकों और पोलीविनाइल ऐल्कोहॉल से उपचारित बीजाणु भित्ति का फूल कर मोटाई में बढ़ जाना ।

**exponential phase** **चरघातांकी प्रावस्था**

किसी संवर्धन की वृद्धि प्रावस्था जिसके दौरान किसी नियत वृद्धि अवस्थाओं में अधिकतम वृद्धि दर (न्यूनतम उत्पादन समय) बनी रहती है ।

**expression vector** **अभिव्यक्ति वेक्टर**

इस प्रकार डिजाइन किया गया क्लोनी-वैक्टर जिससे कि किसी विशेष स्थल पर डाला गया कोडन अनुक्रम, प्रोटीन में अनुरेखित और स्थानांतरित हो जाता है ।

**extracellular** **कोशिका बाह्य**

परपोषी कोशिकाओं से बाहर ।

**extrachromosomal genetic element** **गुणसूत्रबाह्य आनुवंशिक तत्व**

प्लास्मिड नामक एक आनुवंशिक तत्व जो जीवाणु कोशिका के कोशिका द्रव्य में स्वतः प्रतिकृति बनाता है ।

**exudate** **निःस्राव**

शोथयुक्त ऊतक या विक्षति में पाया जाने वाला तरल पदार्थ ।

**faciliated diffusion** **सुकृत विसरण**

वाहक की मध्यस्थता वाली अभिगम क्रियाविधि जिसको विसरण-प्रवणता सम्पन्न करती है ।

**facultative anaerobe** — **वैकल्पिक अवायुजीवी**

जीवाणु जो ऑक्सीजन की उपस्थिति या अनुपस्थिति दोनों ही दशाओं में वृद्धि कर सकता है ।

**facultative heterotroph** — **वैकल्पिक परपोषित**

एक स्वपोषित जो आवश्यकता पड़ने पर परपोषित की तरह कार्य कर सकता है ।

**false branching** — **आभासी शाखन**

नील हरित शैवाल में जब त्वचारोम (trichome) अपने आच्छद (sheath) से टूटकर एक शाखा बनाता है तो उसका एक भाग पुराने आच्छद में रह जाता है और दूसरा भाग बाहर की ओर निकला रहता है ।

**fastidious organism** — **फेस्टीडियस जीव**

ऐसा जीव जिसे सामान्य संवर्ध माध्यम पर अलग करने या संवर्धित करने में कठिनाई होती है क्योंकि इसे विशिष्ट पोषक कारकों की आवश्यकता होतीं है ।

**fauna** — **प्राणिजात, प्राणिता**

क्षेत्र या पर्यावरण विशेष में प्राणियों का समूह, जो उसकी विशेषता ।

**fermentation** — **किण्वन**

ऊर्जा उपलब्ध कराने वाली अवायवीय क्रिया । इसमें क्रियाधार के उत्पाद अंत्य इलैक्ट्रान ग्राही के रूप में काम करते हैं । ये उत्पाद क्रियाधार की अपेक्षा न तो अधिक ऑक्सीकृत होते हैं न अपचित । जैसे कि ऐल्कोहॉलीय पेय बनाने में अवायवीय दशा में यीस्ट द्वारा शर्करा का कार्बन आक्साइड और ईथेनोल में परिवर्तन ।

**f-factor** — **एफ–कारक**

जीवाण्वीय लिंग या अबंध्यता सम्पन्न प्लास्मिड ।

**fibrinolysin** **फाइब्रिनोलाइसिन**

रुधिर संलायी स्ट्रेप्टोकोकसों द्वारा उत्पन्न पदार्थ जो आतनचित रुधिर प्लाज्मा या फाइब्रिन के थक्कों को द्रवित कर सकता है। इसको स्ट्रेप्टोकाइनेस भी कहते हैं।

**filament** **तंतु**

कोशिकाओं की एक रैखिक पंक्ति जो सामान्यत: जीव-द्रव्य तंतुओं (plasmodesmata) वाले धागे के रूप में अपनी भित्तियों पर जुड़ी रहती है।

**filamentous** **तांतुक(तंतुल)**

सूत जैसी संरचनाओं वाला।

**filiform** **तंतुरूप**

धागे के आकार का।

**filter** **फिल्टर/निःस्यंदक**

अवांछित तरंग दैर्ध्यों वाले प्रकाश को अवशोषित करने वाला।

**fission** **विखंडन**

एक अलैंगिक प्रक्रिया जिसके द्वारा कुछ सूक्ष्मजीव जनन करते हैं। जीवाणुओं में इसी तरह कोशिका विभाजन से जनन होता है।

**flagellate** **कशाभी**

वे जीव या कोशिका जिसमें सूक्ष्म या बारीक कशा जैसा तंतु हो जिसकी मदद से कोशिका या जीव द्रव माध्यम में चल सकता है।

**flagllin** **फ्लैजेलिन**

जीवाणु कशाभिका का प्रोटीन एकलक (मोनोमर)

**flagellum (pl. flagella)** **कशाभ**

एक बाह्य सूत्र जैसी संरचना जो जीवाणुओं में एकल, समूहों या कूर्पों में पायी जाती है । यह गति की इन्द्रिय है । सुकेंद्रकी कशाभ कलाबद्ध गति के अंगक हैं ।

**flame photometry** **ज्वाला-प्रकाशमिति**

लौ में धातु के गलने से उत्पन्न प्रकाश की तीव्रता को मापने की विधि ।

**floater (bloater)** **प्लवित्र**

वह रचना जो खोखले खीरों (cucumbers) अथवा यीस्ट से उत्पन्न गैस द्वारा निर्मित होती है ।

**floc** **फ्लॉक**

वाहित मल का सूक्ष्म रूप से निलंबित तथा कोलाइड द्रव्यों का मिश्रण ।

**floccule** **उर्णिका**

सूक्ष्मजीवों अथवा अन्य पदार्थों का मिश्रण जो किसी द्रव में तिरता रहता है ।

**flora** **वनस्पतिजात, पादपता**

सूक्ष्मजैविकी में, स्थान विशेष में उपस्थित सूक्ष्मजीव । उदा. आंत्र-वनस्पतिजात, सामान्य मृदीय वनस्पतिजात ।

**floridean starch** **फ्लोरिडा मंड**

रोडोफाइटा का प्राथमिक संचयी उत्पाद । यह दानेदार, अत्यधिक शाखित पॉलीग्लूकॉन $(a^{-1,4})$ है जिसमें 1.6 पार्श्व शृंखलाएं होती हैं । यह ऐमिलोपेक्टिन और साइनोफाइसीय मंड से मिलता जुलता पदार्थ है ।

**fluorescence** — **प्रतिदीप्ति**

पदार्थों का वह गुणधर्म जिससे वे किसी लघु तरंग दैर्ध्य की प्रकाश का अवशोषण कर लम्बे तरंग दैर्ध्य के प्रकाश का कुछ देर से उत्सर्जित करता है । उदा. नीले प्रकाश का अवशोषित किए फ्लूओरेसीन रंजक के अणुओं द्वारा ही प्रकाश का उत्सर्जन ।

**foldback DNA** — **पश्चवलन DNA फोल्डबैक DNA**

ऐसा DNA जिसमें प्रतिलोमित पुनरावृत्त होते हैं जो कि विकृत DNA के अंतः लड पुनःसाहचर्य द्वारा पुनः विकृतिहीन हो जाते हैं ।

**fomite** — **संक्रमणी पदार्थ**

एक निर्जीव पदार्थ जोकि संक्रमण कारक के स्थानांतरण में भाग लेता है ।

**food poisoning** — **खाद्य विषाक्तता**

कुछ सूक्ष्मजैविक आविषों से संदूषित भोजन से होने वाला आमाशय या आंत्र का विक्षोभ ।

**foot printing** — **फुट-प्रिंटिंग, पाद-मुद्रण**

पद स्थल पहचानने के लिए काम में लाई जाने वाली तकनीक । यह DNA न्यूक्लीएस के आक्रमण के विरूद्ध इस क्षेत्र में आबंधों की रक्षा के कारण कुछ प्रोटीनों द्वारा परिबद्ध होती है ।

**formalin** — **फॉर्मेलिन**

फार्मेल्डीहाइड का 37 से 40 प्रतिशत जलीय विलयन ।

**form specialis (pl. formal specialis Abbr.Fsp.)** — **विशिष्ट रूप**

विशेष रूप, रोगजनक जाति का एक जैव प्ररूप जो अन्य प्ररूपों से इस बात से भिन्न है कि इसमें सुग्राह्य के वंश और जातियों पर संक्रमण कर सकने की क्षमता होती है ।

**forssman antigen** **फोर्समन प्रतिजन**

प्रकृति में विस्तृत रूप से व्याप्त विषमरागी प्रतिजन ।

**forward mutation** **अग्र उत्परिवर्तन**

वन्य-प्ररूप जीन को निष्क्रिय करने वाले उत्परिवर्तन ।

**fractional sterilization** **प्रभाजी निर्जर्मीकरण, प्रभाजी निर्जीवाणुकरण**

पदार्थ को 100°C (212°F) तक तीन दिन तक लगातार (बीच में ऊष्मायन अवधि के साथ) गरम करने से किया जाने वाला रोगाणुनाशन ।

**fragmentation** **खंडन**

जनक पौधे के एक टूटे हुए भाग से नए पौधे का बनना ।

**frameshift mutation** **ढांचाविस्थापन उत्परिवर्तन, फ्रेमशिफ्ट उत्परिवर्तन**

ऐसे विलोपन (deletion) या निवेशन (insertion) जो 36 के गुणज (multiple) नहीं है, से उत्पन्न उत्परिवर्तन । ये उत्परिवर्तन जिस ढांचे में त्रिक (triplet) प्रोटीन में रूपांतरित होते हैं उसमें परिवर्तन कर देते हैं ।

**freeze burn** **हिम-जलन**

किसी क्षेत्र की सतह से बर्फ के क्रिस्टलों का वाष्पन ।

**frei test** **फ्राइ परीक्षण**

वह त्वचा परीक्षण जो रतिज लसीकणिकागुल्म (लिम्फोग्रेनुलोमा वैनीरियम) उत्पन्न करने वाले कारण की सुग्राहिता निर्धारित करने के लिये किया जाता है ।

**frozen dessert** **बद्धवत मिष्ठान**

बहुत ठंडा मीठा व्यंजन जैसे दूध, कस्टर्ड, शरबत आदि ।

**fruticose** — **क्षुपिल**

झाड़ी जैसा ।

**fruiting body** — **फलन काय**

बीजाणु उत्पन्न करने वाला विशेष अंग ।

**frustule** — **फ्रूस्ट्यूल**

पाटों के दो अतिव्यापी अर्धों के रूप में विन्यस्त डाएटमों की कठोर कोशिका भित्ति ।

**frying** — **तलना**

वह प्रक्रिया जिसमें गर्म किए जाने वाले पदार्थ की बाहर सतह अति गर्म और मध्य में 100 सें॰ से भी कम गर्म होती है ।

**F-strain** — **एफ-प्रभेद**

कोशिका जिसमें गुणसूत्र के बाहर एक ऐसा एफ प्लास्मिड हो जो Hfr (एच एफ आर) कोशिका के गुणसूत्र के एफ. प्लास्मिड से कट कर बना हो ।

**fucosan vesicle** — **फ्यूकोसन गुटिका**

फीओफाइटा की कोशिकाओं में थैली जैसे अंग (organelles) जिनमें टैनिन और फिनोल होते हैं ।

**fulminating infection** — **स्फूर्जक संक्रमण**

एक आकस्मिक गंभीर तथा तेजी से फैलने वाला संक्रामक रोग ।

**fungi** — **कवक**

बीजाणु, पर्णहरितहीन, सामान्यतः गतिहीन, आकृति में विविधता वाले जीवों का वर्ग । इसके सदस्यों में कोशिका भित्ति होती है ।

**fungicide** **कवकनाशी**
वह पदार्थ जो कवक का विनाश करता हो ।

**fungus** **कवक**
पर्णहरित (क्लोरोफिल) रहित सूक्ष्मजीव जो प्रायः तंतुल होते हैं यथा फफूंदी और खमीर ।

**furuncle** **फुन्सी, पनसिका**
एक बाहरी फोड़ा जो चर्म का वेधन करता है ।

**fusiform** **तर्कुरूप**
तकुआ की आकृति का जो दोनों सिरों पर कुछ नुकीला हो ।

**gametangium** **युग्मकधानी**
युग्मक उत्पन्न करने वाली संरचना ।

**gamete** **युग्मक**
एक लिंग कोशिका जो दूसरी लिंग कोशिका से मिलकर युग्मनज (zygote) बना सकती है ।

**gametophyte** **युग्मकोद्भिद**
युग्मक उत्पन्न करने वाला प्रायः अगुणित पौधा ।

**gamma globulin** **गामा ग्लोबुलिन**
सीरम-ग्लोबुलिन का एक प्रभाज, जिसमें प्रतिपिंड अधिक संख्या में होते हैं ।

**gamone** **गैमोन, युग्मोन**
एक रसायन जिससे एक युग्मक दूसरे की ओर आकर्षित होता है ।

**gamont** **गैमॉन्ट**

अलैंगिकत: जनन करने वाले स्पोरोजोआ में उत्पन्न युग्मक ।

**gap** **अंतराल**

द्विक (duplex) (DNA की एक लड़ में एक या अधिक न्यूक्लीओटाइडों का न होना ।

**gas chromatograph** **गैस वर्ण लेख**

वह यंत्र जिसके द्वारा चयनात्मक अधिशोषण के माध्यम से गैसीय मिश्रण में विभिनन वाष्पशील रासायनिक यौगिकों का पृथक्करण तथा पहचान की जाती है ।

**gastroenteritis** **जठरांत्र शोथ**

आमाशय तथा छोटी आंतों की श्लेष्मा झिल्ली का शोथ ।

**gas-vacuole** **गैस–धानी**

गैस से भरी धानी जो कुछ प्वलकीय (planktonic) नील–हरित शैवाल के कोशिका द्रव्य में उठ जाती है ।

**gelatin** **जिलैटिन**

त्वचा, रोम, अस्थियों, कण्डाराओं इत्यादि से प्राप्त प्रोटीन, जो सूक्ष्मजीवों की विशिष्ट, प्रोटीनलायी क्रियाशीलता अथवा पैप्टोन निर्माण के निर्धारण के लिए संवर्ध माध्यम में प्रयुक्त होता है ।

**gelatinous** **जिलेटिनी, श्लेषी**

जैली जैसे गाढ़ापन वाला ।

**gene (cistron)** **जीन (समपार)**

पॉलीपेप्टाइड श्रृंखला को उत्पन्न करने वाला खंड । इसमें कोडन प्रदेश से पहले और बाद वाले क्षेत्रों (अग्रग और पश्चग) के साथ व्यष्टिगत कोडन खंडों (प्रखंडों अर्थात् (exon) के बीच मध्यवर्ती अनुक्रम (इन्ट्रान्स) शामिल हैं ।

**gene cluster** **जीन गुच्छ**

ऐसे संलग्न जीनों का एक समूह जो संबंधित या समरूप होती है ।

**gene conversion** **जीन रूपांतरण**

विषमद्विक (hteroduplex) DNA की एक लड़ का परिवर्तन जिसके द्वारा दूसरी लड़ को ऐसे स्थल पर सुसंगत बना लिया जाता है जहाँ क्षारकों के असंगत जोड़े होते हैं ।

**gene dosage** **जीन मात्रा**

जीनोम में किसी जीन की प्रतिलिपियों की संख्या ।

**gene family** **जीन कुल**

संबंधित एक्सॉन (प्रखंड) वाले जीनों का वह समुच्चय जिसके सदस्य किसी पूर्वज जीन के द्विगुणन और विभेदन के फलस्वरूप उत्पन्न हुए हों ।

**generation time** **जनन काल**

वर्धनशील अणुजीव के विभाजनों के बीच का अंतराल । दूसरे शब्दों में किसी संवर्ध को अपनी कोशिका संख्या को दुगुनी करने में लगने वाला समय ।

**genetic code** **आनुवंशिक कूट**

तिहरे क्षारक अनुक्रम में लिखी डी.एन.ए. की भाषा जिसे एम.आर.एन.ए (mRNA) में लिप्यंतरित कर पढ़ा जा सकता है तथा स्थानांतरण के दौरान निर्मित पॉलीपेप्टाइडों के रूप में व्यक्त किया जाता है ।

**genetic engineering** **आनुवंशिक अभियांत्रिकी, आनुवंशिक इंजीनियरी**

जीनों के लिए संयोजनों अथवा अनुक्रमों की रचना के उद्देश्य से किया जाने वाला पात्रे हेर-फेर, जो डी.एन.ए. अणुओं में किया जाता है ।

**genome** **संजीन (जीनोम)**

आनुवंशिक पदार्थ का पूर्ण समुच्चय अर्थात् जीनों का पूर्ण सेट ।

**genomic (chromosomal) DNA clone** **संजीनी(गुणसूत्री) क्लोन जीनोमी(गुणसूत्री)क्लोन**

क्लोनी वेक्टर द्वारा वहन किया जाने वाला संजीन का अनुक्रम ।

**genomic library** **संजीनालय**

पुनर्योजी डी.एन.ए. के अणुओं का संकलन जिसकी प्राप्ति और अनुरक्षण, क्लोन कारक युक्ति द्वारा किया जाता है ।

**genus (genera)** **जीनस, वंश**

निकटत: संबंधित जातियों (स्पीशीज़) को सम्मिलित करने वाली वर्गीकरण की एक कोटि जिसकी स्थिति कुल (family) के और जाति (species) के बीच में है ।

**germ** **रोगाणु, जर्म**

एक सूक्ष्मजीव, जो जीवों में विकृति तथा रोग पैदा करता है ।

**germicidal ice** **रोगाणुनाशी बर्फ**

हिमीभवन से पहले पानी में परिरक्षी रसायनों को मिलाने के बाद बनी बर्फ ।

**germicide** **रोगाणुनाशी**

वह कारक जो प्राय: विकृतिजनक सूक्ष्मजीवों का मारक होता है ।

**germination** **अंकुरण**

वह प्रक्रम जिसके दौरान बीजाणु कायिक कोशिका अथवा कवक तंतु को उत्पन्न करता है ।

**germination shield** **अंकुरण परिरक्षक**

अंडाकार आकृति से अनियमित आकृति तक की संरचनाए जिसमें बीजाणु की भीतरी झिल्लीमय भित्तियों से जनन नलिकायें निकल सकती हैं, उदाहरण के लिए *स्कूटेलोस्पोरा* की जातियां ।

**germ tube** **जनन नलिका**

अंकुरण के समय कवक बीजाणु से उत्पन्न तंतु या नलिकीय प्रवर्ध जिससे कवक तन्तुओं को बनाते हुए वृद्धि हो सकती है ।

**giardiasis** **जियार्डिया रुग्णता, जियार्डियता**

मानव की छोटी आंत में *जियार्डिया लैम्ब्लिआ* नामक प्रोटोजोअन की उपस्थिति ।

**gingiva** **मसूड़ा**

वह श्लेष्मिक कला तथा मृदु ऊतक जो दांतों को बांधकर रखता है ।

**gingivostomatisis** **मुख मसूड़ा शोथ, मसूडा मुखपाक**

*हर्पीस सिम्पलैक्स* विषाणु प्रकार 1 के संक्रमण से उत्पन्न मुंह और होठों के फफोले या शीत व्रण ।



7—10/CSTT/ND/97

**gilding motility** — **विसर्पी गतिशीलता**

सतहों के आरपार होने वाली गति जो कशाभिका रहित कुछ जीवाणुओं (मिक्सोबैक्टर) द्वारा होती है ।

**globose** — **गोलाकार**

लगभग गोल आकृति ।

**globule** — **पुंधानी**

कैरालीज़ का नर जननांग ।

**globulin** — **ग्लोबुलिन**

वह प्रोटीन जो उदासीन लवणों के तनु विलयन में विलेय परंतु जल में अविलेय होता है । प्रतिपिंड ग्लोबुलिन हैं ।

**glucose** — **ग्लूकोस**

मोनोसैकैराइड तथा हैक्सोस के रूप में वर्गीकृत कार्बोहाइड्रेट, जो अनेक सूक्ष्मजीवों में ऊर्जा स्रोत के रूप में प्रयुक्त होता है । इसे डैक्ट्रोस या अंगूर (द्राक्षा) शर्करा भी कहा जाता है ।

**glucoside** — **ग्लूकोसाइड**

ऐल्कोहॉल तथा ग्लूकोज़ पर लघुकारक कार्बन के बीच बना ऐनहाइड्राड ।

**glycogen** — **ग्लाइकोजन**

प्राणियों द्वारा संग्रहित किया जाने वाला पौलीसैकैराइड समूह का कार्बोहाइड्रेट । जल-अपघटन होने पर यह ग्लूकोस उत्पन्न करता है ।

**glycocalyx** — **ग्लाइकोकैलिक्स**

जीवाणु कोशिका भित्ति के बाहर वाले पॉलीसैकैराइड घटकों के लिए प्रयुक्त सामान्य शब्द ।

**glycolysis** — **ग्लाइकॉलांशन, ग्लाइकॉलिसिस**

एन्ज़ाइमी अभिक्रियाओं का एक क्रम जिससे ग्लूकोस के उपापचय से पाइरूविक अम्ल 2 मोल, ए.टी.पी. 2 मोल तथा अपचयित एन.ए.डी. 2 मोल बन जाते हैं ।

**glyoxylate cycle** — **ग्लॉयआक्सिलेट चक्र**

जैव रासायनिक क्रियाओं की वह शृंखला जिसमें एसिटिक अम्ल सक्सीनिक अम्ल में परिवर्तित हो जाता है ।

**golgi apparatus** — **गॉल्जी उपकरण**

यूकैरिओटिक (सुकेंद्रकी) कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में संवेष्टन केंद्र के रूप में कारगर झिल्ली वाले अंगक ।

**gonidium** — **गोनिडियम**

अलिंगी जनन कोशिका या *वालवाक्स* के समान शरीर ।

**gonimoblast** — **गोनिमोब्लास्ट**

फलबीजाणुधानी उत्पन्न करने वाला तंतु जो कार्पोगोनियम या सहायक कोशिका से पैदा होता है ।

**G-protein** — **जी. प्रोटीन**

ग्वानॉन न्यूक्लिओटाइड बंधक त्रितयी (प्रोटीनें जो प्लाज्मा झिल्ली में होती हैं) से परिबद्ध होने पर त्रितय जैसा ही बना रहता है और अक्रिय होता है । जब उपएकक से परिबद्ध जी.डी.पी. (G.D.P.) को जी.टी.पी. (G.T.P.) प्रतिस्थापित कर देता है, तो उपएकक द्वितय (dimer) से निर्मुक्त हो जाता है ।

**gracilicutes** — **ग्रैसिलीक्यूट**

प्रोकैरिओटी का विभाग जिसमें ग्रैम–अग्राही कोशिका भित्ति वाले जीवाणु सम्मिलित हैं ।

**granule** **कणिका, कनी**

शैवाल की कोशिकाओं में पाये जाने वाले ग्लाइकोजन के सूक्ष्मदर्शीय कण ।

**granulum** **कणिका**

सामान्यतः हरितचक्र में थाइलेक्वाइडों की परतें कणिका कहलाती है ।

**gratuitous inducer** **निर्मूल प्रेरक**

अनुलेखन के प्रामाणिक प्रेरकों से मिलते-जुलते प्रेरक लेकिन जो प्रेरित एन्जाइमों के लिए क्रियाधार नहीं होते ।

**GT-AG rule** **जी.टी-ए.जी नियम**

केंद्रकीय जीनों के इंट्रानों की पहली दोऔर बाद की दो स्थितियों पर नियत डाइन्यूक्लिओटाइडों की उपस्थिति ।

**gumma** **गम्मा**

*ट्रैपोनीमा पैलिडयम* के संक्रमण की अनुक्रिया स्वरूप उत्पन्न विक्षति जो सिफिलिस की तृतीयक अवस्था के लक्षण हैं ।

**gynandrosporous** **पुंजायांगधर**

पुंजीवाणु और अंडजननी के एक ही तंतु पर उत्पन्न होने की स्थिति ।

**gyrase** **गाइरेस प्ररूप**

*एश्चराई कोलाई* के टोपोआइसोमेरेस जो डी.एन.ए. में ऋणात्मक अतिकुंडलियां प्रवेश कराने में सक्षम होता है ।

**haematochrome** **हीमेटोक्रोम**

हरे शैवाल के युग्मनजों में तथा दृक् बिंदु में उपस्थित कैरोटीन के समान नारंगी या लाल तैलीय वर्णक ।

**hairpin** — **हेयरपिन**

एकल लड़ में आसन्न (विलोमित) अनुक्रमों के बीच क्षारक युग्मन से बनने वाला द्वि-कुंडलिनी प्रदेश ।

**halophile** — **लवणरागी**

वह सूक्ष्मजीव, जिसकी वृद्धि लवणों की अधिक सांद्रता (12 प्रतिशत से अधिक) से तेज होती है ।

**halplobiontic** — **अध्यगुणित**

केवल एक ही पृथक् बहुकोशिकीय संरचना जो द्विगुणित या अगुणित दोनों ही प्रकार की हो सकती है ।

**haploid** — **अगुणित**

गुणसूत्रों के पूर्ण समुच्चय वाला जीव ।

**haplont** — **अगुणितक**

जीव जिसमें द्विगुणित अवस्था केवल युग्मनज के उत्पादन में होती है ।

**haplotype** — **अगुणित प्ररूप**

कुछ गुणसूत्रों के सुस्पष्ट प्रदेशों में विकल्पियों का विशेष संयोजन जो वस्तुतः लघुरूपी जीन प्ररूप होता है । प्रारंभ में इस शब्द का प्रयोग विकल्यिों के संयोजनों का वर्णन करने के लिए किया गया किंतु अब यह आर.एफ.एल. पी.एस. (RFLPS) के विशेष संयोजनों का वर्णन करने के लिए प्रयुक्त होता है ।

**hapten** — **हेप्टीन**

एक छोटा अणु जो प्रोटीन के साथ संयुग्मित किए जाने पर प्रतिजन (एन्टीजन) के रूप में कार्य करता है ।

**haptonema** — **स्थापनसूत्र**

सूत्र जैसा कोशिकांग जो कुंडलित–अकुंडलित हो सकता है । यह कुछ हेप्टोफाइसी के सदस्यों के जकड़ने का कार्य कर सकता है, इस पर छोटे–छोटे रोम होते हैं और शल्कों द्वारा ढ़के रहते हैं ।

**head full requirement** — **पूर्ण सिर अपेक्षा**

संक्रमणशील हो सकने के लिए लैम्डा जीवाणु भक्षी के सिर में ऐसा डी.एन.ए. अग्र का होना अपेक्षित है जोकि 36.8kb युग्म और 51.5kb युग्म लम्बा हो ।

**halminth** — **किक्कश**

परजीवी कृमि, इनमें से अधिकांश गोल कृमि (ऐश्कैज्मेन्थीन) या फीता कृमि (प्लेटीहेल्मिन्थीज) होते हैं ।

**helper virus** — **सहायक विषाणु**

ऐसा विषाणु जो दोषयुक्त विषाणु में न होने वाले प्रकार्यों की पूर्ति करता है ताकि दोषयुक्त विषाणु मिश्रित संक्रमण के दौरान संक्रामक चक्र पूरा कर सके ।

**haemagglutination** — **रुधिर समूहन**

ऐन्टीबॉडी या विषाणु द्वारा लाल रुधिर कोशिकाओं का पिंड सा बन जाना ।

**haematuria** — **रक्तमेह**

मूत्र में रुधिर का होना ।

**haemolysis** — **रुधिरलयन**

जीवाणु प्रोटीनी आविषों में से एक जो लाल रुधिर कोशिकाओं का लयन करते हैं ।

**herpes labialis** **हर्पीज लैबिएलिस**

एक मानवरोग जिसका लक्षण है होंठों में विक्षति (शीत व्रण) जिसका कारण होता है *हर्पीज सिम्प्लैक्स* विषाणु।

**heterocyst** **हेटेरोसिस्ट**

नील हरित शैवाल में पाई जाने वाली स्थूल-भित्तिक।

**heteroecious** **विषमगर्ती**

सम्पूर्ण जीवनचक्र के लिए एक से ज्यादा परपोषी की जरूरत रखने वाला।

**heterogamy** **विषमयुग्मकी**

दो भिन्न प्रकार के युग्मकों वाला।

**heterokaryosis** **विषमकेंद्रकता**

आनुवंशिक रूप से भिन्न दो या अधिक केंद्रकों का एक ही कोशिका में मिलना।

**heterokont** **विषमकशाभिक, असमकशाभिक**

ऐसा जीव जिसमें असमान लम्बाई का कशाभ होता है।

**heteromorphic** **विषमरूपी**

एक से अधिक वृद्धि रूप युक्त जीवन चक्र वाली अवस्था। उदाहरणार्थ, युग्मकोद्भिद्, बीजाणु - उद्भिद् प्रावस्थाएं जो आकारिकी रूप से एक समान नहीं है।

**heteromultimeric proteins** **विषम बहुतयी प्रोटीन**

असमरूपी उपएकक (विभिन्न जीनों द्वारा कूटित) वाली प्रोटीनों में से कोई एक।

**heterophile antibodies** — **इतररासगी प्रतिपिंड**

कई सानपोशियों की रुधिर कोशिकाओं में मिलने वाले एरिथ्रोसाइट ऐन्टीजेन से अभिक्रिया करने वाली एन्टीबॉडी। यह संक्रामी मोनोन्यूक्लिओसिस (एक केंद्रक कोशिकता) के 90 प्रतिशत रोगियों के सीरम में पायी जाती है।

**heterothallism** — **विषमजालिकता, विषमथैलसता**

वह अवस्था जहाँ एक जीव लैंगिक रूप से धनात्मक या नर युग्मकों या ऋणात्मक (या मादा) युग्मकों को उत्पन्न करता है और इनका संलयन केवल भिन्न पादपों से बने युग्मकों के साथ होता है।

**heterothallism** — **विषमजालिकता**

(कवकों और शैवालों में)

वह अवस्था जब कि दो विभिन्न केंद्रकीय घटकों वाले दो कवकजालों के संयुग्मन से ही लैंगिक जनन क्रिया सम्पन्न हो सकती है। यद्यपि दोनों जालों में नर और मादा अंग होते हैं किंतु एक ही जाल के इन अंगों के बीच संयुग्मन संभव नहीं है।

**heterotrichous** — **विषमशूक, विषमतंतुक**

एक अवस्था जिसमें शैवाल में तंतुकों के भिन्न-भिन्न तंत्र होते हैं। तंतुक की शाखओं का एक तंत्र प्रायः लेटा हुआ होता है और एक सीधा खड़ा होता है।

**heterotroph** — **परपोषित**

वह जीव जो अपनी वृद्धि और उपापचय के लिए ऊर्जा स्रोत के रूप में कार्बनिक यौगिकों का उपभोग करने में सक्षम होता है।

**heterozygote** — **विषमयुग्मज**

किसी विशेष विस्थल पर भिन्न विकल्पियों वाला व्यष्टि।

**Hfr strain** — **Hfr - प्रभेद**

कोशिकाएं जिनके गुणसूत्रों में उर्वरता प्लास्मिड समाया होता है ।

**histiocyte** — **प्रभक्षाणु (हिस्टियोसाइट)**

वह बड़ा भक्षाणु (फेगोसाइट) जो जालिका अंतः स्तर तंत्र (रेटिक्यूलो-एन्डोथीलियल यंत्र) में होता है । यह बृहत् भक्षाणु भी कहलाता है ।

**histone** — **हिस्टोन**

क्षारीय समवैद्युत बिंदु से प्रोटीन (pH 10 - 11) जो शंकुरूप से डी.एन.ए. से बंधे होते हैं और जीन सक्रियता को नियमित करते हैं ।

**holdfast** — **स्थापनांग, संलग्नक**

वह आसजनक आधार, जो कुछ सूक्ष्मजीवियों के थैलसों को सतह से जोड़ता है ।

**hollow pickle** — **खोखला अचार**

अत्यधिक सांद्र नमक, शर्करा या सिरके के विलयनों के कारण संकुचित अचार ।

**holocarpic reproduction** — **पूणकायफलिक जनन**

कवक की वह जनन प्रक्रिया जिसमें कवक की संपूर्ण काया बीजाणुओं में खंडित हो जाती है ।

**holoenzyme** — **होलोएन्ज़ाइम, पूर्णएन्ज़ाइम**

एक पूर्ण क्रियाशील एन्जाइम जिसमें एपोएन्जाइम और सहएन्जाइम (कोएन्ज़ाइम) रहता है ।

**hologomy** — **पूर्णयुग्मन**

दो युग्मकों का सीधा संयुग्मन ।

**holonecrosis** — **पूर्णऊतकक्षय**

ऊतकों की मृत होने की अवस्था। मृतावस्था।

**holophytic nutrition** — **पादपसम पोषण**

पौधों में पाया जाने वाला विशेष प्रकार का पोषण; पोषक घोल के रूप में होते हैं।

**holothallism** — **पूर्णजालिकता**

(कवकों और शैवालों में) वह अवस्था जबकि एक ही केंद्रकीय घटक वाले दो कवकजालों के संयुग्मन से ही लैंगिक जनन क्रिया सम्पन्न हो सकती है।

**holozoic** — **पूर्णजान्तविक, प्राणिसमभोजी**

प्राणियों के समान ठोस आहार ग्रहण करने वाले जीव।

**homograft** — **समरोपण**

एक जाति के प्राणी के ऊतकों से प्राप्त ऊतक कलम का उसी जाति के प्राणी में रोपा जाना।

**homologous** — **समजात**

प्ररूप अथवा जाति के संदर्भ में समान।

**homomultimeric proteins** — **समबहुलीय प्रोटीन**

समरूपी उपएकक वाली प्रोटीनों में से कोई एक।

**homothallic** — **समजालिक**

क्लोन संवर्धन में लैंगिक रूप से जनन करने वाला शैवाल।

**horizontal resistance** — **क्षैतिज प्रतिरोध**

रोगजनक प्रजाति के प्रतिरोध की डिग्री। जानपदिक रोग के संदर्भ में रोगजनक की सभी प्रजातियों के विरूद्ध प्रतिरोध की क्षमता।

**hormocyst** — **हॉर्मोसिस्ट**

स्थूल भिति द्वारा आवृत हार्मोगोनियम ।

**host** — **परपोषी, पोषी**

वह जीव जो दूसरे जीव को आश्रय और पोषण देता है ।

**hot spot** — **तप्तस्थल**

कोई स्थल जिस पर उत्परिवर्तन (या पुनर्योजन) की बारम्बारता बहुत ज्यादा बढ़ जाती है । अथवा यह स्थान जहाँ संक्रामक जीवन की अधिकतम संख्या होती है ।

**house keeping (constitutive) gene** — **निर्वाही (अवयवी) जीन**

सभी कोशिका प्ररूपों के कार्यरत रहने के लिए आवश्यक मूलभूत प्रकार्य उपलब्ध कराने वाली जीनें जो सिद्धांतत: सभी कोशिकाओं में अभिव्यक्त होती हैं ।

**humoural antibody** — **तरली प्रतिपिंड**

रुधिर, लसीका जैसे शरीर के तरलों में पाए जाने वाले प्रतिरक्षी ।

**humoural immunity** — **देहद्रवी प्रतिरक्षा**

जीव की रोधक्षमता, जो रक्त में प्रतिजन के प्रवेश से बने प्रतिपिण्डों के रक्तधारा में प्रवाहित होने से होती है । अथवा सीरम के माध्यम से स्थानांतरित हो सकने वाली प्रतिरक्षा ।

**humus** — **ह्यूमस**

सूक्ष्मजीवाणुओं के द्वारा अपघटित मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ । मिट्टी में पाया जाने वाला पदार्थ जो सूक्ष्मजीवाणु द्वारा कार्बनिक पदार्थों के अपघटन से बनता है ।

**hyaluronidase** — **हायल्यूरोनिडेस**

वह एन्जाइम, जो हायल्यूरोनिक अम्ल के विघटन में उत्प्रेरक का कार्य करती है । इसे प्रसारण कारक भी कहते हैं ।

**hybrid arrested translation** — **संकर रुद्ध स्थानांतरण**

ऐसी पात्रे तकनीक जिससे एम.आर.एन.ए. (mRNA) से संगत भी सी.डी.एन.ए. (cDNA) को पहचाना जाता है । यह तकनीक आर.एन.ए. (RNA) के साथ आधार युग्म बनाकर स्थानांतरण को संदमित करने की क्षमता पर आधारित है ।

**hybridization** — **संकरण**

आर.एन.ए. (RNA) और डी.एन.ए. (DNA) की पूरक लड़ों का युग्मन जिसके फलस्वरूप आर.एन.ए. - डी.एन.ए. (RNA - DNA) संकर बनता है ।

**hybridoma** — **हाइब्रिडोमा**

एक संकर कोशिका जो मज्जार्बुद (माइलोमा) और प्रतिपिण्ड बनाने वाली बी. लीम्फोसाइट के संलयन से बनती है ।

**hydrocooling** — **जलशीतन**

सामान्य शीत संग्रहण से पहले ठंडा करने की प्रक्रिया ।

**hydrogen swell** — **हाइड्रोजन स्फीति**

खाद्य अम्ल तथा डिब्बे के लोहे की अभिक्रिया के परिणामस्वरूप हाइड्रोजन गैस की उपस्थिति ।

**hydrolysis** — **जल-अपघटन**

वह रासायनिक अभिक्रिया जिसमें जल अन्य पदार्थ से क्रिया करके दो या दो से अधिक नए पदार्थ बनाता है । इसमें जल के अणु का आयनीकरण तथा कार्याधार पदार्थ टूटता है ।

**hydrophobia** **जलभीति**

पानी से भय ।

**hydrophobic** **जलभीत**

पानी से डरने वाला (कोई जीव या कोशिका)

**hyperchromicity** **अतिवर्णता**

प्रकाशित घनत्व (optical density) में वृद्धि जिससे डी.एन.ए. (DNA) का विकृतिकरण हो जाता है ।

**hyperparasite** **परात्परजीवी**

ऐसा जीव जो परजीवी के ऊपर परजीवी हो ।

**hypersensitization** **अतिसूक्ष्मग्रहण**

**(densensitization)** यह प्रक्रिया जिसमें वर्धनशील मात्रा में प्रत्यूर्जकों (ऐलर्जनों) का निरंतर वर्माभ्यंतरी संक्रमण (प्रत्यूर्जता 'शाट') होता है इसका उद्देश्य उन प्रत्यूर्जकों के प्रति रोगी की संवेदनशीलता को कम करता है ।

**hypersenstivity** **अतिसंवदेनशीलता**

बाहरी पदार्थों के प्रति अत्यधिक संवदेनशीलता ।

**hypha** **कवक जंतु**

कवक का सूत्र ।

**hypal terminus** **कवकतंतु टर्मिनस**

एक विशिष्ट उभरी हुई कवक तंतु की नाक जिसके पार्श्व में बीजाणु धारण करने वाले शुंडित तंतु संलग्न हैं ।

**hyphnospore** **सुप्तबीजाणु**

ऐसा अचल बीजाणु जो स्थूल भित्ति के कारण चिरकालिक हो जाता है ।

**idli** — **इडली**

चावल व उड़द का किण्वित भोज्य पदार्थ । यह गोल व चपटा होता है तथा इसे भाप से पकाया जाता है ।

**idling reaction** — **अलस-अभिक्रिया**

A स्थल में अनावेशित tRNA की उपस्थिति में राइबोसोम द्वारा pppGpp और ppGpp की उत्पत्ति ।

**IDU (Idoxuridine)** — **आई.डी.यू. (आयडोक्सूरिडिन)**

5 आयडो – 2 डीऑक्सी यूरीडिन, एक विषाणु प्रतिरोधी औषधि । इसे मुख द्वारा न देकर ऊपर से लगाया जाता है । इसका उपयोग हर्पीज के उपचार में किया जाता है ।

**immune serum** — **प्रतिरक्षी सीरम**

वह रक्त सीरम, जिसमें एक या अधिक विशिष्ट प्रतिपिण्ड होते हैं । यह जीव को प्रतिरक्षा प्रदान करता है ।

**immunity** — **प्रतिरक्षा**

वियोजियों के संदर्भ में प्राग्विभोजी द्वारा कोशिका में उसी प्ररूप के दूसरे विभोजी के संक्रमण को रोकने की क्षमता । यह प्राग्विभोजी संजीन द्वारा विभोजी दमनक के संश्लेषण का परिणाम है । ट्रान्सपोसोनों के एक ही डी.एन.ए. अणु में उसी प्ररूप के दूसरे ट्रान्सपोसोनों के अंतरण को रोकने की क्षमता । अथवा किसी संक्रमण कारक के प्रति व्यष्टि अथवा समष्टि की बढ़ती हुई प्रतिरोध क्षमता ।

**immunization** — **प्रतिरक्षीकरण, प्रतिरक्षण**

वह प्रक्रम जिसके द्वारा परपोषी में रोग विशेष के प्रतिरोध की क्षमता उत्पन्न होती है ।

**immuno-electrophoresis** — **प्रतिरक्षा वैद्युतकण–संचलन, इम्यूनो इलैक्ट्रोफोरेसिस**

विभिन्न प्रतिजनों अथवा प्रतिपिंडों को पहचानने की वह विधि, जिसमें रोधक्षम विसरण और वैद्युतकण संचलन का उपयोग किया जाता हो ।

**immunogencity** — **प्रतिरक्षीजनकता**

प्रतिजनों द्वारा विशिष्ट प्रतिपिण्डों के निर्माण को उद्दीपित करने की क्षमता ।

**immunology** — **प्रतिरक्षाविज्ञान**

शरीर में किसी बाहरी पदार्थ या एंटीजन को प्रविष्ट कराकर प्राणी पर होने वाली प्रतिक्रिया का अध्ययन; अथवा सूक्ष्मजैविकी की वह शाखा जिसमें किसी जीव के शरीर में बाहरी पदार्थ प्रविष्ट कराने से होने वाली प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया जाता है ।

**immunoglobulins (Ig)** — **इमुनोग्लोबुलीन (आई.जी.)**

प्रतिजनों का एक प्रकार ।

**imperfect fungi** — **अपूर्ण कवक**

कवकों का वह समूह, जिसमें लैंगिक जनन नहीं होता है ।

**impingement** — **संघट्टन**

सूक्ष्मजीवों का नमूना लेने की युक्ति, जिसकी ठोस सतह पर वायु–विलय (ऐरोसॉल) कणों का एकत्रीकरण होता है ।

**IMVIC** — **आई.एम.वी.आई.सी.**

*एस्कोरीशिया कोलाई* और *एन्टेरोबेक्टर एअरोजीन* में भेद करने के लिए किए जाने वाले परीक्षण ।

**inactivation** — **निष्क्रियण**

किसी पदार्थ की क्रियाशीलता को नष्ट करना । उदाहरण के लिए यदि रक्तसीरम को $56^0$ से.ग्रे. पर 30 मिनट तक गर्म किया जाए तो उसका पूरक पदार्थ नष्ट हो जाता है ।

**inserate sedis** — **अनिश्चित स्थानी**

वह सूक्ष्मजीव, जिसका वर्गीकरण अज्ञात है ।

**inclusion bodies** — **अंतर्वेशकाय**

सामान्य पदार्थ (बहुधा बाहरी) का अंतर्कोशीय पिंड ।

**incompatibility** — **असंगतता**

कुछ जीवाण्वीय प्लास्मिडों की एक ही कोशिका में साथ-साथ रहने की असमर्थता, जो प्लास्मिड प्रतिरक्षा के कारण होती है ।

**incubation** — **ऊष्मायन**

सूक्ष्मजीवियों के संबंधों की वृद्धि के लिए उन्हें अनुकूल (विशेषकर उचित तापमान) परिस्थितियों में रखना ।

**incubation period** — **ऊष्मायन-अवधि**

1. संक्रमण होने और उसके प्रथम लक्षण दिखाई देने के बीच का समय
2. किसी माध्यम में सूक्ष्मजीवों की प्रविष्टि के बाद वृद्धि और उसके प्रदर्शित होने का समय ।

**indicator** — **सूचक**

वह पदार्थ जिसका रंग परिस्थितियों के परिवर्तन के अनुसार बदलता है उदा॰ पी.एच. मान अम्लीयता और क्षारीयता के परिवर्तनों को दिखलाते हैं ।

**indirect labeling** **अप्रत्यक्ष अत्य लेबलन**

DNA के एक विशिष्ट स्थान पर काट देकर और काट के एक तरफ संलग्न अनुक्रम वाले सभी टुकड़ों को पृथक् करके DNA संगठन की जाँच करने की तकनीक ।

**induced enzyme** **प्रेरित प्रकिण्व, प्रेरित एन्ज़ाइम**

दे॰ adaprive enzyme

**induced mutation** **प्रेरित उत्परिवर्तन**

सहज रूप से प्रकृति में होने वाले उत्परिवर्तनों के विपरीत, उत्परिवर्तजन के प्रभाव से होने वाले उत्परिवर्तन ।

**inducer** **प्रेरक**

एक छोटा अणु जो नियमनकारी प्रोटीन से बंधन करके जीन अनुरेखण की प्रक्रिया चालू करता है ।

**induction** **प्रेरण**

जीन अभिव्यक्ति के संदर्भ में (क्रियाधारों की मौजूदगी में जीवाणुओं (या खमीर) की कुछ एंज़ाइमों के संश्लेषण का आरंभ जो विप्रेरक की नियामक प्रोटीन के साथ पारस्परिक क्रिया के फलस्वरूप अनुरेखण को चालू करता है ।

**induction of prophage** **प्राग्विभोजी प्रेरण**

लयजनी दमनक के नाश हो जाने के फलस्वरूप परपोषी संजीन से प्राग्विभोजी का उच्छेदन और लयन (संक्रामक) चक्र में प्रवेश ।

**infection thread** **संक्रमण तंतु**

रोगजनक कवक का वह विशिष्ट तंतु जो ऊतक पर हमला करता है ।



8—10/CSTT/ND/97

**infectious** **संक्रामक**

बाह्य अभिकर्ता की मदद से रोगजनक का एक सुग्राही (जीव) से दूसरे तक स्थानांतरित होना ।

**infectious disease** **संक्रामक रोग**

आक्रामी जीव या विषाणु द्वारा परपोषी के शरीर, कार्य या दोनों में उत्पन्न गड़बड़ी ।

**infective** **संक्रामी**

संक्रामक अभिकर्ता, जो रोग फैलाता है ।

**infest(n-infestation)ग्रसन**

बड़े स्तर पर संक्रमण ।

**inflammation** **शोथ**

क्षतिग्रस्त ऊतक के प्रति अनुक्रिया से उत्पन्न लाली, सूजन, दर्द, दाह और दाब वेदना ।

**ingress** **अंतर्गमन**

वह क्रिया जिसके द्वारा रोगाणु ऊतक में प्रवेश करता है ।

**inhibition** **संदमन**

सूक्ष्मजीवियों की वृद्धि अथवा उनके गुणन को रोकना ।

**initiation factor** **प्रारंभन कारक**

प्रोटीन संश्लेषण आरंभ करने के उद्देश्य से राइबोसोम के छोटे उपएकक से संबद्ध प्रोटीनें ।

**innate immunity** **सहज प्रतिरक्षा**

ऐसी प्रतिरक्षा जो अर्जित न होकर जातियों के लिए वंशानुगत होती है ।

**inoculate** — **संरोपण**

संरोप्य को माध्यम में या संक्रमण क्षेत्र में स्थानांतरित करना ।

**inoculum (pl. inocula)** — **संरोप्य, टीका**

रोगजनक का वह भाग जो संक्रमण क्षेत्र में पहुँचाया जाता है ।

**insertion** — **निवेशन**

DNA में क्षारक युग्मों की अतिरिक्त वितति (stretch) का पाया जाना ।

**insertion mutation** — **निवेशी उत्परिवर्तन**

उत्परिवर्तन कराने के लिए किसी जीन के भीतर बाहरी डी.एन.ए. को मिला देना ।

**insertion sequence** — **निवेशन अनुक्रम**

छोटा जीवाण्वीय ट्रान्सपोसोन जो केवल अपने स्थानांतरण के लिए जरूरी जीनों का वहन करता है ।

**in situ** — **स्वस्थाने**

अपने मूल अथवा प्राकृतिक स्थिति में । इस शब्द का प्रयोग तब किया जाता है जब किसी जीव का उसी स्थल पर अध्ययन किया जाए जहाँ वह स्थित है ।

**insitu hybridization** — **स्वस्थाने संकरण**

एक लड़ीय DNA के मिलन की प्रक्रिया जो सूक्ष्मदर्शीय स्लाइड पर अपमर्दित कोशिकाओं के DNA के गुणनाशन से संभव होती है ।

**integration** — **समाकलन**

परपोषी अनुक्रमों के किसी एक तरफ सहसंयोजक सहलग्न क्षेत्र के रूप में विषाण्वीय या दूसरे अनुक्रम का क्षेत्र निवेशन ।

**interbridges** — अंतरा सेतु

पॉलीपेप्टाइडों के छोटे–छोटे अंतरक (स्पेसर) जो ग्राम–ग्राही जीवाणुओं के पेप्टाइडोग्लाइकेन में पाये जाते हैं ।

**intercistronic region** — अंतरासमपार क्षेत्र

एक जीन के समापन (टर्मिनेशन) कोडॉन और अगले जीन के आरंभन कोडॉन के बीच की दूरी ।

**interferon** — एन्टराफेरॉन

अधिकांश कशेरुकी कोशिकाओं द्वारा उत्पन्न प्राणी कोशिका के ग्लाइको प्रोटीन जो अन्य कोशिकाओं की विषाण्वीय संक्रमण से रक्षा करते हैं ।

**intoxication** — आविषांचन

आविषों के प्रभावों से उत्पन्न स्थिति ।

**intracellular enzyme** — अंतःकोशिक एन्जाइम

देखे endoenzyme

**intracellular parasite** — अंतर्कोशीय परजीवी

ऐसा परजीवी जो सामान्यतया किसी कोशिका के भीतर फलता–फूलता है ।

**intron** — इन्ट्रॉन

ऐसा अनुलेखित खण्ड जो अनुलेखन के दौरान अनुलेख में से अलग हो गया हो । यह प्रक्रिया किसी एक तरफ के अनुक्रमों के खंड के साथ संबंध का परिणाम है ।

**intummenscence** — पिटिका

अतिवर्धन – लक्षण जो फफोले या छाले के समान सूजन से अभिलक्षित होता है ।

**invasion** **आक्रमण**

रोग ग्रस्त पादप के ऊतकों से रोगाणु का फैलाव ।

**invasive disease** **आक्रामी रोग**

परपोषी को होने वाली वह क्षति जो सूक्ष्मजीवों तथा उनके उत्पादों द्वारा परपोषी के अंदर गुणन के कारण होती है ।

**invegination** **अंतर्दलन**

बाहरी सतह के दबाव में आकर अंदर की ओर धंस जाना ।

**invertase** **इन्वर्टेस**

वह एंज़ाइम, जो जल–अपघटन द्वारा सुक्रोस को ग्लूकोस तथा फ्रक्टोस (फल शर्करा) में बदल देता है ।

**inverted terminal repeats** **प्रतिलोमित अंत्य पुनरावर्त**

कुछ ट्रान्सपोसोनों के सिरे पर उल्टे अभिविन्यास में मौजूद निकट संबंधित या समरूप अनुक्रम ।

**invested repeats** **प्रतिलोमित पुनरावर्त**

एक ही अणु पर विपरीत अभिविन्यास वाली एक ही अनुक्रम की दो प्रतिकृतियां ।

**in vitro** **पात्रे**

पात्र में, अर्थात् (कांच की) परखनली अथवा प्रयोगशाला के अन्य पात्रों में । इस शब्द का प्रयोग किसी जीव का परीक्षण प्रयोगशाला के पात्रों में करने पर किया जाता है ।

**in vivo** **जीवे**

सजीव के अंदर । इस शब्द का प्रयोग जीव के अंदर होने वाली जैविक प्रक्रियाओं के परीक्षण के संदर्भ में किया जाता है ।

**iodophore** — **आयोडोफोर**

आयोडीन का कार्बनिक यौगिक ।

**irritability** — **उत्तेजनशीलता**

भौतिक या जैविक पर्यावरण में होने वाले परिवर्तन के विरोध में जीवों द्वारा दर्शायी गई अनुक्रियाशीलता ।

**isoaccepting tRNA** — **समस्वीकार्य tRNA**

अपनी तरह के ऐमीनों अम्ल को निरूपित करने वाला । DNA के 1000 क्षारक युग्म या RNA के 1000 क्षारकों के लिए प्रयोग किया जाने वाला संकेताक्षर ।

**isoagglutinin** — **आइसोऐगुलिटिनिन**

रक्तसीरम में पाया जाने वाला प्रतिपिंड जो सभी व्यष्टियों में अधिकांश एग्लुटिनाजेनों या प्रतिजनों (एंटीजनों) के विरूद्ध पाया जाता है । यह व्यष्टि की लालरुधिर कोशिकाओं में नहीं होता है ।

**isoantibody** — **समप्रतिपिंड**

किसी जाति के कुछ सदस्यों में पाया जाने वाला प्रतिपिंड, जो अपनी ही जाति के अन्य सदस्यों की कोशिकाओं अथवा कोशिका घटकों को प्रभावित करता है ।

**isoantigen** — **समप्रतिजन**

किसी जाति विशेष के एक ही सदस्य में पाया जाने वाला ऊतक विशिष्ट प्रतिजन, जो दूसरे सदस्य में नहीं पाया जाता है । इसे एलोएन्टीजन भी कहते हैं ।

**isoenzyme** — **समएन्ज़ाइम**

उन विभिन्न संरचनाओं वाले प्रकिण्वों के समूह का एक प्रकिण्व जिनके उत्प्रेरक गुणधर्म समान अथवा लगभग समान होते हैं । इसे आइसोजाइम भी कहते हैं ।

**isogamy** **समयुग्मकता**

दो आकृतिक रूप से समान युग्मकों का संलयन, जैसे जाइगोमाइसिटीज़ के सदस्यों में मिलने वाली स्थिति ।

**isograft** **समकलम**

आदाता द्वारा समान जाति के दाता से प्राप्त होने वाला ऊतकों का एक निरोप जिसे समनिरोप भी कहते हैं ।

**isohaemoaggultinin** **आइसोहीमोएग्लुटिनिन**

ऐसी रक्त वर्ग संबंधी प्रतिकाय जो लाल रक्त कोशिकाओं की एन्टीजनों से क्रिया करती है ।

**isokont** **समकशाभिक**

बराबर की लम्बाई के कशाभयुक्त जीव ।

**isoniazid** **आइसोनियाज़िड**

यक्ष्मा रोग के उपचार की औषधि, जो संरचना में पाइरीडोक्सीन की तरह होती है । इसे आइसोनिकोटिनिक एसिड हाइड्राजाइड (आई एन एच) भी कहते हैं ।

**isotonic** **समपरासारी**

कोशिका के परासरण दबाव के समान परासरण दबाव वाला ।

**isotope** **समस्थानिक, आइसोटोप**

वे रासायनिक तत्व जिनकी परमाणु संख्या तथा रासायनिक गुणधर्म एक जैसे होते हैं किंतु जिनका परमाणु भार भिन्न-भिन्न होता है ।

**kahn test** **काह्न परीक्षण**

सिफलिस रोग के निदान के लिए किया जाने वाला मानक परीक्षण । यह परीक्षण सक्रिय रक्त सीरम में तनुकृत

प्रतिजन मिलाकर किया जाता है । इसका सर्वप्रथम प्रयोग काह्न द्वारा किया गया था ।

**k-antigen** **के-प्रतिजन/ऐंटीजन**

कुछ जीवधारियों की बाहरी सतह पर पाया जाने वाला एक प्रतिजन घटक जो विशेषरूप से ग्रैम-अग्राही जीवाणुओं में पाया जाता है ।

**kaposis sarocma** **कापोसी सार्कोमा**

द्रुत गति से फैलने वाला त्वचा का कैन्सर जिसके लक्षण हैं त्वचा पर बैंगनी रंग के धब्बे और उभार । इस कैंसर की बारंबारता एड्स के रोगियों में बहुत अधिक होती है ।

**karyogamy** **केंद्रक संलयन**

युग्मकों के केंद्रकों का पूरी तरह से आपस में मिल जाना, जैसा कि निषेचन में होता है । अथवा केंद्रकों का संलयन ।

**karyotype** **केंद्रक प्ररूप, गुणसूत्रप्ररूप**

कोशिका विभाजन की मध्यावस्था में गुणसूत्रों की संख्या, आकार तथा आकृति के संदर्भ में किसी (यूकेरियोटिक) कोशिका की गुणसूत्रीय संरचना ।

**kelp** **केल्प**

बृहत् भूरे समुद्री शैवालों (seaweed) का सामान्य नाम ।

**kinetic complexity** **गतिक जटिलता**

डी.एन.ए. पुनः साहचर्य की बलगतिकी द्वारा मापित डी.एन.ए. घटक की जटिलता ।

**kline test** **क्लाइन परीक्षण**

सिफलिस रोग के निदान के लिए सूक्ष्मदर्शी की सहायता से किया जाने वाला मानक ऊर्णन परीक्षण ।

**koch's postulates** **कॉख अभिगृहीत**

संक्रमण कारक और रोग के बीच के कार्यकारी संबंध को दर्शाने वाला प्रायोगात्मक उपगमन ।

**koji** **कोज़ी**

भाप से पकाए गए धान्यों अथवा सोयाबीन पर फफूंदी (प्राय: *एसपरजिलस ओरिज़ी*) उगाकर बनाया गया भोज्य पदार्थ । यह फफूंदी प्रोटिएस, एमिलेस, पेक्टिनेस, ग्लूटामिनेस आदि एंज़ाइम उत्पन्न करती है और इससे सोया सॉस, मिसो आदि तैयार किए जाते हैं ।

**kreb's cycle** **क्रेब–चक्र**

वह एन्ज़ाइम तंत्र जो पायरुविक अम्ल को ऑक्सीजन की उपस्थिति में कार्बनडाईऑक्साइड में परिवर्तित करता है, साथ ही ए.टी.पी. के रूप में बंधी ऊर्जा भी निकालता है । इसे साइट्रिक अम्ल चक्र अथवा ट्राई कार्बोक्सिलिक अम्लचक्र (टी.सी.ए.) भी कहते हैं ।

**kril** **क्रिल**

प्लवकी क्रस्टेशियाई प्राणी ।

**lactose** **लैक्टोस (दुग्धशर्करा)**

डाइसेक्राइड कार्बोहाइड्रेट, जो जल अपघटन द्वारा ग्लूकोस और गैलेक्टोस में टूट जाता है । दूध में पाए जाने के कारण इसे दुग्ध शर्करा कहते हैं ।

**lagging strand** **पश्चगामी लड़, पश्चवर्ती लड़**

कुल मिलाकर 3'–5' दिशा में बढ़ने वाल DNA लड़ । यह ऐसे छोटे-छोटे खंडों (5–3) में रुक-रुक कर संश्लेषित होती है जो बाद में सहसंयोजक रूप में जुड़ जाते हैं ।

**lagooning** **अनूपन**

अपशिष्ट जल को उथले तालाबों में एकत्रित करना ।

**lag phase** — **पश्चता प्रावस्था**

वृद्धि की वह प्रावस्था जिसके दौरान जीवाणु नये माध्यम से अनुकूलित हो जाता है।

**lamella** — **पटलिका**

पतली प्रकाशसंश्लेषी कला।

**laminar airflow** — **स्तरीय वायु प्रवाह**

ऐसा वायु प्रवाह जिसमें धाराएं आपस में नहीं मिलती हैं, अपितु समांतर दिशा में प्रवाहित होती है।

**laminarin** — **लैमिनेरिन**

भूरे शैवाल में पाये जाने वाला ग्लूकोज़ और मेनिटोल का एक बहुलक।

**lancefield's group** — **लेन्सफील्ड वर्ग**

स्ट्रेप्टोकोकस जीवाणुओं के समूह। इन समूहों का वर्गीकरण कोशिका-भित्ति में उपस्थित पॉलीसैकैराइड की उपस्थिति तथा सीरम तकनीक के आधार पर किया जाता है।

**latent** — **गुप्त**

जो दिखाई न दे। उदा. ऐसा रोगवाहक जो गुप्त संक्रमण के बाद भी लक्षण नहीं दिखाता।

**late period (of phage development)** — **(विभोजी परिवर्धन का) पश्चकाल**

DNA प्रतिकृति शुरू होने के बाद वाला संक्रमण।

**lateral conjugation** — **पार्श्व संयुग्मन**

एक जैसे तंतु की सन्निकट कोशिकीय पदार्थों का संयुग्मन।

**leader** — **अग्रग**

RNA के 5' सिरे पर अस्थानांतरित अनुक्रम जो कि आरंभन कोडॉन से पहले होता है ।

**leader sequence** — **अग्रग अनुक्रम**

लघु *N- अंत्य* अनुक्रम को विरूपित करने वाला प्रोटीन-अनुक्रम जो झिल्ली में रहता है या झिल्ली से होकर निकल जाता है ।

**leading strand** — **अग्रज लड़**

5'-3' दिशा में लगातार संश्लेषित होने वाली DNA लड़ ।

**leaky mutation** — **क्षरणी उत्परिवर्तन**

ऐसे उत्परिवर्तन जिनमें मूल जीन की भी कुछ अभिव्यक्ति हो जाती है ।

**left splicing junction** — **वाम समबंधन संधि**

प्रखंड (इक्सोन) के दाहिने सिरे और निखण्ड (इन्ट्रान) के बाएं सिरे के बीच की सीमा ।

**leghaemoglobin** — **लेगहीमोग्लोबिन**

फलीदार पौधों की जड़ों की ग्रंथिकाओं में पाया जाने वाला हीमधारी लाल रंजक, जो आक्सीजन की उपस्थिति में नाइट्रोजिनेस एन्ज़ाइम समिश्र को नष्ट होने से बचाता है ।

**leptospirosis** — **लेप्टोस्पाइरता**

*लेप्टोस्पाइरा इन्दरोगन्स* द्वारा उत्पन्न रोग । इसे वील का रोग या संक्रामक पीलिया भी कहते हैं ।

**lethal does 50% (LD 50)** — **घातक मात्रा 50 प्रतिशत (एल डी 50)**

वह आविष मात्रा या जीवाणु संख्या जिससे प्रभावित प्राणियों की आधी सुग्राही जनसंख्या नष्ट हो जाती है। अथवा किसी नाशक-कारक की वह मात्रा, जो किसी परीक्षण में 50 प्रतिशत प्राणियों को मार देती है।

**lethal locus** — **घातक विस्थल**

कोई भी जीन जिसमें घातक उत्परिवर्तन हो सकते हैं।

**leukocidin** — **ल्यूकोसिडिन**

एक या अनेक प्रकार के श्वेताणुओं को नष्ट करने वाला सूक्ष्मजीवीय आविष।

**leukocyte** — **श्वेताणु**

रुधिर, लसीका और शरीर के ऊतकों में मौजूद श्वेत कोशिकाएं।

**leukocytosis** — **श्वेताणुता**

रक्त में श्वेताणुओं की संख्या का बढ़ना।

**leukopenia** — **श्वेताणुन्यूनता**

रक्त में श्वेताणुओं की संख्या का कम होना।

**L-form (L phase variants)** — **L - रूप (L प्रावस्था परिवर्त)**

ऐसे जीवाणु जो पूर्ण कोशिका भित्ति बनाने की अपनी क्षमता खो चुके हों । बहुधा अस्थायी रूप से।

**L form bacteria** — **L - रूप जीवाणु**

अपर्याप्त कोशिका भित्ति वाले जीवाणु।

**Library (gene)** — **संजीनालय**

क्लोनित खंडों का समुच्चय जो आपस में मिलकर संपूर्ण संजीन बनाता है।

**lichen** — **लाइकेन, शैक, शैवाक**

शैवाल तथा कवक के संयोग से बना वह पौधा, जिसमें दोनों का सहजीवी संबंध होता है ।

**ligand** — **संलग्नी, लिगन्ड**

प्रोटीन से आबंधित अणु । यह एन्ज़ाइम से आबंधित होकर उसकी क्रिया को नियंत्रित करता है ।

**ligation** — **बंधन**

DNA की द्विक-कुंडलिनी की एक लड़ में खांच द्वारा पृथक् किए गए दो आसन्न क्षारकों को जोड़ने के लिए फास्फोडाइएस्टर आंबध (बांड) का निर्माण । यह शब्द कुंद-छोर बंधन और RNA को जोड़ने के लिए भी प्रयुक्त किया जा सकता है ।

**limnology** — **सरोविज्ञान (सरोवर विज्ञान)**

विज्ञान की वह शाखा जिसमें सरोवर, झील आदि के स्थिर अलवण जल में पाए जाने वाले जीवधारियों का अध्ययन किया जाता है ।

**linker** — **सहलग्नक**

छोटा संश्लेषी द्विक ओलिगोन्यूक्लिओटाइड, जिसमें कुछ प्रतिबंध एन्जाइम के लिए लक्ष्य स्थल होते हैं । ये पुनर्योगज DNA (Recombinant DNA) के पुनर्निर्माण के दौरान किसी दूसरी एन्ज़ाइम के साथ विदलन द्वारा निर्मित DNA खंड के सिरों पर जोड़े जा सकते हैं ।

**linker scanner mutations** — **सहलग्नक क्रमवीक्षक उत्परिवर्तन**

दो डी.एन.ए. अणुओं में प्रत्येक के सिरे पर जोड़े गए प्रतिबंध खंड/अवरोधी खंड पर (पात्रे में) डी.एन.ए. अणुओं को पुनर्योजित करके किए जाने वाले उतपरिवर्तन ।

**linking number** — **सहलग्नी संख्या**

वह बारंबारता, जिसमें डी.एन.ए. द्विक की दो लड़ियाँ एक दूसरे को पार (क्रॉस) करती है ।

**lipolytic** — **वसा –अपघटनी**

वसा को पचाने अथवा तोड़ने वाला ।

**liquifaction** — **लिक्वेफेक्शन**

जैल का द्रव अवस्था में परिवर्तन ।

उदाहरणार्थ जिलेटिनेज नामक प्रोटीनलयनी एंज़ाइम द्वारा जिलेटिन का जल अपघटन ।

**liquid (solution) hybridization** — **द्रव (विलयन) संकरण**

एक विलयन में न्यूक्लीक अम्ल की संपूरक लड़ियों के बीच होने वाली अभिक्रिया ।

**local infection** — **स्थानीय संक्रमण**

ऐसा संक्रमण जो जीव के एक भाग तक ही सीमित होता है ।

**locus** — **विस्थल**

वह स्थान, जहाँ पर गुणसूत्र में विशेष लक्षण वाला जीन स्थित होता है ।

**long period interspersion** — **दीर्घकालीन अंतःप्रकीर्णन**

संजीन (जीनोम) का ऐसा प्रतिरूप जिसमें माध्यम आवृत्तीय और अनावृत्तीय डी.एन.ए. का दीर्घ विस्तार एक के बाद आता रहता है ।

**loop** — **फंदा, लूप**

आर.एन.ए. (या एकल लड़ी डी.एन.ए.) के सिरे की कुंडलित रचना । यह द्विक डी.एन.ए. में प्रतीप पुनरावृत्ति के बीच वाले अनुक्रम से संगति रखती है ।

**LTR (long-terminal repeat)** **एल टी आर (दीर्घअंतस्थ आवृत्ति)**

वह अनुक्रम जिसकी पुनरावृत्ति पश्चविषाण्वीय डी.एन.ए. के दोनों सिरों पर सीधे हो जाती है ।

**luxury genes** **प्रचुर जीन, राजसी जीन**

विशिष्ट कोशिका प्ररूपों में अधिक मात्रा में संश्लेषित होने वाले जीन, जो विशेष कार्यों का कोड लेखन करते हैं ।

**lymphocytosis** **लसीकाणुता**

रुधिर में लसीकाणुओं की बढ़ती हुई इतनी संख्या जो किसी संक्रामक रोग की सूचक है ।

**lymphokine** **लिम्फोकाइन**

प्राणी कोशिकाओं में मुख्यतः ग्लाइकोप्रोटीनों का एक विशाल समूह जो अन्य कोशिकाओं को प्रभावित करता है । शोधी अनुक्रिया में तथा कोशिकीय प्रतिरक्षी विधियों में इनका हाथ होता है । अथवा कोशिका का लयन और उग्र वाइरोन का मोचन ।

**lyophilization** **हिम–शुष्कन**

निर्वात में हिमीकरण से जैव सामग्री को शुष्क करने की प्रक्रिया ।

**lysis** **लयन, अपघटन**

कोशिकाओं का टूटना ।

**lysogen** **लयजन, लाइसोजेन**

वह जीवाणु जिसमें अपने संजीन (जीनोम ) के भाग के रूप में संदमित प्राग्विभोजी (prophage) होता है ।

**lysogenic immunity** **लयजनक प्रतिरक्षा**

वह क्षमता जो एक प्राग्विभोजी को उसी प्रकार के दूसरे विभोजी संजीन (जीनोम) को जीवाणु में स्थापित होने से रोकती है ।

**lysogenic repressor** **लयजनक दमनकर**

एक प्राग्विभोजी को लयन चक्र में दुबारा प्रवेश करने से रोकने के लिए उत्तरदायी प्रोटीन ।

**lysogeny** **लयजनकता**

जीवाणु कोशिकीय संजीन (जीनोम) के स्थायी प्राग्विभोजी घटक के रूप में विभोजी की जीवाणु में जीवित रहने की क्षमता ।

**lysozyme** **लाइसोजाइम**

ऐसा एंज़ाइम जो एन–एसिटाइलग्लूकोजएमीन और एन–ऐसिटिल म्यूरेमिक अम्ल के अबंध को निर्जलीकृत करने वाला होता है ।

**lytic cycle** **लयन चक्र**

विषाणु का प्रतिकृतिकरण जिसका परिणाम होता है परपोषी का नष्ट होना ।

**lytic infection** **लयन संक्रमण**

जीवाणु का विभोजी द्वारा संक्रमण, जो जीवाणु को नष्ट करके संतति विभोजी को मुक्त कर देता है ।

**maculopapular skin rash** **चिह्नित पिटिकीय त्वचा**

फूले हुए धब्बेदार विरूपण ।

**macroandrous** मैक्रोएन्ड्रस

ईडोगोनियम जातियां बौने नर तंतुओं को उत्पन्न न करके पुंधानी से युक्त तंतुओं को उत्पन्न करती हैं जो अंडजननी को उत्पन्न करने वालों के समान रूपाकार के होते हैं ।

**macrophage** बृहत्भक्षकाणु

शरीर के अनेक ऊतकों में पाया जाने वाला बड़े आकार का एककेंद्रकी भक्षकाणु ।

**malt** माल्ट

जौ, जई, गेहूं आदि धान्य को नमी के द्वारा कृत्रिम रूप से अंकुरित करके धीरे-धीरे सुखाने के बाद बना पदार्थ ।

**malt liquor** माल्ट लिकर

वह लिकर, जिसमें ऐल्कोहॉल की मात्रा बीयर से ज्यादा हो और जो माल्ट से बना हो ।

**malting** माल्टन

जौ आदि को माल्ट में बदलने की प्रक्रिया ।

**mannan** मैनैन

लाल और हरे शैवाल की भित्ति में उपस्थित पोलीसेकेराइड जो जलापघटन के बाद मेनोज़ बनाता है ।

**mannitol** मैनिटाल

शर्करा -- ऐल्कोहॉल, मैनांस या फ्रक्टोस के अपचयन (reduction) से बना उत्पाद ।

**mantle** प्रावार

बीजाणु के ऊपर कवक-तंतु स्तर ।

**marker (genetic)** चिह्नक (आनुवंशिक)

ज्ञात स्थिति तथा प्रभाव वाले जीन, जो अन्य अल्प प्रभावी जीनों के वितरण को निर्धारित करता है ।



9—10/CSTT/ND/97

**mass spectrometry** **द्रव्यमान स्पेक्ट्रममिति**

किसी यौगिक के इलेक्ट्रान किरण पुंजन से बमबारी द्वारा उत्पन्न आयनिक अणुओं का मापना ।

**mastigoneme** **पारर्वसूत्र**

कुछ कशाभों पर निकले रोमल उभार ।

**mating type** **संगम प्ररूप**

विषमजालिक जाति के जीव जो लैंगिक जनन में सहज भाग लेते हैं ।

**mead** **मध्वासव**

तनूकृत शहद से बनी मदिरा ।

**mechanical inoculation** **यांत्रिक संरोपण**

प्रयोगात्मक परीक्षणों के अंतर्गत रोगजनक को पौधों में पहुँचाना । जैसे रोगग्रस्त पौधे में से रस निकाल कर परीक्षार्थी पौधे की पत्तियों पर रगड़ा जाता है ताकि विषाणु उसमें संरोपित हो सके और फलस्वरूप रोगलक्षण इन पत्तियों पर हो जायें ।

**medium** **माध्यम**

सूक्ष्माणुओं की वृद्धि के लिए प्रयुक्त पोषक पदार्थ, जो द्रव या ठोस रूप में ऐगार मिलाकर बनाया जाता है ।

**meiosporangium** **मायोबीजाणुधानी**

बीजाणुधानी जिसमें अर्धसूत्री विभाजन होता है ।

**melting (of DNA)** **डी एन ए गलन**

डी.एन.ए. की द्विकुंडलाकार रचना का अपनी मूल स्थिति से बिगड़कर लगभग सीधा हो जाना, जिससे वह अक्रिय हो जाती है ।

**melting temperature (Tm)** — **गलन तापमान (टी.एम.)**

तापमान के परास का मध्यबिन्दु जिस पर डी.एन.ए. का विकृतिकरण होता है ।

**meltzer's reagent** — **मेल्टज़र अभिकर्मक**

बीजाणु भित्ति की ऐमिलाइड या डेक्स्ट्रीनाइड प्रकृति का परीक्षण करने के लिए प्रयुक्त अभिकर्मक ।

**mendosicute** — **मेन्डोसिक्यूट**

रासायनिक प्रकृति वाली कोशिका भित्ति से युक्त जीवाणु ।

**mesokaryote** — **मीसोकेरिओटा, मध्यकेंद्रकी**

प्रोकेरिओटा और यूकेरिओटा के बीच पाये जाने वाले जीवों (डिनोकाइसी) का एक समूह ।

**mesophile** — **मध्यरागी (जीव)**

ऐसा जीव जिसकी इष्टतम वृद्धि दर $20^0$ से $50^0$ सें. के बीच होती है ।

**mesosome** — **मध्यकाय**

कोशिका–पट से संबद्ध जीवाणु झिल्लियां जो श्वसन क्रिया में सहायता करती हैं ।

**metabiosis** — **अनुजीविता**

एक जीव द्वारा अन्य जीवों की वृद्धि के लिए अनुकूल सूक्ष्म पर्यावरण उत्पन्न करने की दशा । जैसे वायवीय–जीवाणु ऑक्सीजन का उपयोग करके अवायवीय जीवाणुओं की वृद्धि के लिए उपयुक्त दशा उत्पन्न कर देता है ।

**metachromatic granule** — **मेटाक्रोमेटिनीकण**

जीवाणु के कोशिकाद्रव्य में फॉस्फेटों के बने अंतर्विष्ट काय ।

**metacryotic liquid** **मेटाक्रॉयोटिक द्रव , मेटानिम्नतापी द्रव**

चीनी, नमक इत्यादि का अबद्धवत् व सांद्रित घोल जो संचयन के दौरान फलों के पैकेज में से निकलता है ।

**metastasis** **विक्षेप**

दुर्दम कोशिका का अर्बुद से अलग होकर परपोषी के शरीर में किसी दूसरे स्थान पर पहुँच कर नया अर्बुद बनाना ।

**metazoa** **मेटाज़ोआ**

एककोशिकीय प्राणियों यानी प्रोटोजोआ को छोड़कर समस्त बहुकोशिकीय प्राणियों का बृहत् समुदाय । शरीर में दो या अधिक स्तर का होना, प्रौढ़ अवस्था में ऊतक व अंगों का विभेदन होना और तंत्रिकातंत्र तथा आंत्र-गुहा की उपस्थिति आदि इनके प्रमुख लक्षण हैं ।

**methanogen** **मेथैनजन**

आणविक हाइड्रोजन, कार्बनमोना-ऑक्साइड, कार्बन-डाइ-ऑक्साइड, ऐसीटिक अम्ल और कुछ ऐमीनों से आवायवीय पर्यावरण में मेथैन उत्पन्न करने वाला जीवाणु ।

**methanogenic bacteria** **मैथेनजन जीवाणु**

अवायवीय परिस्थितियों में कार्बनिक पदार्थों से मेथेन गैस पैदा करने वाला जीवाणु (बैक्टीरिया) ।

**micotoxicosis** **कवक-आविषालुता**

कवक से संदूषित भोज्य पदार्थ से उत्पन्न होने वाले संलक्षण ।

**microaerophile** **अल्पवातरागी**

सूक्ष्मजीवाणु जो न्यूनीकृत ऑक्सीजन तनाव के बीच सर्वाधिक वृद्धि करता है ।

**microbe** — **सूक्ष्मजीव, रोगाणु, सूक्ष्माणु**

कोई भी सूक्ष्मदर्शी जीव अथवा एक सूक्ष्मजीव । छोटे से छोटा जीव अर्थात् सूक्ष्मजीव जो कोरी आंख से न दिखाई दे । कुछ शैवाल, कवक, प्रोटोज़ोआ, जीवाणु, शैक, विषाणु तथा उपविषाणु कारक आदि इनके अंतर्गत आते हैं ।

**microbiology** — **सूक्ष्मजैविकी, सूक्ष्मजीवविज्ञान**

सूक्ष्मजीवों का और अन्य जीवों के साथ तथा पर्यावरण के साथ उन सूक्ष्मजीवों की पारस्परिक क्रियाओं का अध्ययन ।

**microbiota** — **सूक्ष्मजीवता**

किसी क्षेत्र या समय में पाए जाने वाले सूक्ष्मदर्शी प्राणी और वनस्पतियां ।

**microcyst** — **सूक्ष्मपुटी**

स्पोरो साइटोफैगा आदि जीवाणुओं की अक्रिय कोशिका । ये ताप तथा शुष्कन प्रतिरोधी हो भी सकती है और नहीं भी ।

**micromanipulator** — **सूक्ष्म परिचालित्र, माइक्रोमोनिपुलेटर**

वह यंत्र जिसकी सहायता से सूक्ष्मदर्शी नमूनों को इधर-उधर देखा जाता है ।

**micrometer** — **सूक्ष्ममापी/माइक्रोमीटर**

1. सूक्ष्मजीवों के आकार मापने की इकाई । एक माइक्रोमीटर 0.001 मिमि. या 1/125,400 इंच के बराबर होता है । पुराने शब्द माइक्रॉन के स्थान पर अब इस शब्द का प्रयोग किया जाता है ।

2. सूक्ष्मजीवों का आकार मापने का यंत्र या उपकरण

**microorganism** **सूक्ष्मजीव**

कोई भी छोटे से छोटा जीव जो केवल सूक्ष्मदर्शी यंत्र द्वारा ही देखा जा सकता हो ।

दे. microbe

**microtome** **माइक्रोटोम**

ऊतकों या कोशिकाओं को पतला काटने का उपकरण ।

**minchin** **मिनचिन**

गेहूँ के ग्लूटेन प्रोटीन से तैयार किया गया किण्वित भोज्य पदार्थ ।

**mineralization** **खनिजीयन**

कार्बनिक पदार्थों का अकार्बनिक पदार्थों में परिवर्तन होना । यह प्रक्रिया मुख्यतः मृतपोषी जीवाणुओं तथा कवकों द्वारा संपन्न होती है ।

**mini cell** **लघुकोशिका**

वह जीवाणु कोशिका जिसमें गुणसूत्र नहीं होता लेकिन अनुलेखन तथा अंतरण के आवश्यक घटक होते हैं । इस छोटी कोशिका का निर्माण उत्परिवर्ती जनक कोशिका के द्वि-खण्डन के समय असममित पट के बनने से होता है और इसमें डाइआक्सीराइबों न्यूक्लिक एसिड (डी.एन.ए.) नहीं होता ।

**minimum inhibiting concentration (Mic)** **न्यूनतम संदमनी**

प्रतिजैविक (ऐन्टीबायोटिक) का न्यूनतम संकेंद्रण जो अणुजीव की वृद्धि का संदमन करता है ।

**mitochondrria** **माइटोकॉन्ड्रिया**

यूकेरियोटिक कोशिकाओं का कोशिकाद्रव्यी अंगक, जो उपापचयी तथा श्वसन संबंधी क्रियाओं का स्थल होता है ।

**mitosis** — **समसूत्रण, सूत्रीविभाजन, माइटोसिस**

केंद्रक विभाजन का एक प्रकार जिसमें प्रत्येक गुणसूत्र के अनुलिपिकरण दो समान गुणसूत्र बन जाते हैं और बनने वाले दो संतति केंद्रकों में समान संख्या में चले जाते हैं। इस प्रकार संतति केंद्रक में गुणसूत्र संख्या जनक केंद्रक के समान होती है। केंद्रक विभाजन के बाद कोशिका विभाजन से दो समान कोशिकाएं बन जाती हैं।

**mixotrophy** — **मिश्रपोषिता**

उपापचय का वह रूप जिसमें अकार्बनिक अवस्तर के ऑक्सीकरण से ऊर्जा तथा कार्बनिक अवस्तर से कार्बन प्राप्त होता है।

**mixotroph** — **मिश्रपोषी**

ऐसे रसायन – अकार्बनिकपोषी, जो अकार्बनिक अवस्तर के आक्सीकरण से ऊर्जा और कार्बनिक अवस्तर से कार्बन प्राप्त करते हैं।

**MLD (minimum lethal dose)** — **एम.एल.डी. (न्यूनतम घातक मात्रा)**

किसी नाशक कारक की वह कम से कम मात्रा जो किसी परीक्षण में शत प्रतिशत प्राणियों को मार देती है। यह पूर्ण घातक मात्रा (एल.डी. 100) के समान होती है।

**modification** — **रूपांतर, रूपांतरण**

जीव की विशेषताओं में अस्थायी परिवर्तन।

**modification of DNA/RNA** — **डी.एन.ए. या आर.एन.ए. परिवर्तन**

वह परिवर्तन जो पॉलीन्यूक्लियोटाइड श्रृंखला में न्यूक्लियोटाइडों के प्रारंभिक समावेश के बाद होता है।

**modified bases** — **परिवर्तित क्षारक**

सामान्य चार क्षारकों के अतिरिक्त वे सभी क्षारक जिनसे डी.एन.ए. (टी.सी.ए.जी.) या आर.एन.ए. (टी.सी.ए.जी) का संश्लेषण होता है। यह केंद्रकीय अम्ल में संश्लेषण के बाद होने वाले परिवर्तनों का परिणाम है।

**modulator (modifier)** — **माडुलक**

ऐसा नियामक चयापचयज, जो एन्ज़ाइम के एलोस्टेरिक स्थल से आबंधित होता है और एंज़ाइम के अधिकतम वेग को बदल देता है। इसे कार्यकर तथा अपरिवर्तक भी कहते हैं।

**moiety** — **मोइटी, अर्धांश**

अणु का वह भाग जिसमें विशेष रासायनिक गुण होते हैं।

**molecular chaperone** — **आण्विक चैपरोन**

ऐसे प्रोटीन जो कुछ अन्य प्रोटीनों के संयोजन के लिए आवश्यक होते हैं लेकिन स्वयं लक्ष्य संमिश्र का घटक नहीं होते।

**molecular spectroscopy** — **आण्विक स्पेक्ट्रमिकी**

विद्युत् चुम्बकीय विकिरण व अणुओं की पारस्परिक क्रिया।

**mold (=mould=fungi)** — **कवकच्छद (फफूंदी)**

सतही कवक वृद्धि।

**monocistronic m - RNA** — **एकल समपारीय दूत आर.एन.ए.**

एक प्रोटीन के लिए दूत आर.एन.ए. (एम.आर.एन.ए.) का कोड लेखन।

**monoclonal antibodies** — **एकक्लोमी प्रतिरक्षी**

समान प्रतिपिण्डों की वह समष्टि जिसके सभी व्यष्टि किसी सरल अथवा जटिल प्रतिजन या हैप्टेन पर स्थित निर्धारक के अनुसार क्रिया करते हैं ।

**monoecious** — **उभयलिंगाश्रयी**

एक अवस्था जिसमें दोनों लैंगिक संरचनाएं एक ही पादप पर उपस्थिति होती हैं ।

**monomorphic** — **एकरूपी**

जीवन चक्र में केवल एक प्रकार के पादप का पाया जाना ।

**mononucleotide** — **मोनोन्यूक्लिओटाइड**

केंद्रकीय अम्लों (डी.एन.ए. और आर.एन.ए.) की मूलभूत निर्माणकारी इकाई जिसमें प्यूरीन या पाइरीमीडिन क्षारक, राइबोज या डीआक्सीराइबोज शर्करा और फॉसफेट होते हैं ।

**monostromatic** — **एकस्तरिक**

केवल एक कोशिका-स्तर वाला थैलस ।

**monotrichous** — **एककशाभी**

कोशिका के एक सिरे पर पाये जाने वाले एक ही कशाभ से युक्त जीवों के लिए प्रयुक्त शब्द ।

**mordant** — **रंगबंधक**

वह पदार्थ जो अभिरंजक को स्थिर करता है जैसे ग्राम अभिरंजन में आयोडीन । कशाभ अभिरंजन में रंगबंधक, कशाभ के व्यास को बढ़ा भी देता है ताकि उसे सूक्ष्मदर्शी की सहायता से सरलता से देखा जा सके ।

**morphogenesis** **संरचना विकास, मार्फोजेनिसस**

जीवों के शरीर के अंगों तथा उनकी आकृति का उद्भव और परिवर्धन ।

**morphology** **आकारिकी, आकृतिविज्ञान**

जीव विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवों के रूप और बाहरी संरचना का अध्ययन किया जाता है ।

**mosaic** **मोजेक, किर्मीर**

पौधों के कुछ विषाणु रोगों का लक्षण । सामान्यतः हरे पादप अंगों (पत्तियों, फलों आदि) में हरे, हल्के हरे, पीले धब्बे पड़ जाना ।

**MPN method (most probable number method)** **एम.पी.एन. विधि (अतिसंभाव्य संख्या विधि)**

किसी संवर्ध में मुख्यतः जीवाणुओं की संख्या का आकलन करने की प्रणाली ।

**M-protein** **एम. प्रोटीन**

वह भक्षकाणु रोधी प्रोटीन प्रतिजन, जो स्ट्रेप्टोकोकस की कोशिका-भित्तियों पर स्थित होते हैं ।

**mucopeptide** **म्यूकोपेप्टाइड**

कार्बोहाइड्रेटों तथा एमिनों अम्लों के यौगिक । कार्बोहाइड्रेटों में एन-एसिटिल ग्लूकासेमीन तथा एन-एसिटिल म्यूरेमिक अम्ल सम्मिलित हैं, एमिनों अम्लों में ग्लूरेमिक अम्ल, एलेनीन, ग्लाइसीन, एस्पार्टिक अम्ल, हाइएमीनो-पाइमेल्टिक अम्ल सम्मिलित हैं ।

**multiforked chromosome** **बहुशाख गुणसूत्र**

जीवाणु में वह गुण सूत्र, जिसमें एक से अधिक प्रतिकृति शाखाएं होती हैं, क्योंकि प्रतिकृति के प्रथमचक्र के पूर्ण होने से पहले प्रतिकृत्येकक का दूसरा चक्र भी घटित हो चुका होता है ।

**multimeric protein** **मल्टीमेरिक प्रोटीन**
वह प्रोटीन जिसमें एक से अधिक उपइकाइयाँ होती हैं ।

**multiple resistance factors (R-factor)** **बहुलित प्रतिरोध कारक (आर.एच.कारक)**
अनेक औषधियों के विरूद्ध बहुलित औषधि प्रतिरोध के लिए उत्तरदायी अधिकाय ।

**murein** **म्यूरीन**
दे. peptidoglycan

**muramic acid** **म्यूरेमिक अम्ल**
3–0 स्थिति पर कार्बोक्सिल वर्ग से अंतर्विष्ट ग्लूकोसेमीन । उदाहरणार्थ कार्बोक्सिल-एथिल-डी-ग्लुकोसेमीन ।

**murograph** **म्यूरोग्राफ**
बीजाणु भित्ति समूह का आरेखी चित्रण ।

**mushroom** **छत्रक, कुकुरमुत्ता**
बेसिडियोमाइसिटीज वर्ग के ऐगेरीकेसी नामक कुल के अंतर्गत आने वाले कवकों का मांसल फलकाय ।

**mutagen** **उत्परिवर्तजन**
वह कारक जो डी.एन.ए. में परितर्वन उत्पन्न करके उत्परिवर्तन की दर बढ़ा देता है ।

**mutant** **उत्परिवर्ती, म्यूटैन्ट**
जीन अथवा गुणसूत्र में आए अचानक परिवर्तन से उत्पन्न जीव जो जनक से भिन्न होता है । दे. mutation

**mutation** **उत्परिवर्तन**
संजीन (जीनोम) डी.एन.ए. के अनुक्रम में होने वाला कोई भी परिवर्तन ।

**mutation frequency** — **उत्परिवर्तन आवृत्ति**

वह आवृत्ति जिस पर समष्टि में एक विशेष उत्परिवर्ती पाया जाता है ।

**mutation rate** — **उत्परिवर्तन दर**

वह दर जिस पर एक विशेष उत्परिवर्तन होता है और जो प्राय: प्रति जीन प्रतिपीढ़ी की घटनाओं की संख्या बताती है ।

**mutualism** — **सहोपकारिता**

वह सहजीविता जिसमें एक साथ रहने वाले दो या उससे अधिक जीव एक दूसरे को लाभान्वित करते हैं ।

**mutualistic symbiosis** — **सहोपकारी सहजीवन**

सहजीवन का एक प्रकार जिसमें दोनों जीवों को लाभ होता है ।

**mycelium (pl. smycelia)** — **कवक जाल**

कवक तंतुओं का जाल जिसमें बहुत-सी उलझी हुई शाखाएं होती हैं

**mycolic acid** — **माइकोलिक अम्ल**

अधिक आणविक भार का अल्फा-शारवीय बीटा हाइड्रोक्सी वसा अम्ल, जो कोरीनी बैक्टीरिया, माइको बैक्टीरिया और कुछ नोकार्डिया की कोशिका-भित्तियों में पाया जाता है ।

**mycophagus** — **कवक-भक्षी**

कवक खाने वाला (कोई जीव)

**mycoplasma** **माइकोप्लाज़्मा**

ऐसा सूक्ष्मजीव जो असीम केंद्रक वाला तथा बहुरूपी होने के साथ-साथ तीन परत की झिल्ली का बना होता है और जिसका आकार जीवाणु और विषाणु के बीच का होता है।

**mycorrhiza** **माइकोराइजा, कवकमूल**

उच्चतर पादप की जड़ों में सहवास करने वाला कवक जाल । यह सहोपकारी सहजीविता का उदाहरण है ।

**mycosis** **कवकता**

कवक द्वारा उत्पन्न रोग ।

**mycotoma** **माइकोटोमा**

एक्टिनोमाइसीटीस या स्ट्रेप्टेमाइसीटीज जैसे अनेक कवकों द्वारा चिरकालिक संक्रमण ।

**mycotoxin** **कवकाविष**

कवको द्वारा उत्पन्न आविष पदार्थ ।

**mycotrophic** **कवक सहपोषित**

1. (पौधों के संबंध में)

   उस पोषी पौधे से संबंधित जिसकी जड़ में कवक हो ।

2. (प्राणियों के संबंध में)

   उस प्राणी से संबंधित जो कवक से पोषण प्राप्त करता हो ।

**myxamoeba** **मिक्सअमीबा, श्लेष्मअमीबा**

अवपंक फफूंदी तथा मिक्सोमाइसिटीज के जीवन-चक्र में कशाभहीन अमीबा जैसी कोशिका ।

| | |
|---|---|
| **myxomycetes** | **मिक्सामाइसिटिस**<br>अवपंक फफूंदी कवकों का एक वर्ग जिसमें अमीबाभ कायिक जीव द्रव्यक और चमकीले रंगीन बीजाणु युक्त तंतुजाल होते हैं । |
| **myxomycota** | **मिक्सोमाइकोटा**<br>कवकों का एक प्रभाग, जिसके अंतर्गत उनसे मिलते जुलते जीव आते हैं । उदाहरण – मिक्सोमाइसिटीज, प्लाज्मोडियो फोरोमाइसिटीज तथा प्रोटोस्टीलियो माइसिटीज, डिक्टियो स्टीलियो माइसिटीज आदि । |
| **myxospore** | **मिक्सोबीजाणु**<br>मिक्साबैक्टीरिया की शुष्कन – प्रतिरोधी अक्रिय कोशिका । इसे सूक्ष्मपुरी भी कहते हैं । |
| **NAD** | **एन.ए.डी. (निकोटिनेमाइड एडेनिन डाइन्यूक्लिओटाइड)**<br>उपचयन–अपचयन से संबंधित एन्ज़ाइमी तंत्र का सहएन्ज़ाइम, जो उपचयन–अपचयन अभिक्रिया में भाग लेता है । |
| **naked virion** | **प्रविषाणु**<br>आवरण रहित पूर्ण परिपक्व विषाणु कण । |
| **nannandrous** | **पुंच:मनीय**<br>ओयेडोगोनी की जातियाँ जिनमें बौने लैंगिक द्विरूपता वाले पादप होते हैं । |
| **nannoplankton** | **परासूक्ष्मप्लवक**<br>5 से 60 माइक्रोन आयाम वाले प्लवक । |

**nanometer** **नैनीमीटर**

सूक्ष्मजीवियों के मापन की इकाई, एक नैनोमीटर 0.001 माइक्रोमीटर या $10^{-9}$ मीटर के बराबर होता है । इसे पहले मिलिमाइक्रान कहा जाता था ।

**natto** **नेट्टो**

सोयाबीन का बना जापानी भोज्य पदार्थ । इसे सोयाबीन को भिगोने के बाद उबालकर धान के पुआल में लपेटकर $40^0$ सें. पर 1–2 दिन तक किण्वित करके तैयार किया जाता है *बेसिलस सबटिलस* के प्रभेद नाटो के द्वारा किण्वित होने के कारण इसका यह नाम पड़ा ।

**natural active immunity** **प्राकृतिक सक्रिय प्रतिरक्षण**

रोग निवृत्ति के बाद होने वाली प्रतिरक्षा ।

**natural passive immunity** **प्राकृतिक निष्क्रिय प्रतिरक्षा**

नवजात शिशु में प्रतिरक्षा जो माता के गर्भ में प्रतिजनों द्वारा संपादित किए जाने के परिणामस्वरूप होती है ।

**natural substituion** **प्राकृतिक विस्थापन**

अमीनों अम्लों के वे परिवर्तन जो क्रियाशीलता को प्रभावित नहीं करते हैं ।

**necrosis** **ऊतकक्षय, परिगलन**

कोशिकाओं तथा ऊतकों का नष्ट हो जाना ।

**negative acceleration** **ऋणात्मक त्वरण ।**

गुणन दर कम होते जाना ।

**negative complementation** **ऋणात्मक संपूरण**

समजात जीन या प्रोटीन में जीन अथवा प्रोटीन द्वारा कार्यात्मक दोष की क्षतिपूर्ति न कर पाने की अक्षमता ।

**negative regulator** ऋणात्मक नियामक

वह नियंत्रक, जो अनुलेखन अथवा स्थानांतरण को रोक देता है ।

**negative supercoiling** ऋणात्मक अतिवलयन

डी.एन.ए. द्विक की लड़ियों के मुड़ने का रुक जाना ।

**neisseria** नेसेरिया

सुजाक और मस्तिष्क तंत्रिका-ज्वर का रोगकारक ग्राम वर्ण अग्राही डिप्लोडोकस जीवाणु ।

**nematodes** सूत्रकृमि

नेमाटोडा संघ का एक कृमि । इनमें से अधिकांश कृमि पौधों में रोग पैदा करते हैं और कुछ प्राणियों में भी तथा कुछ मृतजीवी होते हैं । इन्हें सामान्य भाषा में गोलकृमि कहते हैं ।

**neoplasm** नवद्रव्य

अपसामान्य कोशिकाओं अथवा ऊतक की नई विपथी वृद्धि अर्बुद । मानव तथा प्राणियों में यह सुदम या दुर्दम हो सकता है ।

**neurotoxin** तंत्रिआविष

वह विष जो तंत्रिका – कोशिकाओं ऊतकों और तंत्रिका पेशीय संधियों पर प्रभाव डालता है । कुछ समुद्री शैवाल भी इस प्रकार का आविष उत्पन्न करते हैं ।

**neurotrophic spread** तंत्रिकाप्रभावी विस्तार

तंत्रिका कोशिकाओं की भीतरी गति से संक्रमण कारक का ऊतकों में संचरण ।

**neutralism** — **तटस्थता**

जीवों की दो जातियों के बीच यह पारस्परिक क्रिया जिसका दोनों में से किसी पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ता ।

**nitrate reduction** — **नाइट्रेट अपचयन**

नाइट्रेटों का नाइट्राइटों अथवा अमोनिया में परिवर्तित हो जाना ।

**nick** — **कटान, खांच**

एक लड़ी के दो निकटवर्ती न्यूक्लियोटाइडों के बीच एक फॉस्फोडाइएस्टर बन्ध की टूटन ।

**nick translation** — **कटान स्थानांतरण**

*ई. कोलाई* डी.एन.ए. पोलीमरेस की कटान को प्रारंभिक बिंदु के रूप में प्रयुक्त करने की वह क्षमता जिसे द्विक डी.एन.ए. की लड़ी को एक नए पदार्थ के पुनःसंश्लेषण से निम्नीकृत और विस्थापित किया जा सकता है । इसे पात्रे स्थिति में रेडियोएक्टिव रूप में चिह्नित न्यूक्लियोटाइड को डी.एन.ए. में प्रविष्ट कराने में इस्तेमाल करते हैं ।

**nitrification** — **नाइट्रीकरण**

एमोनिया का नाइट्रेट में जीवाणुओं (नाइट्रोसोमानस और नाइट्रोबेक्टर) की क्रिया द्वारा ऑक्सीकरण । इसका एक चरण एमोनिया से नाइट्राइट और दूसरा नाइट्राइट से नाइट्रेट का बनना ।

**nitrofurans** — **नाइट्रोफ्यूरान**

ऐसे संश्लेषित सूक्ष्मजीव रोधी कारक जो फारफ्यूरल से प्राप्त होते हैं ।



10—10/CSTT/ND/97

**nitrogen fixation** **नाइट्रोजन यौगिकीकरण**

वायुमंडल की नाइट्रोजन गैस से नाइट्रोजनी यौगिकों का बनना । यह प्रक्रिया रासायनिक तथा जैविक दोनों प्रकार से हो सकती है ।

**nitrogenous (compound)** **नाइट्रोजनी (यौगिक)**

नाइट्रोजन युक्त (यौगिक) ।

**nomenclature** **नाम पद्धति, नाम तंत्र**

पौधों तथा प्राणियों के वैज्ञानिक वर्गीकरण तथा नामकरण की प्रणाली ।

**nomogram** **नोमोग्राम, संरेखनचार्ट**

ऊष्मीय समय एवं तापवेधन के आंकड़ों का आलेखीय निरूपण ।

**nonautonomous controling elements** **अस्वायत्त नियंत्रक तत्व**

वह दोषपूर्ण ट्रांसपोजोन, जो तभी क्रम परिवर्तन करते हैं जब उसी प्रकार के स्वायत्त नियंत्रक तत्व द्वारा सहायता मिलती है ।

**nonpermissive condition** **अननुमति परिस्थिति**

वह परिस्थिति, जो प्रतिबंधी घातक उत्परिवर्तनों को अस्तित्व में नहीं रहने देती ।

**nonrepetitive DNA** **अनावर्तक डी.एन.ए.**

वह डी.एन.ए. जो विलक्षण अनुक्रम से पुनः साहचर्य दिखलाता है ।

**nonsense codon** **अनर्थक कोडॉन**

तीन त्रिकों (यू.ए.जी., यू.जी.ए. यू.ए.ए.) में से कोई एक जो प्रोटीन संश्लेषण को रोकता है ।

**nonsense mutation** — **अनर्थक उत्परिवर्तन**

डी.एन.ए. में कोई परिवर्तन, जिसमें अनर्थक कोडॉन द्वारा एक अमीनों अम्ल का प्रतिनिधित्व कर रहे कोडॉन का विस्थापन होता है ।

**nonsense suppressor** — **अनर्थक दमनक**

किसी उत्परिवर्ती का कूटलेखन करने वाला जीन, जिसमें एक या अधिक अनर्थक कोडॉनों के प्रति अनुक्रिया दिखलाने की क्षमता होती है ।

**nonseptate** — **अपटीय**

ऐसा कवकतंतु जिसमें विभाजक भित्तियां नहीं होती हैं ।

**nosocomial disease** — **नोजोकोमियल रोग**

अस्पताल से प्राप्त रोग ।

**nosocomial infection** — **नोजोकॉमीय संक्रमण**

चिकित्सालय से प्राप्त संक्रमण ।

**nuclear magnetic resonance (NMR)** — **नाभिक-चुम्बकीय अनुनाद**

किसी शक्तिशाली चुम्बकीय क्षेत्र में कुछेक प्रकार के अणुओं के नाभिकों द्वारा विद्युत् चुंबकीय विकिरण का अपशोषण और उसका परिणामी उत्सर्जन । इस विधि का प्रयोग जैव अणुओं के निर्धारण में भी किया जाता है ।

**nucleic acid** — **न्यूक्लीक अम्ल**

अणुओं का ऐसा वर्ग जो न्यूक्लियोटाइड की इकाइयों से बना होता है । डीआक्सीराइबोन्यूक्लीक अम्ल (डी.एन.ए.) और राइबोन्यूक्लीक अम्ल (आर.एन.ए.) इसके प्रकार हैं ।

**nucleoid** — **केंद्रकाभ**

जीवाणु (बैक्टीरिया) कोशिका में वह अस्पष्ट क्षेत्र जहाँ डी.एन.ए. स्थित होता है। इसे क्रोमोटिन पिण्ड, केंद्रकीय समानक अथवा जीवाणु गुणसूत्र भी कहते हैं।

**nucleolus** — **केंद्रिक, न्यूक्लिओलस**

कोशिका के केंद्रक के अंदर की गोलाकार सूक्ष्म संरचना। यह केंद्रकीय पदार्थ के संश्लेषण का स्थल है। यह छोटा काय राइबोसोम की उत्पत्ति में योग देता है।

**nucleoprotein** — **न्यूक्लियो प्रोटीन**

प्रोटीन और केंद्रकीय अम्ल के संयोजन से बना यौगिक।

**nucleoside** — **न्यूक्लियोसाइड**

प्यूरीन अथवा पिरीमिडिन के आधार पर जुड़ी पैंटोस शर्करा।

**nucleotide** — **न्यूक्योटाइड**

न्यूक्लीक अम्ल (डी.एन.ए. और आर.एन.ए.) की मूल निर्माणकारी इकाई। इसमें प्यूरीन अथवा पिरीमिडिन आधार, राइबोज अथवा डीआक्सीराजइबोज शर्करा और फॉस्फेट होते हैं।

**nucleus** — **न्यूक्लियस, केंद्रक**

कोशिका का मुख्य घटक, जो लगभग गोलाकार और एक झिल्ली से घिरा होता है। इसमें गुणसूत्र होते हैं जो आनुवंशिक गुणों को अगली पीढ़ी में पहुँचाने के लिए उत्तरदायी होते हैं।

**nucule** — **न्यूक्यूल**

वारलेस में, युग्मकजननी युक्त मादा संरचना जो बंध्य कोशिकाओं के आवरण से घिरी होती है।

**numerical taxonomy** **संख्यात्मक वर्गिकी**

वर्गीकरण की एक विधि, जिसमें एक विशेष समूह के एक प्रभेद में समानता के परिमाण को निर्धारित और सांख्यिक रूप से अभिव्यक्त किया जाता है ।

**'O' antigen** **'ओ' प्रतिजन**

कायिक प्रतिजन अथवा कशाभ के बजाय कोशिका काय से संबंधित प्रतिजन । 'O' का अभिप्राय आहेने हॉच (जर्मन) से है जिसका अर्थ होता है 'सांस' ।

**objective** **अभिदृश्यक**

लेंसों का वह समुच्चय, जो सूक्ष्मदर्शी में देखे जाने वाली वस्तु के निकटतम होता है ।

**obligate** **अविकल्पी**

सीमित पर्यावरणीय परिस्थितियों में ही जीवित रह सकने वाले जीव ।

**obligate pathogen** **अविकल्पी रोगाणु**

ऐसा रोगकारक जो पूर्णतः एक विशिष्ट परपोषी पर ही आश्रित रहता है ।

**occluded** **अधिविष्ट**

बंद या अवरूद्ध; इसका अभिप्राय बीजाणु के ऐसे द्वार से है जो बीजाणु भित्तियों के कारण अवरूद्ध हो जाता है ।

**ocular micrometer** **नेत्र सूक्ष्ममापी**

एक सूक्ष्मदर्शी की नेत्रिका में लगायी जाने वाली कांच की वह चक्रिका जिसकी समान दूरी पर खिंची रेखाओं से किसी जीव के आकार का मापन करते हैं ।

**oidium** — **ऑयडियम**

एककोशिकीय बीजाणु जो तंतु कोशिकाओं के टूटकर अलग होने से बनता है ।

**okazaki fragments** — **ओकाज़ाकी खंड**

छोटे टुकड़ों में प्रतिकृत डी.एन.ए. के तंतु गुच्छ ।

**oligodynamic action** — **अल्पगतिक क्रिया**

कुछ धातुओं की अल्प मात्राओं का जीवाणुओं पर पड़ने वाला घातक प्रभाव ।

**oligotrophic** — **अल्पपोषी**

ऐसा पानी जिसमें पोषक तत्व कम होते हैं और परिणामतः शैवालों की संख्या कम होती है ।

**oncogene** — **ओंकोजीन**

प्राणी कोशिका या विषाणु-जीनोमों में पाये जाने वाले जीन जो यूकेरिओटा जीवों के ऊतकों में कैंसर वृद्धि के लिए उत्तरदायी है ।

**oncogenic virus** — अर्बुदीय विषाणु

अपने संक्रमण से परपोषी ऊतकों में अर्बुद (ट्यूमर) बनने को प्रेरित करने वाला विषाणु ।

**oncology** — **अर्बुद विज्ञान, अर्बुदिकी**

अर्बुदों की उत्पत्ति, वृद्धि लक्षण तथा चिकित्सा का विज्ञान ।

**oogamy** — **विषमयुग्मकता**

ऐसा लैंगिक प्रजनन जिसमें बड़े अवर मादा युग्मक का एक बहुत छोटे पर नर युग्मक से संलयन होता है ।

**oogonium** — **अंडधानी**

एकल–कोशिकीय मादा युग्मक धानी ।

**oospore** — **निषिक्तांड**

अंड तथा एक शुक्राणु के संलयन के परिणामस्वरूप एक स्थूल भित्ति वाले युग्मनज की रचना ।

अथवा

लैंगिक जनन क्रिया से उत्पन्न बीजाणु ।

**operon** — **ओपेरॉन**

आसन्न जीनों का अनुक्रम जिसका नियंत्रण एक ऐसी नियामक प्रोटीन के द्वारा होता है जो विशिष्ट कोशिकीय कार्य में लगी प्रोटीनों को संकेतावलि प्रदान करता है ।

**opportunistic pathogen** — **अवसरवादी रोगजन**

एक अरोगजन रोगाणु जो असामान्य परिस्थितियों में हमला करके रोग उत्पन्न करता है ।

**opsonin** — **औप्सोनिन**

जीवाणु कोशिका से संयोजन करने वाला प्रतिरक्षी जो उनको भक्षकाणु के लिए अधिक सुग्राही बनाता है ।

**organelle** — **अंगक**

आकारिकीय दृष्टि से सुस्पष्ट कोशिकीय एकक जिसका अपना विशेष प्रकार्य होता है ।

**ornamental wall** — **अलंकृत भित्ति**

चित्रित या तक्षित सतह वाली बीजाणु भित्ति ।

**osmophilic** — **उच्चसांद्रतारागी**

उच्च परासरण दाब वाले माध्यम पर जीवन की अनुकूलतम वृद्धि ।

**palmelloid** — **श्लेष्मस्थताभ, पैल्मेलाभ**

एकल अचल-कोशिकाओं का ऐसा समूह जो आकृति विहीन श्लेष्मी पदार्थ के रूप में मिलता है ।

**pandemic** — **सर्वव्यापी**

ऐसा संक्रामक रोग जो सभी जगह फैल सकता है ।

**pantonematic flagellum** — **पेन्टोनिमेटिक कशाभ, सर्वसूत्री कशाभ ।**

रोम के समान उपांग वाला कशाभ ।

**papilla (ae)** — **पिप्पल, अंकुरक, पेपिला**

सतह से निकला हुआ एक चूचक जैसा प्रक्षेप ।

**paraphysis** — **सहसूत्र**

जनन संरचनाओं के क्षेत्र में उगने वाले बंध्य रोग ।

**parasexualism** — **परलैंगिकता**

विषमकेंद्रकीय कवक तंतुओं में केंद्रक-संलयन ।

**parasite** — **परजीवी**

वह जीव जो दूसरे जीव से पोषण व आश्रय लेता है ।

**paratype** — **अपरप्ररूप (पेराटाइप)**

नामप्ररूप अथवा मूलप्ररूप (होलो) और समप्ररूप (आइसोटाइप) के अतिरिक्त एक प्रतिदर्श जिसका उल्लेख टैक्सॉन के मूल प्रकाशन में होता है ।

**parenteral** — **आंत्रेतर**

अवत्वकीय, अंत:पेशीय, अंत: शिरीय अर्थात् जो आंतों से संब्रंधित नहीं होती हैं ।

**parthenospore** — **अनिषेक बीजाणु**

एकल अनिषेचित युग्मक से बना मोटी भित्ति वाला बीजाणु ।

**passive immunity** — **निष्क्रिय प्रतिरक्षा**

विशिष्ट संक्रमण कारक के विरोध में किसी दूसरे व्यष्टि में विकसित किया गया प्रतिरोध जो बाद में रोगी में स्थानान्तरित किया जाता है । इस रोधक्षम अवस्था का अर्जन प्राकृतिक रूप से अथवा कृत्रिम उपायों से भी किया जा सकता है ।

**pasteurization** — **पास्तेरीकरण**

रोगजन सूक्ष्माणुओं को गर्म और ठंडा करके नष्ट करने की विधि जिसमें सूक्ष्माणुओं को पहले 62.9 सें. तापमान पर 30 मिनट तक अथवा 71.6 सें. तापमान पर 15 मिनट तक उपचारित करते हैं और फिर तेजी से उनका शीतलन करते हैं । आजकल यह प्रक्रिया परिवर्तित विधि में तापमान काफी बढ़ा कर कुछ ही सेकेंड में पूरी हो जाती है ।

**pathogen** — **रोगाणु, रोगजन**

संक्रामक रोग उत्पन्न कर सकने में सक्षम सूक्ष्म जीव ।

**pathogenecity** — **रोगजनकता**

रोगजनक की रोग या विकृति उत्पन्न करने की क्षमता ।

**pathogenesis** — **विकृतिजनन**

रोग उत्पन्न होने का प्रक्रम अथवा क्रियाविधि ।

**pectin** — **पेक्टिन**

गैलेक्टुरोनिक अम्ल के बहुलक । इनमें पैक्टिन, पैक्टिक अम्ल, पेक्टिनिक अम्ल तथा अन्य पेक्टिन यौगिक सम्मिलित होते हैं ।

**pectolytic** **पेक्टिन–अपघटनी**

पेक्टिन अपघटक जीवाणु ।

**pedicel** **वृंत, पुष्पवृंत**

बीजाणुओं से संबंधित एक पतला, छोटा वृंत । इस शब्द का उपयोग जीनस एकाउलोस्पोरा में बीजाणु और बीजाणु रखने वाले कवक तंतु के बीच के छोटे अनुयोजक के लिए होता है ।

**pediococus** **पीडियोकोसस**

गोल जीव जो दो तलों में विभाजित होकर चतुष्क बनाते हैं ।

**pelvic inflammatory disease** **श्रोणिशोथज रोग**

योनि और एन्डोसर्विक्स से ऊपर की दिशा में एन्डोमेट्रियम और फैलोपी नलिकाओं तक हो जाने वाला जीवाणु–जनित रोग ।

**peptidoglycan** **पेप्टीडोग्लाइकन**

शर्करा और पेप्टाइड के अणु । यह विषम बहुलक प्रायःसभी यूबैक्टीरिया की कोशिका–भित्ति में पाया जाता है, किंतु आर्किबैक्टीरिया की कोशिका भित्ति में नहीं पाया जाता । इसका मुख्य कार्य कोशिका भित्ति को दृढ़ता प्रदान करना और कोशिका की आकृति बनाए रखना है ।

**perfect stage** **पूर्णावस्था**

कवक के जीवन–चक्र की वह अवस्था जिसमें लैंगिक रूप से बीजाणु उत्पन्न होते हैं ।

**pericentral** **परिकेंद्रीय**

कुछ लाल शैवालों में केंद्रीय अक्ष के चारों ओर तथा उससे निकली कोशिकाओं का वलय ।

**peridium** **कवक फलीभित्त**

बीजाणु–फलिका पर कवक तंतुओं का बाह्य खोल ।

**periplasmic flagella** **कशाभिका परिद्रव्यी**

एक तंतुल संचलन संरचना जो स्पाइरोकीट जीवाणु की कोशिका भित्ति की बाहरी झिल्ली के नीचे स्थित होती है । इसे अक्षीय तंतु या अंतर्द्रव्यी कशाभिका भी कहते हैं ।

**periplasmic space** **अवकाश परिद्रव्यी**

ग्रैम अग्राही जीवाणु की बाहरी झिल्ली और कोशिका द्रव्य की झिल्ली के बीच का स्थान ।

**periplast** **परिकला**

कुछ शैवालों और प्राटोजोआओं का कोशिका – आवरण अथवा उसके एक या अधिक विशिष्ट स्तर ।

**peristalsis** **क्रमाकुंचन**

आंत्र का क्रमोत्तर तथा लयबद्ध सकुंचन ।

**perithecium** **परिथीसियम**

वर्तुलाकार, बेलनाकार या अंडाकार एस्कोकार्प (100.3 माइक्रोमीटर) जो सामान्यत: स्लिट (रेखाछिद्र) अथवा रंध्र के द्वारा शिखर पर खुलता है ।

**peritrichous flagellation** **परिरोमी कशाभन**

जीवाणु कोशिका के बाहर चारों तरफ बिखरे कशाभ ।

**perleche** **पर्लेसी**

मुख के कोण पर पायी जाने वाली शोथीय अवस्था जो प्राय: *कैंडिडा एलिगैंस* के कारण होती है ।

**permeability** — **पारगम्यता**

कोशिका कला से होकर विभिन्न प्रकार के अणुओं का एक सीमा तक पारगमन ।

**permease** — **पर्मिएस**

एन्ज़ाइम–समान प्रोटीनों का ऐसा समूह जो कोशिका द्रव्य–कला पर स्थित होता है और उससे होकर जाने वाले पोषक तत्वों के पारगमन की मध्यस्थता करता है ।

**peroxidase** — **परऑक्सीडेस**

हाइड्रोजन पर ऑक्साइड का अपघटन करने वाला एन्ज़ाइम ।

**pertussis** — **काली खांसी**

*बोरडीटेल्ला पर्टुसिस* नामक जीवाणु के संक्रमण से उत्पन्न बच्चों की तीव्र खांसी । इसे कुकर खांसी भी कहते हैं ।

**ph** — **पी एच**

किसी विलयन में अम्लता या क्षारता के अंश का सूचक [ph=log(i/$cH^+$)]1ut हाइड्रोजन की सांद्रता का द्योतक है ।

**phage** — **विभोजी, फाज़**

जीवाणुभोजी विषाणु

**phagocyte** — **भक्षकाणु**

सूक्ष्मजीवों या अन्य बाहरी कणों का अन्तर्ग्रहण करने वाली कोशिका ।

**phagocytosis** — **भक्षकाणुक्रिया**

वह प्रक्रिया जिसमें श्वेत रुधिर कोशिकाएं अवांछित पदार्थों या कोशिकाओं को खा जाती हैं ।

**phagovar** — **फैगोवर**

जीवाणु जाति का एक उपप्रभेद जो विभिन्न जीवाणु (बैक्टीरिया) फाज़ों के प्रति सुग्राहिता तथा प्रतिरोध की विशिष्टताओं का प्रतिरूप है ।

**phase conversion** — **प्रावस्था परिवर्तन**

एक या एक से अधिक प्रोफाज़ जीनों की अभिव्यक्ति से परपोषी कोशिका के लक्षणप्रारूप (फीनोटाइप में अंतर आ जाना ।

**phenetic** — **फेनेटिक**

वर्गिकी आधार पर ऐसा संबंध जो पूर्वजता के बजाय समग्र बन्धुता या सादृश्य पर आधारित होता है ।

**phenol coefficient** — **फ़ीनोल गुणांक**

वह संख्या जो किसी फ़ीनोलिक संक्रमणहारी की प्रतिसूक्ष्म जीवी सक्रियता की सूचक है तथा मानक अवस्थाओं में फ़ीनोल के सापेक्ष होती है और जिसका निर्धारण रीडील–वाल्कर अथवा चिक–मार्टिन परीक्षण से किया जा सकता है ।

**phenotype** — **लक्षणप्ररूप, फ़ीनोटाइप**

किसी जीव के बाह्य आकृतिक और क्रियात्मक लक्षणों का प्ररूप ।

**phosphatase** — **फ़ॉस्फेटेस**

फ़ॉस्फोरस युक्त कार्बनिक यौगिकों से फॉस्फोरस को अलग करने वाला एन्ज़ाइम ।

**phosphatase test** — **फ़ॉस्फेटेस परीक्षण**

दूध के पास्तेरीकरण की दक्षता मालूम करने का परीक्षण, जो फ़ॉस्फेटेस एंज़ाइम की ताप अस्थिरता पर आधारित है ।

**phosphoglycerides** **फ़ॉस्फ़ोग्लिसेराइड्स**

ग्लीसेरोल ऐस्टर श्रृंखलित ऋण श्रृंखला वसीय अम्ल ।

**phosphorylation** **फ़ॉस्फ़ोरिलेशन**

किसी यौगिक में फ़ॉस्फ़ेट समूह का जुड़ जाना ।

**photoautotroph** **प्रकाशस्वपोषी**

वह जीव जो प्रकाश से ऊर्जा प्राप्त करता है तथा कार्बन डाईऑक्साइड के कार्बन को एक मात्र स्रोत के रूप में उपयोग करता है ।

**photolithotroph** **प्रकाश–अकार्बनिक पोषी**

ऐसा जीव जो अकार्बनिक माध्यम में बढ़ता और प्रकाश से ऊर्जा लेता है ।

**photolysis** **प्रकाश अपघटन**

प्रकाश जनित जल अपघटन ।

**photoorganotroph** **प्रकाशकार्बन पोषी, फोटो आर्गेनोट्राफ़**

वह जीव जो प्रकाश से ऊर्जा लेता है और कार्बनिक यौगिकों का उपयोग इलेक्ट्रॉनों के स्रोत के रूप में करता है ।

**photophosphorylation** **फ़ोटोफ़ॉस्फोरिलेशन**

ए.टी.पी. के संश्लेषण को प्रेरित करने के लिए प्रकाश–ऊर्जा का उपयोग ।

**photoreactivation** **प्रकाश पुनःसक्रियण**

डी.एन.ए. के पुनर्निर्माण की वह क्रियाविधि जिसके अंतर्गत कोशिकाएं जब 300 से 600 एन.एम.तरंगदैर्ध्य वाली प्रकाशकिरणों के संपर्क में आती है तो पराबैगनी विकिरण से बने पायरिमीडीन डाइमर विदलित हो जाते हैं ।

**photosynthesis** **प्रकाश–संश्लेषण**

ऐसी प्रक्रिया जिसमें प्रकाश और क्लोरोफ़िल की उपस्थिति में कार्बनडाइऑक्साइड तथा जल से कार्बोहाइड्रेट का संश्लेषण होता है ।

**phototaxis** **प्रकाशानुचलन**

कुछ शैवालों और प्राटोज़ोआओं का कोशिका – आवरण अथवा उसके एक या अधिक विशिष्ट स्तर ।

**phototroph** **प्रकाशपोषी**

प्रकाश को ऊर्जा के स्रोत के रूप में उपयोग करने वाले जीव ।

**phycobilin** **फ़ाइकोबिलिन**

सायनोफ़ाइटा, रोडोफ़ाइटा तथा क्रिप्टोफ़ाइटा का जल घुलनशील प्रोटीन संबद्ध वर्णक ।

**phycobilisome** **फ़ाइकोबिलिसोम**

फ़ाइकोसायनिन तथा फ़ाइकोएरिथ्रिस वर्णकों को धारण करने वाले कण ।

**phycobiont** **शैवालांश**

शैक(लाइकेन) का शैवाल घटक ।

**phycoerithrin** **फ़ाइकाइरिथ्रिन**

लाल बिलिप्रोटीन

**phycocyanin** **फ़ाइकोसायनिन**

एक नीली बिलिप्रोटीन

**phycology** **शैवाल विज्ञान**

शैवालों के अध्ययन का विज्ञान ।

**phylogeny** — **जातिवृत्त**

जीवधारियों का विकासात्मक अथवा पूर्वजीय इतिहास ।

**phylum** — **संघ, फाइलम**

वह वर्गक जिसमें संबंधित वर्गों का समूह सम्मिलित होता है ।

**physiological race** — **कार्यिकीय प्रजाति, शरीर-क्रियात्मक प्रजाति**

आकारकीय दृष्टि से समान जीव प्ररूप जो अन्य जीव प्ररूपों से शरीर क्रियात्मक अभिलक्षणों में भिन्न होते हैं । उनमें सुग्राह्य पौधों के वंश और प्रजातियों पर संक्रमण कर सकने की अलग-अलग क्षमता होती है ।

**physiologic specialization** — **कार्यिकीय विशिष्टीकरण, शरीर क्रियात्मक विशिष्टीकरण**

एक ही जाति के रोगजनक की एक से अधिक प्रजातियां ।

**physiology** — **कार्यिकी, शरीरक्रियाविज्ञान**

विज्ञान की वह शाखा जिसमें शारीरिक क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है ।

**phytoalexin** — **पादप प्रतिपिंड, फ़ाइटोएलेक्सिन**

अतिसंवेदनशील परपोषियों के आक्रमण से उत्पन्न चयापचयात्मक उत्पाद जो परजीवी व परपोषी दोनों के लिए विषाक्त हैं ।

**phytoflagellate** — **पादपकशाम**

कशाभी प्रोटोज़ोआ वर्ग फ़ाइटोमेस्टिगोफोरा के वे जीव जिनमें पर्णहरित उपस्थित होता है अथवा पर्णहरित धारक अन्य जीवों से उनका स्पष्ट संबंध होता है ।

**phytoplankton** — **पादपप्लवक**

ऐसे प्लवक जिसके घटक केवल पादप या पादप जैसे जीव ही होते हैं ।

**plaque** — **प्लाक**

कोशिकाओं की एकाणुक परत या विविक्त क्षेत्र जिसमे कुछ या सभी कोशिकाओं का विषाणु या किसी डेलविब्रियो जैसे परजीवी के अंत: कोशिकीय जनन के बाद लयन हो चुका हो ।

**plaque reduction** — **प्लाक न्यूनीकरण**

किसी व्यतिकरणी पदार्थ (इंटरफ़ेरॉन) की उपस्थिति के कारण विषाणु की प्लाक बनाने की क्षमता का कम हो जाना ।

**pigmented bacteria** — **वर्णक जीवाणु**

विभिन्न वर्णकों से युक्त जीवाणु ।

**pili** — **पाइली**

जीवाणु कोशिका भित्तियों के प्रोटीनयुक्त तंतुमय प्रवर्ध जिनकी आसंजन क्रिया में कोशिकाओं के बीच आनुवंशिक सूचना के अंतरण और विषाणु संक्रमणों में भूमिका होती है ।

**pilsener** — **पिलसेनर**

हल्के रंग का किण्वित कार्बोहाइड्रेट युक्त पदार्थ जो लेज़र वीयर के समान होता है ।

**pilus** — **पाइलस**

प्रोटीनयुक्त तंतुमय उपांग जो कशाभिका से भिन्न होता है और कुछ ग्रैम-अग्राही जीवाणुओं में उपस्थित होता है ।

**pinocytosis** — **पिनोसाइटी क्रिया**

प्लाज्मा झिल्ली द्वारा बनाई गई पुटिकाओं में विलेय पदार्थों (बृहदणुओं) का ग्रहण ।



11—10/CSTT/ND/97

**plankton** — **प्लवक**

झीलों, सागरों तथा अन्य प्रकार के खुले जलाशयों के बेलापवर्ती प्रदेशों में निष्क्रिय रूप से बहने वाले सूक्ष्मजीवों (मुख्यतः सूक्ष्म शैवाल और प्रोटोज़ोआ वर्ग के जंतु) तथा छोटे-छोटे मेटाज़ोआ वर्ग के जीवों के लिए सामूहिक रूप से प्रयुक्त शब्द ।

**plasmalemma** — **जीवद्रव्यकला, प्लाज़्माझिल्ली**

कोशिकाद्रव्य को अलग करने वाली, कोशिका भित्ति के साथ लगी हुई झिल्ली ।

**plasma membrane** — **जीवद्रव्य कला, प्लाज़्मा झिल्ली**

वह अविच्छिन्न झिल्ली, जो प्रत्येक कोशिका की सीमा को निर्धारित करती है ।

**plasmid** — **प्लास्मिड**

स्वतः प्रतिकृति बनाने वाला तथा स्वायत्त गुण सूत्र बाह्य वर्तुल डी.एन.ए. ।

**plasmodesmata** — **जीवद्रव्य तंतु**

सन्निकट कोशिकाओं के बीच कोशिकाद्रव्यीय संबंध ।

**plasmogamy** — **कोशिकाद्रव्य-लयन, प्लैज़्मोगैमी**

जीवद्रव्यकों का संलयन ।

**plasmolysis** — **जीवद्रव्य कुंचन**

बाहरी विलेय के उच्च संकेन्द्रण के परिणामस्वरूप कोशिका का संकुचन ।

**plastid** — **प्लास्टिड**

एक वर्णीकृत और झिल्ली से परिबद्ध कोशिका अंगक ।

**playback experiment** — **प्रतिदर्शन प्रयोग**

आर.एन.ए. से संकरित हुए डी.एन.ए. की पुनः प्राप्ति, जिससे पुनः साहचर्य वाली अभिक्रिया की पुनरावृत्ति रुक जाए ।

**pleionecrosis** — **बहुऊतक क्षय**

मरणासन्न ऊतकों द्वारा प्रकट लक्षण ।

**pleomorphic microbe** — **बहुरूपी सूक्ष्मजीवाणु**

ऐसे जीवाणु जिनमें बाह्य कारकों के प्रभाव से रूप और आकार में विविध परिवर्तन हो जाते हैं ।

**pleiotropic gene** — **बहुप्रभावी जीन**

वह जीन, जो संलक्षणी (फीनोटाइप) के एक से अधिक अभिलक्षणों को प्रभावित करता है ।

**pleomorphism (=polymorphism)** — **बहुरूपता**

एक ही जीव के क्लोन अथवा विशुद्ध संवर्ध की कोशिकाओं के आकार-प्रकार में वंशागत विभिन्नताएं ।

**plyeder** — **बहुकोणक**

अलैंगिक चल बीजाणु को उत्पन्न करने वाले कुछ जीवों की चतुष्फलकीय अवस्था ।

**pneumonia** — **निमोनिया**

फेफड़े का एक रोग जिसमें ऊतक में सूजन व कठोरता आ जाती है और वह जलीय हो जाता है । यह रोग *न्यूमोनोकोकस निमोनी* नामक जीवाणु से होता है ।

**poi** — **पोई**

हवाई मक्के का किण्वित पदार्थ ।

**point mutation** **बिंदु उत्परिवर्तन**

उत्परिवर्तन का एक प्रकार जिसमें एक न्यूक्लियोटाइड दूसरे न्यूक्लियोटाइड से विस्थापित हो जाता है ।

दे. nonsense mutation

**polar flagellation** **ध्रुवीय कशाभन**

कोशिका के अंतिम सिरे पर कशाभ का उत्पन्न होना । इसके अनेक प्रकार हैं यथा - एक कशाभी (अकेला कशाभ), उभयकशाभी (प्रत्येक सिरे पर एक कशाभ) और गुच्छकशाभी एक या दोनों सिरों पर कशाभ का गुच्छा ।

**polarity** **ध्रुवता**

एक जीन में उत्परिवर्तन का वह प्रभाव जो उसी अनुलेखन इकाई के परिवर्ती जीनों में अभिव्यक्ति को प्रभावित करता है ।

**poly β hydroxy-butyrate (PHB)** **पॉलीबीटा डाइड्रॉक्सी ब्यूटिरेट**

बीटा-हाइड्रॉक्सीब्यूटाइरिक अम्ल का क्लोरोफ़ॉर्म विलेय बहुलक जो कुछ जीवाणुओं में आंतर कोशिकीय कणिकाओं के रूप में पाया जाता है और जो वसा विलेय रंजकों से रंजित हो सकता है ।

**poly β hydroxy-butyric acid (PHBA)** **पॉलिबीटाहाइड्रॉक्सी ब्यूटिरिक अम्ल**

लिपिड जैसे पदार्थ का कोई बहुलक (पॉलीमर) जो कुछ जीवाणुओं में मौजूद कोशिकाद्रव्यी अंतर्निवेशों में पाया जाता है ।

**polycistronic mRNA** **बहुसमपारी दूत आर.एन.ए.**

कोड लेखन के क्षेत्रों वाला दूत आर.एन.ए. जो एक से अधिक जीनों को प्रदर्शित करता है ।

**polyene antibiotics** **पॉलीन प्रतिजैविक**

प्रतिजैविकों का ऐसा रासायनिक वर्ग जिनमें बड़ी वलय संरचना और अधिक कोशिकीय पारगम्यता होती है ।

**polymorphism** **बहुरूपता**

किसी जीव का वह गुण जिसमें वह आकारिकीय रूप से दो या अधिक आकृतियों में मिलता है ।

**polymorphonuclear granulocytes (PMN)** **बहुरूपकेंद्रकीय कणिकाणु**

परिसंचारी भक्षकाणु क्रिया जिसमें बहुपालियुक्त केंद्रक और अनेक कोशिकाद्रव्यी कण होते हैं ।

**polypeptide** **पोलीपेप्टाइड**

कई ऐमीनों अम्लों के जुड़ने से बना अणु ।

**polyprotein** **पॉलीप्रोटीन**

जीन का उत्पाद, जो अनेक स्वतंत्र प्रोटीनों में टूट जाता है ।

**polyribosome** **पॉलीराइबोसोम**

एम.आर.एन.ए. तथा दो या अधिक राइबोसोमो का संमिश्र जिसकी प्रोटीन संश्लेषण में भूमिका होती है ।

**polysiphonous** **बहुसाइफनी**

लम्बे बेलनाकार तंतुओं का बना थैलस ।

**polysome (polyribosme)** **बहुसूत्र (पॉलीराइबोसोम)**

वह दूत आर.एन.ए. जो स्थानांतरण की शृंखला वाले राइबोसोमों से संबद्ध होता है ।

**polystichous** **बहुअवलिक**

मृदूतककोशिकाओं के अनेक स्तरों से युक्त भूरे शैवालों की थैलस संरचनाएं ।

**pomace** — **पोमेस**

अंगूरों के बीज रहित रस के किण्वन से मदिरा का बनना ।

**porins** — **पोरिन्स**

ग्रैम-अग्राही (gram negative) जीवाणु की बाह्य कला का एक प्रोटीन अणु जो पानी भरी-पारकलानाल (रंध्रों) का निर्माण करता है जिससे आयनों तथा छोटे अवशिष्ट अणुओं का प्रवाह हो सके ।

**portal of entrance** — **प्रवेशनिवाहिका (पोर्टल)**

वह विधि जिससे रोगाणु जीव में रोग उत्पन्न करने के लिए प्रवेश करता है ।

**positive regulator protein** — **धनात्मक नियामक प्रोटीन**

अनुलेखन इकाई को सक्रिय करने वाला प्रोटीन ।

**positive super-coiling** — **धनात्मक अतिवलयन**

द्विकुंडलिनी (double helix) का एक ही दिशा में स्थान विशेष पर कुंडलन जो उसके दो सूत्रों के अपने आप आपस में लिपटने से होता है ।

**potable water** — **पेयजल**

हानिकारक तथा अरुचिकर पदार्थों से मुक्त जल अथवा पीने योग्य पानी ।

**pourse** — **पाउर्स**

विषम किण्वनी जालक से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड गैस ।

**PPLO (pleuro-pneumonia like organism** **पी.पी.एल.ओ.**
प्लूरोनिमोनिया-समान जीव जो गण माइकोप्लास्मेटेल्स में आते हैं।

**prausnitz - kustner antibodies** **प्रास्निट्ज-कस्टनर प्रतिरक्षी**
परागज ज्वर, भोजन तथा औषधि की सुग्राहिता और तीव्रग्राहिता जैसी एलर्जी को उत्पन्न करने वाले प्रमुख कारक।

**precipitin** **प्रेसिपिटिन**
अपने विलेय प्रतिजन के अवक्षेपण को दर्शाने वाला प्रतिरक्षी।

**predation** **परभक्षण**
किसी जाति के जीव द्वारा दूसरी जाति के जीव को मार कर खा जाना।

**predisposition** **रोगप्रवणता**
पर्यावरण के कारण रोग के प्रति सुग्राहिता में वृद्धि।

**primary cycle** **प्राथमिक चक्र**
रोगजनक के सुप्तिकाल के उपरांत रोगजनक चक्र।

**primary organism** **प्रारंभिक जीव**
वह मूल जीव जो संवर्धन को शुरू करने के लिए रोपित किया जाता है तथा जिसे प्राकृतिक स्रोत से प्राप्त करते हैं।

**primary productivity** **प्राथमिक उत्पादकता**
जैव प्रक्रियाओं, मुख्यतः प्रकाश संश्लेषण, के समय कार्बन डाइऑक्साइड का जैव कार्बन में रूपांतरण।

**primary transcript** **प्राथमिक अनुलेख**

वह मौलिक तथा अपरिवर्तित आर.एन.ए. उत्पाद जो अनुलेखन इकाई से संगति रखता है ।

**primary treatment** **प्राथमिक उपचार**

अपशिष्ट जल के उपचार की पहली प्रक्रिया जिसमें प्लवमान या तली पर जमा होने वाले ठोस पदार्थों को छाजन और अवसादन द्वारा यांत्रिक तौर पर निकाल दिया जाता है ।

**primer** **प्रारम्भक**

न्यूक्लियोटाइडों का एक लघु अनुक्रम जो डी.एन.ए. के एक सूत्र के साथ युग्मित होकर पॉलीमरेस एंज़ाइम को क्रियाशील करके डीऑक्सीराइबो न्यूक्लियोटाइड के सूत्र के संश्लेषण को बढ़ा देता है ।

**primosome** **प्राइमोसोम, आदिसूत्र**

वह जटिल प्रोटीन जो विच्छिन्न डी.एन.ए. प्रतिकृति के समय "ओकाजाकी खंड" के संश्लेषण को प्रारंभ करती है ।

**probe** **खोजी**

रेडियो धर्मिता वाला, एकल रज्जुक (लड़ी) का आर.एन.ए. या डी.एन.ए. जिसका प्रयोग पूरक जीन क्लोनों के स्थान निर्धारण में किया जाता है ।

**procarb** **जायाधानी**

कुछ लाल शैवालों के बहुकोशिक मादा अंग ।

**prokaryotic** — **प्राक्केंद्रकी**

एक अवस्था जिसमें केंद्रक-संरचना झिल्ली से परिबद्ध नहीं होती और दूसरे झिल्ली परिबद्ध कोशिका अंगक जैसे कि हरितलवक, सूत्रकणिका (mitochondria) और जालिकाय (dictysomes) अनुपस्थित होते हैं ।

**processed pseudogene** — **संसाधित कूटजीन**

सक्रिय जीन की अवरूद्ध संरचना से विषमता रखने वाला एक अक्रियजीन प्रतिरूप जिसमें इन्ट्रोन नहीं होते । ऐसे जीन अनुमानतः दूत आर.एन.ए. के उलट अनुलेखन और द्वैध कॉपी के संजीन में प्रविष्टि से उत्पन्न होता है ।

**processive enzyme** — **संसाधक एन्ज़ाइम**

वह एंज़ाइम, जो एक विशेष अवस्तर पर क्रिया करता है यानि वह एंज़ाइम जो विशेष अवस्तर (वृहदणु) से बंधकर रहता है और उत्प्रेरक क्रियाओं की पुनरावृत्तियों में भी उससे अलग नहीं होता ।

**promoter** — **उन्नायक**

डी.एन.ए. का वह भाग जो अनुलेखन शुरू करने के लिए आर.एन.ए. पोलीमरेस को बांधने का कार्य करता है ।

**promycelium** — **प्राक्कवक तंतु**

कंड और किट्ट का वह अंग जिसे बेसिडियम कहते हैं और जो अर्धसूत्री विभाजक के समय बनता है । इसमें बहिर्जात बीजाणु पाए जाते हैं ।

**proof reading** — **प्रूफ संशोधन**

कोई भी क्रियाविधि जो प्रोटीन और न्यूक्लीक अम्ल के संश्लेषण में होने वाली त्रुटियों को ठीक करती है और शृंखला में जुड़ने के बाद व्यष्टिगत इकाइयों की जांच भी करती है ।

**prophage** — **प्राग्विभोजी, प्रोफाज**

जीवाणु कोशिका के डी.एन.ए. में समाविष्ट संयत विभोजी का संजीन ।

**prophylactic** — **निरोधोपचार**

संक्रमण के विरुद्ध निरोधात्मक उपाय ।

**prophylaxis** — **रोगनिरोध**

रोग से बचाव के उद्देश्य से किया जाने वाला उपचार या चिकित्सा ।

**propionics** — **प्रोपिऑनिक्स**

प्रोपिऑनिक अम्ल का उत्पादन करने वाले जीवाणु ।

**prostatitis** — **प्रोस्टेटशोथ**

प्रोस्टेट ग्रंथि की सूजन ।

**protein** — **प्रोटीन**

कई जटिल कार्बनिक नाइट्रोजन यौगिकों में से कोई एक जिसमें अनेक ऐमीनो अम्ल पेप्टाइड बंधों द्वारा जुड़े रहते हैं ।

**proteinase** — **प्रोटीनेज़**

प्रोटीनों और पॉलीपेप्टाइडों के पेप्टाइड बंधों का जल अपघटन करने वाले एंज़ाइम ।

**proteolytic enzyme** — **प्रोटीनलयी एंज़ाइम**

वह एंज़ाइम, जो प्रोटीन में पेप्टाइड बंध के जल का अपघटन करता है ।

**protista** — **प्रोटिस्टा**

जीवाणुओं, कवकों तथा विभेदित पादपों और प्राणियों को छोड़कर शेष सूक्ष्मजीवों का समूह ।

**proton motive force** — **प्रोटोन प्रेरक बल**

वह बल जो किसी कला के पार प्रोटोनों की विद्युत् रसायन प्रवणता से उत्पन्न होता है और जीवित कोशिकाओं में ए.टी.पी. संश्लेषण तथा अन्य ऊर्जा-पेक्षी प्रक्रियाओं को प्रेरित करता है ।

**protoplasm** — **जीव द्रव्य**

कोशिका का जीवित पदार्थ जिसकी वृद्धि $0^0$ सें. से $20^0$ सें. तक होती है ।

**protoplast** — **प्रोटोप्लास्ट, जीवद्रव्यक**

कोशिका भित्ति को हटाने के बाद कोशिका द्रव्य या जीवद्रव्य का शेष भाग ।

**prototroph** — **प्रपोषी**

जनक कोशिका जिससे उत्परिवर्ती उत्पन्न होता है । यह जनक कोशिका वन्य प्ररूपी भी हो सकती है और उत्परिवर्ती वन्य प्ररूपी (wild type) अथवा उत्परिवर्ती विभेद वाली जनक कोशिका जिससे उत्परिवर्ती उत्पन्न होता है ।

**pseudogene** — **कूटजीन**

संजीन (जीनोम) का अक्रिय लेकिन स्थिर घटक जो पूर्वज क्रियाशील जीन के उत्परिवर्तन से प्राप्त होता है ।

**psuedohyphae** — **आभासी कवक तंतु**

ऐसी खमीर कोशिकाएं जो वृद्धि के उपरांत पृथक्कृत नलिकीय जीवद्रव्य के रूप में बढ़ जाती हैं और अलैंगिक मुकुलन से जननक्रिया करती हैं ।

**pseudopodium** — **पादाभ**

किसी अमीबाभ कोशिका से निकलने वाला अस्थायी कोशिकाद्रव्यी प्रवर्ध जो गति तथा पोषण प्राप्त करने में काम आता है ।

**pseudovacuole** — **कूट रसधानी, कूटधानी**
गैस-धानी, गैस-रसधानी जैसा ।

**psychrophile** — **शीतरागी**
ठंडक पसंद करने वाला जीव जिसकी इष्टतम वृद्धि $20^0$ सें. से कम तापमान पर ही होती है ।

**psychrophilic** — **निम्नतापप्रिय, शीतरागी**
वह शीत प्रिय जीव जिसकी वृद्धि $0^0$ सें. से $20^0$ सें. तक हो सकती है लेकिन चरमवृद्धि $15^0$ सें. अथवा उससे कम पर ही होती है ।

**psychrotrophs** — **शीतपोषी**
$0^0$ से $5^0$ सें. के बीच वृद्धि करने वाला ऐसा जीवाणु जो $15^0$ सें. अधिक तापमान पर चरमवृद्धि को प्राप्त होता है । परंतु इस तापमान की अधिकतम सीमा $20^0$ सें. के आसपास होती है ।

**ptomaine** — **टोमेन**
प्राणि-प्रोटीन या पादप-प्रोटीन की सड़न (पूतिभवन) से उत्पन्न पदार्थ जिनसे भोजन विषाक्तता होती है ।

**puerperal sepsis (childbed fever)** — **प्यूपेरीय पूतीभवन (बालशय्या ज्वर)**
माता की गर्भाशय अंतःस्तर एन्डोमेट्रियम तथा उसके चारों ओर की संरचना में प्रसव अथवा गर्भपात के बाद जीवाणु द्वारा होने वाला संक्रमण ।

**pulque** — **पूल्क**
विशेषतः अगावे एट्रोवाइरेन्स नामक पौधे से बना किण्वित पेय जो मेक्सिको में बनाया जाता है ।

**punctate** — **बिंदुकित**
सूक्ष्म छिद्रों वाली, जैसे डायटमों की भित्ति ।

**pure culture** **शुद्ध संवर्ध**

एकल कोशिका के विभाजनों से प्राप्त असंदूषित संवर्ध । संवर्ध में बहुधा शुद्ध और असंदूषित शब्दों को एक दूसरे के स्थान पर प्रयुक्त किया जाता है ।

**pus** **पूय**

शोथ का तरल उत्पाद जिसमें सीरम, जीवाणु, मृत कोशिकाएं और श्वेताणु (ल्यूकोसाइट) होते हैं ।

**putrefaction** **पूयन, सड़न**

प्रोटीन, पेप्टाइड एवं ऐमीनो अम्ल का अवायवीय अपघटन ।

**pycnidium** **पिकनिडियम**

कवकों में अलैंगिक फलन करने वाली संरचना अथवा काय ।

**pyemia** **पूतिरक्तता, पूयरक्तता**

प्रतिजीवरक्तता (सैप्टीसीमिया) का प्रकार जिसमें रुधिर प्रवाह में होने वाले पूतिजनक जीव विभिन्न अंगों तथा ऊतकों में द्वितीयक केंद्र स्थल लेते हैं ।

**pyocin** **पायोसिन**

*स्यूडोमोनास एरूमिनोसा* के द्वारा उत्पन्न बैक्टीरियोसिन का प्रकार ।

**pyogenic microbe** **पूतिजन सूक्ष्मजीव**

शरीर में पूति उत्पन्न करने वाला सूक्ष्मजीव ।

**pyrenoid** **पाइरानॉइड, पाइरीनाभ**

शैवालों के हरित लवकों में विद्यमान एक प्रोटीनमय कोशिका अंगक जो मंड आच्छद से घिरा होता है ।

pyrogen — **पूतिजन**

वह रसायन जो शरीर के तापमान को नियमन करने वाले हाइपोथैलेमस को प्रभावित करके तापमान को बढ़ा देते है ।

quantum — **क्वान्टम**

पदार्थ द्वारा अवशोषित या उत्सर्जित ऊर्जा का माप ।

quarternary structure — **चतुष्क संरचना**

प्रोटीन का बहुखंडीय संघटन

quellung reaction — **क्वेलंग अभिक्रिया**

जीवाणु संपुट की दृश्यता में वृद्धि जो संपुटीय एन्टीजन और विशिष्ट प्रतिसंपुटीय सीरम की अभिक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न होती है ।

quick stop — **द्रुत रोधन, द्रुत विराम**

निश्चित तापमान पर डी.एन.ए. उत्परिवर्ती की प्रतिकृति बनना तुरंत बन्द होना, जैसे *एशरिकिआ कोलाई* का $42^0$ सें. पर ।

quiescence — **निश्चेष्टता**

रोगजनक का प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण अथवा पर्यावरणीय प्रतिकूलता के कारण निश्चेष्ट रहना । इससे उसकी संक्रमण क्षमता शिथिल हो जाती है ।

rabies — **रेबीज**

मनुष्य तथा अन्य प्राणियों में विषाणु द्वारा उत्पन्न तीव्र रोग । मनुष्य में यह रोग संक्रमित प्राणियों के काटने से फैलता है ।

race — **प्रजाति**

एक जाति में विशेष कारणों से उत्पन्न उपजातियां ।

| | |
|---|---|
| **raphe** | **रैफ़ी** |
| | कुछ डायटमों की भित्ति में विद्यमान लम्बायमान विदर । |
| **rapid lysis (r) mutant** | **द्रुतलयी उत्परिवर्ती** |
| | ऐसा लयनकारी T-4 जीवाणु विभोजी का उत्परिवर्ती, जो कुछ परपोषियों में लयन का प्रदर्शन नहीं करता । ऐसे उत्परिवर्ती पैने कोर वाली बड़ी पट्टियां बनाते हैं । |
| **r-determinants** | **आर-निर्धारक** |
| | आर प्लास्मिडों में औषध प्रतिरोध का कूटलेखन करने वाले जीन । |
| **RDE (receptor destroying enzyme)** | **आर.डी.ई. (ग्राही नाशक एंज़ाइम)** |
| | वह एंज़ाइम जो उस विशिष्ट ग्राही को नष्ट कर देती है जिससे विषाणु सुग्राह्य कोशिका से जुड़ सकता है । |
| **reading frame** | **रीडिंग फ्रेम** |
| | तीन संभावित विधियों में से एक विधि, जिससे त्रयी श्रृंखला युक्त न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम की पहचान की जाती है । |
| **reagin** | **रिएजिन** |
| | कार्डियोलाइपिन विरोधी प्रतिरक्षी जैसे कि सुजाकग्रस्त रोगी में पाए जाते हैं तथा इन्हें काशरमैन प्रतिरक्षी भी कहते हैं । इस शब्द का प्रयोग कभी-कभी IgE प्रतिरक्षी के लिए भी होता है जो तात्कालिक अतिसंवदेनशीलता से संबंधित है । |
| **reassociation of DNA** | **डी.एन.ए. का पुनःसाहचर्य** |
| | आनुवंशिकी में जीन का सांकेतिक नाम । यह जीवाणु के समजात पुनर्योजन से संबद्ध प्रोटीन के कूट (कोड) का काम करता है । |

**rec A gene** — **रेक ए जीन, आर.ई.सी.ए.**

आनुवंशिकी में जीन का सांकेतिक नाम । यह जीवाणु के समजात पुनर्योजन से संबद्ध प्रोटीन के कूट (कोड) का काम करता है ।

**Rec A protein** — **रेक ए. प्रोटीन, आर.ई.सी.ए. प्रोटीन**

अनेक प्रकार के कार्य करने वाला rec A जीन का प्रोटीन अवयव जो सामान्य पुनर्योजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और डी.एन.ए. अणुओं की विभिन्न पारस्परिक क्रियाओं को बढ़ावा देता है ।

**receptacle** — **आधान**

फुकेलेस के थैलस का एक निषेच्य भाग ।

**recombinant (chimeric) DNA** — **पुनर्योगज विचित्रोतकीय डी.एन.ए.**

डीऑक्सीराइबो न्यूकलिक अम्ल का एक अणु जिसमें अलग-अलग स्रोतों से प्राप्त डी.एन.ए. के दो या अधिक भाग होते हैं ।

**recombination** — **पुनर्योजन**

संतति कोशिकाओं में ऐसे जीन-समूहों का बनना जो जनकों में से किसी के भी नहीं होते ।

**regulatory gene** — **नियंत्रक जीन**

यह एक आर.एन.ए. या प्रोटीन उत्पाद का कूट(कोड) है जिसका कार्य दूसरे जीनों की अभिव्यक्ति का नियंत्रण करना है ।

**relapsing fever** — **पुनरावर्ती ज्वर**

किलनी (टिक) अथवा जूं द्वारा वाहित *बोरेलिया* की जातियों से उत्पन्न मानव रोग जिसमें ज्वर आता, उतरता और फिर आता है ।

**relaxed mutant** — **विश्रांत उत्परिवर्ती**

जीवाणुओं में पोषक तत्वों के अभाव में भी कठोर प्रतिक्रिया न दिखाने वाले उत्परिवर्ती ।

**relaxed plasmid (replication)** — **विश्रांत पलाज़्मिड (प्रतिकृति)**

अनेक प्रतिकृतियों वाला प्लाज़्मिड ।

**relaxed replication control** — **विश्रांत प्रतिकृति नियंत्रण**

जीवाणुओं में विभाजन रुक जाने पर भी कुछ प्लाज़्मिडों से प्रतिकृतिकरण जारी रखने की योग्यता ।

**renaturation** — **पुनः प्रकृतिकरण**

डी.एन.ए. द्विकुंडलिनी के विकृत संपूरक एकल सूत्रों का पुनः संबंध ।

**rennet curd** — **रेनेट दही**

रेनिन एंज़ाइम की क्रिया द्वारा दूध के स्कंदन से बना पदार्थ ।

**rernin** — **रेनिन (काइमोसिन)**

एक एंज़ाइम विरचना जो दूध के केसीन का जलापघटन करती है । इसका पनीर उद्योग में दही बनाने में उपयोग किया जाता है ।

**repeating unit** — **आवर्तक एकक**

ऐसा न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम जिसकी डी.एन.ए. अणु में एक से अधिक बार पुनरावृत्ति होती है । इस अनुक्रम का अभिविन्यास उसी अथवा उल्टी दिशा में हो सकता है ।

**replacement site** — **प्रतिस्थापन स्थल**

एक जीन का वह स्थान जहाँ उत्परिवर्तन कोडित ऐमीनो अम्लों को बदलता है ।



12—10/CSTT/ND/97

**replication** — **1. प्रतिकृति 2. प्रतिकृतीकरण, प्रतिकृतीयन**

1. मूल डी.एन.ए. से दूसरे डी.एन.ए. रज्जुक का बनना (अणुजैविकी)।

2. किसी कोशिका में विषाणुओं की संख्या में वृद्धि।

**replication-defective virus** — **प्रतिकृति–दोषयुक्त विषाणु**

संक्रामक चक्र को पूरा करने के लिए आवश्यक एक या अधिक जीनों का लुप्त हो जाना।

**replication eye** — **प्रतिकृति नेत्र**

वह क्षेत्र जहां डी.एन.ए. का प्रतिकृतियन लम्बे अप्रतिकृत से होता है।

**replication fork** — **प्रतिकृति द्विशाख, प्रतिकृति फोर्क**

वह बिंदु जिस पर जनकीयद्वैध डी.एन.ए. के सूत्र अलग होते हैं ताकि अगली प्रतिकृति बन सके।

**replicon** — **प्रतिकृत्येकक, रेप्लिकॉन**

एक उद्गम वाले डी.एन.ए. अणु का वह अंश जो प्रतिकृतियन में सक्षम हो।

**replisome** — **रेप्लिसोम**

डी.एन.ए. संश्लेषण के लिए बहुप्रोटीन संरचना जो जीवाण्विक प्रतिकृति द्विशाख पर एकत्रित होती है। इसमें डी.एन.ए. पॉलीमरेस तथा अन्य एंज़ाइम होते हैं।

**reporter gene** — **रिपोर्टर जीन**

कोडन इकाई, जिसका उत्पाद सरलता से परखा जाता है (जैसे कि क्लोरमफेनीकोल ट्रांसएसीटाइलेस)। इसका संबंध किसी लाभकारी वर्धक से हो सकता है, जिससे जीन की अभिव्यक्ति का वर्धक के कार्य की परख के लिए उपयोग किया जा सके।

**repression** **दमन**

जीवाणु में कुछ विशेष एंज़ाइमों के संश्लेषण को रोकने की क्षमता, जबकि उनके उत्पाद उपस्थित हों। प्रायः इस शब्द का प्रयोग अनुलेखन तथा स्थानांतरण के संदर्भ में किया जाता है।

**repressor protein** **दमनकर प्रोटीन**

वह प्रोटीन, जो अनुलेखन या स्थानांतरण रोकने के लिए डी.एन.ए. अथवा आर.एन.ए. के प्रचालक से बंधा होता है।

**resistance** **प्रतिरोध**

जीव अथवा पादप की वंशागत, शरीर क्रियात्मक या संरचनात्मक अभिलक्षणों के कारण किसी रोग का प्रतिरोधी बनने की क्षमता।

**resolution** **वियोजन, विभेदन**

दो वस्तुओं के बीच इतनी न्यूनतम दूरी कि वे सूक्ष्मदर्शी में अलग-अलग वस्तुओं के रूप में दिखें।

**resolvase** **रिसोल्वेस**

वह एंज़ाइम जो दो ट्रांसपोजोनों के बीच स्थल विशेष पर पुनर्योजन की क्रियाशीलता से संबद्ध होता है।

**respiration** **श्वसन**

ऊर्जा उत्पन्न करने वाली प्रक्रिया जिसमें उपचयनीय अवस्तर से इलेक्ट्रोनों का स्थानान्तरण बहिर्जात अंतिम इलेक्ट्रॉन ग्राही पर उपचयन-अपचयन अभिक्रियाओं की श्रृंखला के माध्यम से होता है।

**respirator chain** **श्वसन श्रृंखला**

उपचयन-अपचयन अभिक्रियाओं का क्रम जिसमें किसी उपचयनीय अवस्तर से इलेक्ट्रोनों का स्थानांतरण बहिर्जात अंतिम इलेक्ट्रान ग्राही तक होता है।

**response** — **अनुक्रिया**

किसी उद्दीपक द्वारा जीव में हुआ परिवर्तन ।

**restriction endonuclease** — **अवरोधी एन्डोन्यूक्लिएस**

वह एण्डोन्यूक्लिएस जो द्विसूत्री डी.एन.ए. के विशिष्ट न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम पर बंधता है । ये तीन प्रकार के होते हैं – प्ररूप I, प्ररूप II, प्ररूप III

**restriction enzyme** — **अवरोधी एंज़ाइम**

वह एंज़ाइम जो विशिष्ट लघु अनुक्रम की पहचान करता है और मेथिल सहित डी.एन.ए. के द्वैध को विदलित करता है ।

**restriction fragment length polymorphism (RFLP)** — **अवरोधी खंड दैर्ध्य बहुरूपता (आर.एफ.एस.पी.)**

प्रासंगिक अवरोधी एंज़ाइम के विदलन से उत्पन्न वंशागत खंड जिनका उपयोग आनुवंशिक चित्रण के लिए किया जाता है ।

**restriction map** — **अवरोधी मानचित्र**

डी.एन.ए. पर उपस्थित स्थलों का रैखिक क्रम विन्यास, जो विभिन्न अवरोधी एंज़ाइमों के विदलन से बनता है ।

**reticulate** — **जालिका रूपी**

एक जाल में विन्यस्त ।

**reticulate body** — **जालिकारूपी काय**

क्लेमाइडिएस का कोशिकाभ्यंतरी रूप जिसमें वृद्धि और विभाजन क्षमता होती है ।

**reticuloendothelial system** — **जालिका-अंतस्तरीय तंत्र**

यकृत, प्लीहा और लसीका गांठों के संयोजी ऊतक से संबद्ध भक्षकाणुओं का विकीर्ण विन्यास ।

| | |
|---|---|
| **retroposon** | **रिट्रोपोसॉन**<br>ऐसा ट्रांसपोसॉन जो आर.एन.ए. (RNA) के समान कार्य करता है । |
| **retroregulation** | **अनुनियमन, अनुनियंत्रण**<br>RNA विषाणु जो द्विक डी.एन.ए. (DNA) में रूपांतरित होकर ही प्रवर्धन करते हैं । |
| **reverse transcriptase** | **प्रतीप ट्रांसक्रिप्टेस**<br>एंज़ाइम जो आर.एन.ए. के फरमें से डी.एन.ए. का निर्माण करती है । |
| **reverse transcription** | **उत्क्रम अनुलेखन**<br>RNA (आर.एन.ए.) के फरमें पर DNA (डी.एन.ए.) का संश्लेषण । यह उत्क्रम--अनुलेखन एंज़ाइम द्वारा सम्पन्न होता है । |
| **reverse translation** | **उत्क्रम स्थानांतरण**<br>वह तकनीक जिससे जीन अथवा दूत आर.एन.ए. को पृथक् करके लघु ओलिगोन्यूक्लिओटाइड अनुक्रम का संकरण किया जाता है । |
| **reversion of mutation** | **उत्परिवर्तन प्रत्यावर्तन**<br>डी.एन.ए. में वह परिवर्तन जो या तो मूल परिवर्तन को उलटा कर देता है अथवा उसकी क्षतिपूर्ति करता है । |
| **revertant** | **प्रत्यावर्त**<br>उत्परिवर्ती कोशिका या जीव के प्रत्यावर्तन से निकलने वाला उत्पाद । |

**R-factor** — **आर–कारक**

ऐसा प्लाज़्मिड जिसमें आर.टी.ई. (RTE) कारक होता है और जो संयुग्मन (conjugation) के लिए उत्तरदायी होता है। साथ ही इसमें R-gene होते हैं जो प्रतिजैविकों (antibioties) के विरुद्ध प्रतिरोध को प्रदर्शित करते हैं।

**Rh-factor** — **आर.एच. कारक**

लाल रुधिर कणिकाओं में पाया जाने वाला प्रतिजन। इसकी उपस्थिति के कारण व्यक्ति Rh-सहित (Rh-positive) और अनुपस्थिति में आर एच हीन(Rh-negative) कहलाता है।

**rhizines** — **मूलिका**

कवक तंतु के छोटे–छोटे बटे हुए रज्जुक जो शैवाल–कवक या शैवाक जैसे संबंधों को स्थिरता प्रदान करते हैं।

**rhizoid** — **मूलाभास**

ऐसी एक कोशिकीय या बहुकोशिकीय रोम–समान संरचना जो देखने में जड़ जैसी लगती है।

**rhizomorph** — **तंतुजटा**

उच्च श्रेणी के कवक तंतुओं का संगठित अनुदैर्ध्य जड़ के समान तंतु गुच्छ जो कवक के फैलने में सहायता करता है।

**rhizosphere** — **मूल परिवेश**

पौधों की जड़ों के आस–पास का वातावरण।

**Rho factor** — **आर.एच.ओ. कारक**

वह प्रोटीन जो जीवाणु के आर.एस.ए. पोलिमरेस की सहायता से आर.एच.ओ. निर्भर स्थलों की समाप्ति करता है।

**ribonucleic acid (RNA)** — **राइबोन्यूक्लिक अम्ल (आर.एन.ए.)**

कोशिकाद्रव्य और केंद्रक में पाया जाने वाला न्यूक्लिक अम्ल जिसमें फॉस्फोरिक अम्ल, राइबोस, ऐडेनीन, ग्वानीन, साइटोसीन और यूरेसिल होते हैं ।

**ribosome** — **राइबोसोम**

कोशिका द्रव्य के ऐसे कण जिनमें 60 प्रतिशत आर.एन.ए. और 40 प्रतिशत प्रोटीन होता है । ये प्रोटीन संश्लेषण के आधार हैं ।

**ribosomal RNA (r-RNA)** — **राइबोसोमी आर.एन.ए.**

राइबोसोम में पाया जाने वाला आर.एन.ए. जो कोशिकीय आर.एन.ए. के 90 प्रतिशत का निर्माण करता है ।

**rickettsiae** — **रिकेट्सी**

अविकल्पी अंतः कोशिकीय परजीवी जो संधिपादों में पाये जाते हैं । आजकल इनका उपयोग कीट नियंत्रण में किया जा रहा है ।

**rifamycin (rifampicin)** — **रिफैमाइसिन (रिफमपिसिन)**

वह प्रतिजैविक पदार्थ जो आर.एन.ए. निर्देशित पालीमरेस को बांध देने से अनुलेखन का संदमन कर दूत आर.एन.ए. के निर्माण को रोकता है ।

**right spliching junction** — **दाहिनी समबंधन संधि**

इन्ट्रान के दाहिनें सिरे और एक्सोन के बाएँ सिरे के बीच की सीमा ।

**ringworm** — **दाद**

कवकों के तीन बंधों द्वारा उत्पन्न त्वचा का रोग । इन कवकों का नामकरण शरीर के संक्रमित स्थानों के आधार पर होता है ।

**rise period** — **उत्थान अवधि**

एक–पदी (अर्थात् एक चरण वाले) वृद्धि प्रयोग में किसी संक्रमित जीवाणु से सर्वप्रथम जीवाणु भोजी से अंतिम जीवाणुभोजी के मोचन का समय अंतराल ।

**R-loop** — **आर–फंदा, आर–पाश**

किसी आर.एन.ए. सूत्र का डी.एन.ए. द्वैध में अपने संपूरक सूत्र से संकरित होने पर एक संरचना, जिसके फलस्वरूप डी.एन.ए. का मूल सूत्र संकरण क्षेत्र के ऊपर बढ़े हुए पाश के रूप में विस्थापित हो जाता है ।

**RNA ase** — **आर.एन.ए.एस.**

वह एंज़ाइम जो आर.एन.ए. का विदलन करता है । इसके तीन प्रकार हैं – प्ररूप(टाइप) I प्ररूप IIऔर प्ररूप III

**RNA driven hybridization reaction** — **आर.एन.ए. चालित संकरण अभिक्रिया**

वह अभिक्रिया जिसमें शेषआर.एन.ए. संपूरक एकल सूत्रीय डी.एन.ए. अनुक्रमों से क्रिया करता है ।

**RNA-polymerase** — **आर.एन.ए. पोलीमरेस**

डी.एन.ए. टेम्पलेट पर दूत आर.एन.ए. (m RNA) का संश्लेषण करने वाली एंज़ाइम ।

**rod** — **दंड**

बेसीलाई जैसी छड़ रूपी जीवाणुओं का सामान्य नाम ।

**rolling-circle** — **बेलनी वृत्त**

प्रतिकृतिकरण की एक विधि जिसमें प्रतिकृति दुशाख वृत्ताकार टैम्पलेट के चारों ओर अनिश्चित बार घूर्णन करके नए संश्लेषित सूत्र को विस्थापित करती है ।

**root-nodule bacteria** — **मूल ग्रंथिका जीवाणु**

राइजोबिएसी कुल के वंश राइज़ोबियम के वे जीवाणु जो सहजीवी रूप में शिम्बी पौधों की जड़ों की ग्रंथिकाओं में रहते हैं और वायुमंडलीय नाइट्रोजन का यौगिकीकरण करते हैं ।

**rot** — **विगलन**

प्रेरित संकरण अभिक्रिया में RNA सांद्रण का उत्पाद और इण्डमागम का समय ।

**r plasmid** — **आर प्लाज़्मिड**

अपने आप प्रतिकृति बना सकने वाले, दुहरी लड़ी (रज्जुक) वाले डी.एन.ए. अणु जो बहुत औषध प्रतिरोध का कूटलेखन करते हैं ।

**RPR Test (Rapid plasma reagin test)** — **आर.पी.आर. परीक्षण(द्रुत प्लाज़्मा रिएजिन परीक्षण)**

द्रुत प्लास्मा रिएजिन परीक्षण सिफलिस के रोगियों के सीरम में वासरमेन प्रतिरक्षियों का पता लगाने का चाक्षुष समूहन स्क्रीनिंग परीक्षण ।

**Rum** — **रम**

किण्वित गन्ने के रस से बना ऐल्कोहॉलयुक्त आसुत ।

**salmonellosis** — **साल्मोनेलता**

साल्मोनेला वंश के सीरम प्ररूपों से उत्पन्न संक्रमण जिसके फलस्वरूप पूतिजीवरक्तता और जठरांत्रपथ में विकृति आ सकती है ।

**saltation** — **वल्गन**

कवक वृद्धि की अलैंगिक अवस्था में होने वाला अचानक परिवर्तन जो प्राय: कवक संवर्धन के दौरान होता है ।

| | |
|---|---|
| **saltatory replication** | **वल्गी प्रतिकृति**<br>किसी अनुक्रम का अनेकानेक प्रतियां बनाने के लिए अचानक पार्श्व प्रवर्धन (लेटरल एम्पलिफिकेशन) |
| **sanitizer** | **स्वच्छकारी**<br>सूक्ष्मजीवी पादपजातों को उन स्तरों तक कम करने वाले कारक जो जनस्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित माने जाते हैं । |
| **sanitizing** | **स्वच्छीकरण**<br>सूक्ष्मजीवों को मारने का तरीका । |
| **saprophyte** | **पूतिजीवी**<br>मृत जैव पदार्थों पर जीवित रहने वाला जीव । |
| **sarcoma** | **सार्कोमा, मांसार्बुद**<br>ऐसा ऊतक जो मुख्यत: संयोजी ऊतक से बनता है । यह अर्बुद अत्यधि दुर्दम (malignant) होता है । |
| **sardina** | **सार्डिना**<br>एक गोल जीवाणु जो तीन तलों में विभाजित होकर आठ कोशिकाओं का गुच्छ बनाता है । |
| **saturation hybridization** | **संतृप्ति संकरण**<br>वह प्रयोगात्मक प्रक्रिया जिसमें एकल सूत्रीय न्यूक्लीक अम्ल के संपूरक अनुक्रम के एक घटक की अत्यधिकता से द्विसूत्रीय न्यूक्लीक अम्ल बनता है । |
| **scarce (complex) m RNA** | **विरल (समुच्चय) दूत आर.एन.ए.**<br>दूत आर.एन.ए. का वह समूह, जिनकी संख्या प्रत्येक कोशिका में बहुत कम होती है । |

**schick test** — **शिक परीक्षण**

वह त्वचीय परीक्षण जिससे डिस्थोरिया के प्रति किसी व्यक्ति की सुग्राहिता का पता चलता है ।

**schizogony** — **विखंडनी जनन**

प्रोटोजोआ के जीवों का परपोषी कोशिका में होने वाला अलैंगिक जनन जिसके परिणामस्वरूप खंडजाणु (merozoites) पैदा होते हैं

**schizont** — **शाइजोन्ट, दीर्णक**

मलेरिया परजीवी के अलैंगिक चक्र की एक अवस्था ।

**Schultz-Charlton reaction** — **शुल्ट्ज–कार्लटन अभिक्रिया**

शुल्ट्ज–कार्लटन अभिक्रिया *स्ट्रेप्टोकॉकस पायोजीन्स* से उत्पन्न स्कार्लेट ज्वर का पता लगाने के लिए किया जाने वाला त्वचीय परीक्षण ।

**SCP (Single Cell Protein)** — **एस.सी.पी. (एकल कोशिका प्रोटीन)**

एक कोशिक सूक्ष्मजीव से बनी वह पौष्टिक प्रोटीन, जिसका उपयोग मुख्य रूप से मानव तथा अन्य प्राणियों के आहार के लिए किया जाता है ।

**secondary cycle** — **द्वितीयक चक्र**

रोगजनक के प्राथमिक चक्र से प्राप्त संरोप से उत्पन्न ऐसा दूसरा चक्र जिससे पहले रोगजनक की कोई सुसुप्ति अवस्था नहीं होती ।

**secondary infection** — **द्वितीयक संक्रमण**

मूल संक्रमण होने के बाद दूसरे संक्रमण का साथ ही हो जाना जिसका कारक पहले संक्रमण कारक से भिन्न होता है ।

| | |
|---|---|
| **secondary organism** | **द्वितीयक जीव**<br>किण्वन के लिए प्रयुक्त होने वाला सहयोगी जीव । |
| **seguela** | **अनुगम (आयुर्विज्ञान)**<br>ऐसा विकार जो दूसरे रोग से उत्पन्न होता है । |
| **selection** | **वरण**<br>ऐसी परिस्थितियों का उपयोग, जो विशेष लक्षण प्ररूप वाली कोशिकाओं को जीवित बनाए रखती है । |
| **selective enrichment** | **चयनात्मक समृद्धि**<br>ऐसा संवर्धन जो सूक्ष्मजीवों के समूह में से किसी एक विशिष्ट सूक्ष्मजीव की वृद्धि को इतना अधिक बढ़ावा देता है कि वह अन्य सूक्ष्मजीवों पर छा जाता है । |
| **selective medium** | **चयनात्मक माध्यम**<br>वह संवर्ध माध्यम जो अवांछित सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को सीमित करके वांछित सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को बढ़ावा देता है । |
| **semiconservative replication** | **अर्धसंरक्षी प्रतिकृति**<br>जनकीय द्वैध सूत्रों को अलग करके प्राप्त की गई प्रतिकृति, जो बाद में पूरक सूत्रों के संश्लेषण के लिए टैम्प्लेट के रूप में कार्य करती है । |
| **semidiscontinuous replication** | **अर्धअसंतत प्रतिकृति**<br>वह विधि, जिसमें एक सूत्र निरंतर संश्लेषित होता है और दूसरा सूत्र रुक-रुक कर संश्लेषित होता है । |
| **seperation disc** | **पृथक्कारी चक्रिका**<br>नील-हरित शैवाल में टूट-फूट का क्षेत्र । |

**sepsis** — **पूयन, पूतिभवन**

शरीर में रोगाणुओं और उनके आविषों (toxin) की उपस्थिति में मवाद का बनना ।

**septal perforation** — **पटीय छिद्रण**

कवकों के पटों में प्राकृतिक द्वार जो कोशिकाओं के बीच अंतर्वस्तुओं के आदान-प्रदान को होने देता है ।

**septate** — **पटयुक्त**

वे कवकतंतु जिसमें आड़ी भित्तियों से बने खंड होते हैं ।

**septic tank** — **सेप्टिक टैंक**

वह कुंड जिसमें अवायुजीवी पद्धति से वाहित मल से सीमित मात्रा का उपचार किया जाता है ।

**septum** — **पट**

कोशिकाओं अथवा कवक तंतुओं को दो भागों में विभाजित करने वाली भित्ति ।

**serial dilution** — **अनुक्रमी तनुता**

किसी नमूने का क्रमिक तनूकरण । जैसे 1:100 तनूकरण तैयार करने के लिए 1:10 तनुता के एक भाग में 9 भाग तनुकारी से मिलाना होगा । इस पद्धति से किसी भी नमूने में उपस्थित जीवाणुओं की संख्या का पता लगाते हैं ।

**serology** — **सीरम विज्ञान**

प्रतिरक्षियों और प्रतिजनों के बीच होने वाली प्रतिक्रिया का अध्ययन ।

**serovar (seratype)** — **सेरोवर (सीरम प्ररूप)**

किसी जाति से उपजाति जिसकी पहचान उसके विशिष्ट प्रतिजन संघटन से की जाती है ।

**sessile** — **अदृंत**

बिना वृंत का ।

**sewage** — **वाहितमल**

घरेलू तथा औद्योगिक द्रव या ठोस अपशिष्ट जो मलनलो (नालियों) द्वारा ले जाया जाता है ।

**sewerage system** — **मलनल तंत्र**

कई नालियों का ऐसा तंत्र जो वाहित मल को स्रोत से उपचार स्थल तक पहुँचाता है ।

**sex plasmid** — **लिंग प्लाज़्मिड**

एक अधिकाय (episome) जो संयुग्मन (conjugation) के प्रक्रम को शुरू करता है, जिससे गुणसूत्रीय द्रव्य एक जीवाणु से दूसरे जीवाणु में स्थानांतरित हो जाता है ।

**sexual reproduction** — **लैंगिक जनन**

जनन का ऐसा प्रकार जिसमें दो युग्मकों के संलयन से एक निषेचित कोशिका (युग्मनज) बनती है ।

**sheath** — **आच्छद**

कोशिकाओं की शृंखला या त्वचारोम से घिरी हुई खोखली नलिकाकार रचना । इस शब्द का प्रयोग कुछ ग्रैम-अग्राही जीवाणुओं कशाभों को घेरे हुए आवरण के लिए भी किया जाता है ।

**Shine-Dalgarno sequence (SD sequence** — **शिने-डल्गार्नो अनुक्रम (शि. ड. अनुक्रम)**

वह अनुक्रम जो पॉलीप्यूरीन (AGG AGG) का बना होता है और जो प्रारंभक प्रकूट (कोडॉन) से एकदम पहले जीवाण्विक दूत आर.एन.ए. पर स्थित होता है । यह 16S rRNA के 3 – सिरे के अनुक्रम का पूरक है और दूत आर.एन.ए. अणु के लिए लघु राइबोसोम की उपइकाई पर बांधने का कार्य करता है ।

**shotgun experiment** — **शॉटगन प्रयोग**

यादृच्छिक रूप से उत्पन्न हुए खंडों के रूप में सम्पूर्ण संजीन (genome) का क्लोनन (cloning )

**shunt** — **पार्श्वपथ**

कोई भी विकल्पी मार्ग, कोई भी उपमार्ग ।

**shuttle vector** — **शटलवेक्टर, शटल वाहक**

वह विशेष प्लाज़्मिड जो दो परपोषियों (उदाहरण के लिए *एशरिकिया* कोलाई और *सैक्रेमाइसीज सेरेविसी)* की प्रतिकृति के लिए निर्मित किया गया हो । इसे या तो प्रोकैरियोटों में अथवा यूकेरियोटों में जीनों का वहन करने में प्रयुक्त किया जाता है ।

**siderophore** — **लोहधर**

निम्न तुल्यांक भार वाले फैरिक लोह-कुलीर-यौगिक जिनका संश्लेषण और निर्यात सूक्ष्मजीव लोह के प्रच्छादन और अंतर्ग्रहण के लिए करते हैं ।

**sigma factor** — **सिग्मा कारक**

जीवाण्विक आर.एन.ए. पालीमरेस की एक इकाई, जिसकी आवश्यकता आर.एन.ए. प्रतिकृति के प्रारंभन के लिए पड़ती है । इसका प्रमुख प्रभाव बंधन स्थलों के चयन वर्धक पर पड़ता है ।

**signal hypothesis** — **संकेत परिकल्पना**

वह परिकल्पना जिसके अंतर्गत नवजात पॉलीपेप्टाईड को झिल्ली से संलग्न करने में स्रवित प्रोटीन के अन्त्य अनुक्रम की भूमिका की व्याख्या की जाती है, जैसे दूत आर.एन.ए. और राईबोसोम झिल्ली से प्रोटीन के अन्त्य अनुक्रम जुड़े होते हैं ।

**signal transduction संकेत पारक्रमण**

वह प्रक्रम जिसके द्वारा एक ग्राही (receptor) कोशिका की सतह पर संलग्नी (ligand) से पारस्परिक क्रिया करता है और फिर कोशिका के भीतर ही एक मार्ग बनाए रखने के लिए संकेत देता है ।

**silent mutation मौन उत्परिवर्तन**

ऐसा उत्परिवर्तन जो जीन के उत्पाद को नहीं बदलता ।

**silent sites(in gene) (जीन में) मौन स्थल**

वे स्थल जिन पर उत्परिवर्तन उत्पाद को नहीं बदलता ।

**simple stain सरल अभिरंजन**

जीवाणु आलेप या स्थिरीकृत फिल्म पर एक अभिरंजक का प्रयोग कर जीवाणु अथवा अन्य जीवों का अभिरंजन करना ।

**single copy plasmid एकल प्रतिरूप प्लाज़्मिड**

वह प्लाज़्मिड को जीवाणु में एक प्लाज़्मिड प्रति परपोषी गुणसूत्र के अनुपात को बनाए रखता है ।

**single strand assimilation एकल सूत्रस्वांगीकरण**

प्रोटीन की वह सामर्थ्य जिससे डी.एन.ए. का एक सूत्र अपने समजात सूत्र को द्वैध में विस्थापित कर देता है अर्थात् एकल-सूत्र द्वैध में आत्मसात हो जाता है ।

**single strand exchange एकलसूत्र विनियम**

वह अभिक्रिया जिसमें डी.एन.ए. के एक द्वैध (duplex) सूत्र अपने पहले सहभागी को छोड़कर उसके बदले दूसरे अणु को पूरक सूत्र से युग्मन करते हुए द्वैध में अपने समजात को विस्थापित कर देता है ।

**site specific recombination** — **स्थल विशिष्ट पुनर्योजन**

वह पुनर्योजन जो दो विशिष्ट (आवश्यक नहीं कि समजात हो) अनुक्रमों के बीच होता है, जैसे विभोजी (फाज़) में पक्षांतरण (transposition) के समय सह समाकल संरचनाओं का उच्छेदन या वियोजन ।

**slime layer** — **अवपंक स्तर**

कोशिका भित्ति का जिलेटिनी या श्लेषी आवरण । इस शब्द का प्रयोग कभी-कभी संपुट के पर्याय के रूप में भी किया जाता है ।

**slow component** — **मंदघटक**

पुनः साहचर्य अभिक्रिया का वह अवयव जो प्रायः अपुनरावृत्त डी.एन.ए. का बना होता है ।

**slow stop** — **मंद विराम**

जीवाणु का डी.एन.ए. उत्परिवर्ती जो उसकी प्रतिकृति के वर्तमान चक्र को पूराकर लेता है लेकिन दुबारा चक्र को प्रारंभ नहीं कर सकता ।

**sludge** — **आपंक**

वाहितमल का अर्ध-ठोस अंश जो अवसादित हो चुका हो अथवा जिस पर जीवाणु-क्रिया हो चुकी हो ।

**smear** — **आलेप**

सूक्ष्म दर्शीय अध्ययन के लिए स्लाइड पर फैलायी गयी पतली परत ।

**S1 nuclease** — **एस 1 न्यूक्लिएस**

वह एंज़ाइम जो विशिष्ट रूप से डी.एन.ए. के अयुग्मित (एकल सूत्रीय) अनुक्रम का निम्नीकरण करता है ।

**soil borne** — **मृदोढ़**
भूमि से फैलने वाला ।

**sonti** — **सोंती**
भारत में चावल से तैयार की जाने वाली बियर ।

**soredium (pl. soredia)** — **सोरीडियम**
शैवाक के जनन-काय कवक-तंतुओं की ऐसी गांठे जिनमें शैवालों की कुछ कोशिकाएं होती हैं ।

**SOS box** — **एम.ओ.एस. बॉक्स**
लगभग 20dp का डी.एन.ए. अनुक्रम (प्रचालक) जिसकी पहचान LexA संदमक प्रोटीन द्वारा होती है ।

**SOs response** — **एस.ओ.एस. अनुक्रिया**
जीवाणु में अनेक एंज़ाइमों के समन्वयात्मक प्रेरण वाली अनुक्रिया जिसमें डी.एन.ए. की किसी भी प्रकार की क्षति की मरम्मत शामिल हैं ।

**southern blotting** — **सदर्न शोषण**
वह प्रक्रिया जिममें विकृतीकृत डी.एन.ए. ऐगारोस जेल से नाइट्रो सेल्युलोस निप्यंदक (फिल्टर) पर अंतरित हो जाता है और जहाँ इसे पूरक नयूक्लीक अम्ल से संकरित किया जा सकता है ।

**sparkling wine** — **स्फुलिंग वाइन**
वह सुरा जिसमें किण्वन के दौरान कार्बनडाइऑक्साइड शेष रह जाती है ।

**species** — **जाति**
किसी भी वंश के अत्यधिक आपसी साम्यता वाले व्यष्टियों की श्रेणी ।

**specific immunity** **विशिष्ट प्रतिरक्षा**

किसी विशेष रोगाणु अथवा उसके उत्पादों के विरूद्ध दिखाया जाने वाला प्रतिरोध ।

**spectrophotometer** **स्पेक्ट्रमी प्रकाशमापी**

प्रकाश के पारगमन को मापने का यंत्र जिसके द्वारा रंग का सही-सही विश्लेषण या दो स्रोतों से उत्पन्न विशिष्ट तरंग दैर्घ्यों की ज्योति-तीव्रता की सही-सही तुलना हो सकती है ।

**spectroscopy** **स्पेक्ट्रोमिती**

स्पेक्ट्रमी-प्रकाशमापी से प्राप्त स्पेक्ट्रम का अध्ययन ।

**spermatium (pl. spermatia)** **अचल पुमणु, स्पर्मेशियम**

कवक की अचल नर-जनन कोशिका जो अचल पुमणु-युग्मन का कार्य करती है ।

**sphaeroplast (spheroplast)** **स्फीरोप्लास्ट**

ग्रैम-अग्राही जीवाणु कोशिका जिससे पेप्टीडोग्लाइकन को हटाने से उसकी दृढ़ता चली जाती है ।

**sphirillium** **सर्पिलाणु**

एक दृढ़ सर्पिलाकार जीवाणु ।

**spiny spore** **कँटीला बीजाणु**

तेज नुकीली सतह वाला बीजाणु ।

**spirochaete** **तरंगाणु**

लचीली, सर्पिल या स्क्रूरूपी जीवाणु ।

**splicing** — **समबंधन**

आर.एन.ए. में इन्ट्रोनों को हटाना और एक्सोनों को जोड़ा जाना ।

**splicing junction** — **संबंधन संधि**

वह अनुक्रम जो एक्सॉनों-इन्ट्रॉनों की परिसीमाओं को पूरी तरह घेरे रहता है ।

**spontaneous generation** — **स्वतः जनन**

दे. abiogenesis निर्जीव पदार्थ से जीवन की उत्पत्ति । इसे अजीवात्जनन भी कहते हैं ।

**spontaneous mutation** — **स्वतः उत्परिवर्तन**

वह उत्परिवर्तन जो बिना किसी अभिकर्मक के स्वयं संपन्न होता है ।

**sporangiole** — **बीजाणुधानिका**

कुछ मिक्सोबैक्टर्स द्वारा उत्पन्न फलन-कायों में पायी जाने वाली ऐसी भित्तीय वाहिकाएं जिनमें मिक्सोबीजाणु होते हैं । इन्हें पुटी भी कहते हैं ।

**sporangiophore** — **बीजाणुधानी-धर**

कवक जाल की एक विशिष्ट शाखा जो बीजाणुधानी युक्त होती है ।

**sporangiospore** — **धानीबीजाणु**

किसी कोष या थैली में उत्पन्न होने वाले अलैंगिक बीजाणु ।

**sporangium** — **बीजाणुधानी**

कोष या थैली के समान संरचना जिसमें अलैंगिक बीजाणु उत्पन्न होते हैं ।

**sporicide** **बीजाणुनाशी**

बीजाणुओं का नाश करने वाला कारक ।

**sporocarp** **बीजाणु फलिका**

जलीय फर्नों में एक बहुकोशिकीय संरचना जिसमें बीजाणु बनते हैं ।

**sporogenese** **पूतिजनकता**

रोगजनक के जीवनचक्र की वह प्रावस्था जिसमें वह सक्रिय रूप से जीवित सुग्राही में रोग उत्पन्न नहीं करता ।

**sporogenous cell** **बीजाणुजन-कोशिका**

बीजाणु उत्पन्न करने वाली कोशिका ।

**sporophore** **बीजाणुधर**

बीजाणु को धारण करने वाली संरचना, आमतौर पर शाखित या अशाखित कवक तंतु जिसमें बीजाणु उत्पन्न होते हैं ।

**sporulation** **बीजाणुक जनन**

बीजाणु बनने की प्रक्रिया ।

**spray-dried** **फुहार-शुष्कित**

शुष्क गरम वायु धारा में द्रव्य की फुहार छोड़कर सुखाया गया पदार्थ ।

**SR-mutation** **एस.आर. उत्परिवर्तन**

जीवाणुओं का वह उत्परिवर्तन जिसके परिणामस्वरूप चिकने और खुरदरे निवह (कालोनी) बनते हैं ।



14—10/CSTT/ND/97

**SSB protein** — **एस.एस.बी. प्रोटीन**

एक सूत्रीय बंधक प्रोटीन, जो एक सूत्रीय डी.एन.ए. को बांधता है ।

**S. (smooth)** — **एस. (चिकना)**

1. जीवाणु निवहों की चिकनी आभा का संक्षेप संकेताक्षर ।
2. स्वेड वर्ग इकाई के लिए प्रयोग किया जाने वाला संकेताक्षर ।

**stoggered cut** — **सांतरित काट, सांतरित कट**

दो सूत्रों को एक दूसरे के निकट भिन्न बिंदुओं पर विदलित करना । यह काट द्वैध डी.एन.ए. में की जाती है ।

**staling** — **पर्युषण, पर्युषित**

किसी जीव कॉलोनी के निकट पर्यावरण में प्रतिकूल, वृद्धि निरोधी परिवर्तन, जो जीव के चयापचयी उच्छिष्ठों के इकट्ठे होने का परिणाम है डबल रोटी, केक, पाइ और दूसरे बेकरी उत्पादों की अवनति या अपघटन ।

**starpoint (star site)** — **ताराबिंदुक (तारास्थल)**

आर.एन.ए. में समाविष्ट पहले क्षारक (base) से संगत डी.एन.ए. में वह संगत स्थिति, जिसमें आर.एन.ए. पहले आधार पर समाविष्ट होता है ।

**stationary phase** — **स्तब्ध प्रावस्था**

सवंर्ध में वृद्धि की प्रावस्था जहाँ जननदर मृत्युदर के बराबर होती है और जीवनक्षम जीवाणुओं की संख्या नियत रहती है ।

**steam injection technique** — **भाप अंतःक्षेपण तकनीक**

रोगाणुरहित निर्वात कक्ष में ऊष्मा को अतिरिक्त वाष्प या पानी से नियंत्रित करने की विधि ।

**sticky end** — **अनुलग्न सिरे**

डी.एन.ए. के पूरक एकल सूत्र, जो द्वैध (duplex) के विपरीत सिरों से बाहर निकलते हैं। ये द्वैध डी.एन.ए. की सांतरित काट से पैदा हो सकते हैं।

**still wine** — **अस्फुलिंग वाइन**

वह सुरा जिसमें किण्वन के दौरान कार्बनडाइऑक्साइड शेष नहीं रहती।

**strand displacement** — **सूत्र विस्थापन**

कुछ विषाणुओं के प्रतिकृतिकरण की विधि, जिसमें नए डी.एन.ए. सूत्र वृद्धि करते हैं। यह क्रिया द्वैध डी.एन.ए. के पूर्व सूत्र समजात का स्थान लेने पर सम्पन्न होती है।

**streak plate method** — **रेखा प्लैट विधि**

विशुद्ध संवर्धन की विधि जिसमें एगर संवर्ध को इस ढंग से रेखित (streaked) किया जाता है जिससे शुद्ध सूक्ष्मजीव निवह अलग किये जा सकें।

**streptococci** — **स्ट्रैप्टोकोकाई**

लड़ियां बनाती हुई गोलाकार कोशिकाएं।

**streptolydigin** — **स्ट्रेप्टोलाइडिगिन**

वह प्रतिजैविक, जो जीवाण्विक आर.एन.ए. पालीमरेस द्वारा अनुलेखन की दीर्घता क्रिया को रोकता है।

**stringent replication** — **कठोर प्रतिकृतिकरण**

आवश्यक घटक (ऐमीनो अम्ल) के अभाव से स्थायी आर.एन.ए. संश्लेषण का रुक जाना।

**sponse** — **कठोर अनुक्रिया**

जीवाणु की वह सामर्थ्य, जो अपर्याप्त पोषी माध्यम में आर.एन.ए. और राइबोसोमों के संश्लेषण को रोक देती है।

**structural gene** — **संरचनात्मक जीन**

वह जीन, जिसके उत्पाद हैं – एक एंज़ाइम, संरचनात्मक प्रोटीन, टी.आर.एन.ए., आर.आर.एन.ए. आदि ।

**subaerial** — **भूपृष्ठीय**

भूमि अथवा धरातल से कुछ ऊँचा उठाया गया आवास ।

**subglobose** — **उपगोलाकार**

कुछ कम गोलाकार ।

**sun dried** — **आतपित**

नमी को सूर्य किरणों से सुखाया गया ।

**supercoiling** — **अतिकुंडलन**

स्थान विशेष में संवृत द्वैध डी.एन.ए. की कुंडली जिससे वह अपने स्वयं के अक्ष को पार करता है ।

**super repressed** — **अतिदमित**

वह bac ओपेरॉन, जिसे प्रेरित नहीं किया जा सका ।

**suppression** — **दमन**

डी.एन.ए. में मूलपरिवर्तन को उलटा किए बिना उत्परिवर्तन के प्रभावों का घटित होना ।

**suppressor (extragenic)** — **संदमक (बाह्यजीनी)**

प्राय: एक उत्परिवर्ती टी.आर.एन.ए. का कूटन करने वाला जीन जो उत्परिवर्तित कोडॉन को या तो मूल कोडॉन के संदर्भ में अथवा मूल अर्थ के स्वीकार्य प्रतिस्थापी (एवजी) के रूप में पढ़ता है ।

**suppressor (intragenic)** — **संदमक (अंतर्जीनी)**

एक क्षतिपूरक उत्परिवर्तन जो ढाँचा विस्थापन (frame shift) या ढाँचा परिवर्तन के बाद पाठ (reading) को पुनः स्थापित करता है ।

**symbiotic** — **सहजीवी**

वह अवस्था जिसमें दो जीव साथ-साथ रहते हैं और प्रत्येक जीव दूसरे को लाभान्वित करता है ।

**synchronous culture** — **तुल्यकालिक संवर्ध**

वह संवर्ध जिसकी सम्पूर्ण कोशिकाएं एक ही आयु की होती है ।

**synchronous growth** — **तुल्यकालिक वृद्धि**

वृद्धि का वह प्रतिरूप जब सभी कोशिकाएं वर्धन के एक ही स्तर पर हों ।

**syngamy** — **युग्मक संलयन**

युग्मकों का संलयन ।

**tandem respeats** — **अनुबद्ध पुनरावर्त, अनुक्रमिक पुनरावर्त**

श्रेणी में उसी अनुक्रम की बहु प्रतियां ।

**TATA box (Hogness box)** — **टाटा बाक्स (हॉगनेस बॉक्स)**

सुकेन्द्रकियों के अधिकांश प्रोटीन कोडन जीनों तथा कई विषाणु जीनों के उन्नयन प्रक्षेत्र (प्रोमोटर रीजन) में पाया जाने वाला न्यूक्लीओटाइडों का अनुक्रम (टी ए टी ए) विशेष । टाटा खण्ड में सामान्यतः लगभग 25-30 बेस-युग्म (bp)आर.एन.ए. संश्लेषण के प्रारंभन विंदु से प्रति प्रवाह स्थल पर (अप स्ट्रीम) होते हैं जहाँ आर.एन.ए. पॉलिमेरेस II जुड़ता है ।

**tempeh** — **टेम्पेह**

मूलतः एन्डोनेशिया का सोयाबीन खाद्य जो *राइजोपस* जातियों के कवकतंतुओं द्वारा सोयाबीन को किण्वित करके केक के रूप में बनाया जाता है ।

**temperate phage** — **संयत विभोजी**

एक जीवाणुभोजी जो प्राग्विभोजी (prophage) के रूप में परपोषी कोशिका के डी.एन.ए. में समाकलित हो जाता है । अथवा परपोषी कोशिकाद्रव्य में प्रतिकृति बना सकता है जिसकी वजह से कोशिकालयन होता है ।

**terminal redundancy** — **अंतस्थ अतिरिक्तता**

विभोजी संजीन के दोनों सिरों पर उसी अनुक्रम का पुनरावर्तन ।

**termination codon** — **समापन कोडॉन**

आर.एन.ए. अणुओं का ट्राइन्यूक्लियोटाइड अनुक्रम जो प्रोटीन संश्लेषण को समाप्त कर देता है । ये तीन प्रकार के होते हैं : UAA(oehre), UAG(amber) और UGA (opal) इसे नॉनसेन्स कोडॉन भी कहा जाता है ।

**terminator** — **समापक**

अनुलेख के सिरे पर निरूपित डी.एन.ए. का एक अनुक्रम जो आर.एन.ए. पोलीमरेस को अनुलेखन समाप्त करने के लिए प्रेरित करता है ।

**terrtiary structure** — **तृतीयक संरचना**

प्रोटीन से संबंधित एक संरचना जो अपनी पॉलिपेप्टाइड शृंखला के स्थान क्रम में संगठन का निरूपण करती हैं ।

**thallus** — **थैलस**

जड़, तना और पत्तियों की कमी वाला साधारण अविभेदी पादप शरीर ।

**thermodurie** **ताप सह**

वे जीव जो 70 से 80 सें. पर भी 15 मिनट तक जीवित रह सकते हैं तथा पास्तेरीकरण के बाद भी जीवित रहते हैं ।

**thermophilie** **तापरागी**

वे जीव जिनकी इष्टतम वृद्धि $45^0$ सें. अथवा उससे ऊपर तापमान पर होती है । ये जीव गर्म पानी के चश्मों या कम्पोस्ट बनाते समय पाये जाते हैं ।

**thermostabilization** **तापस्थायीकरण**

वह प्रक्रिया या स्थिति जिसमें गर्म करने पर भी सूक्ष्मजीवों की विशेषताएं अपरिवर्तनीय रहती हैं ।

**thrush** **शराति**

मुंह की श्लेष्मल (mucous) झिल्ली का संक्रमण जो *कैन्डिडा एल्बिकैन्स* द्वारा उत्पन्न होता है ।

**thylakoid** **थाइलेकॉयड**

झिल्लीमय संरचना जिसमें क्रमश: संश्लेषी वर्णक होते हैं ।

**thymine dimer** **थायमीन द्वितय**

आस-पास के (नजदीकी) दो पिरिमिडीन सहसंयोजी बंधों के बनने के फलस्वरूप निर्मित संरचना जो डी.एन.ए. की प्रतिकृतिकरण को रोकती है ।

**Tm** **टी.एम.**

गलन तापमान दर्शाने के लिए काम में लाए जाने वाले संकेताक्षर ।

**toad stool** — **कुकुरमुत्ता**

कवक की एक जाति जो प्रायः विषाक्त होती है और जिसकी बेसीडियोकार्प छतरी के समान होती है ।

**tolerance** — **सह्यता**

रोग को सहने की क्षमता ।

**topoisomerase** — **टोपोआइसोमेरेस**

एंज़ाइम विशेष जो किसी CccDNA के सांस्थितिक समावयवी (topological isomere) को दूसरे में बदल देता है ।

**toxinogenic** — **आविषजनी**

आविष पैदा करने की क्षमता वाला ।

**toxoid** — **आविषाभ**

ऐसा रूपातरित बहिःआविष जिसमें अविषालुता न हो लेकिन प्रतिजनत्व (antigenecity) हो ।

**transcription** — **अनुलेखन**

डी.एन.ए. का दूत - आर.एन.ए. (m RNA) में परिवर्तित होना ।

**transduction** — **पारक्रमण**

आनुवंशिक पुनर्योजन प्रक्रम जिसमें दाता जीवाणु का डी.एन.ए. आदाता विषाणु में ले जाया जाता है ।

**transmission** — **संचरण**

रोगजनक का प्रकीर्णन और सुग्राहियों में रोगजनक का संरोपण ।

**Treponema pallidum** — **ट्रेपोनिमा पैलिडम**

वह जीवाणु जो माँ से गर्भ में जाता है ।

**trichoma(trichome)** — **ट्राइकोमा (ट्राइकोम)**

नील हरित शैवाल में आच्छद रहित कोशिकाओं की एक पंक्ति ।

**trickling filteration** — **व्यावी निस्यंदन**

वह गौण उपचार प्रक्रम जिसमें वाहितमल को पत्थरों पर से टपकाते हैं जिससे जीवाणुओं द्वारा कार्बनिक अवशिष्टों का अपघटन हो जाता है ।

**tropism** — **अनुवर्तन**

बाह्य उद्दीपक से प्रेरित होकर मुड़ना ।

**trychoplankton** — **संयोजी प्लवक**

तट या समुद्र तट के समीप पाया जाने वाला प्लवक । यह तट से दूर वाले पानी में नहीं पाया जाता ।

**tumefaction** — **प्रदाह, अर्बुददाह**

पादप में अर्बुद या पिटिका का बनना ।

**tylosis** — **टाइलोसिस**

वाहिका झिल्ली या वाहिनी की गर्त का गुब्बारेनुमा उद्वर्ध जो वाहिका या वाहिनिकीय गुहिका में प्रवेश करके इसे अवरूद्ध कर देता है ।

**tyndalization** — **टिन्डलीकरण**

बारह घंटे या अधिक ऊष्मायन (incubation) के अनेक उत्तरोत्तर अंतराल के बाद लगभग क्वथनांक (boiling point) तक गरम करके माध्यमों (media) का निर्जमीकरण ताकि बीजाणु का अंकुरण हो सके ।

**type specimen** **प्ररूप निदर्श**

वह जीव जिसका प्रयोग समकक्ष जीवों को पहचानने के लिए नमूने के रूप में किया जाता है ।

**uniloculas** **एक कोष्ठकी**

एक कोष्ठक या कोशिका वाली बीजाणुधानी ।

**unit wall** **ऐकिक भित्ति**

बीजाणु भित्तियों के अनेक प्रकारों में से एक; स्तरहीन दृढ़ भित्ति ।

**vaccine** **वैक्सीन, टीका**

क्षीणीकृत (attenuated) या मृत रोगाणु का निलम्बन ।

**vacuolated spine** **धानीयुक्त शूल**

बड़ी धनियों से युक्त या अंतर्वस्तु की कमी वाला शूल । उदाहरण *एन्ट्रोफोस्पोरा इन्फ्रेगुएन्स* के बीजाणुओं पर पाए जाते हैं ।

**vacuole** **धानी, रसधानी**

कोशिका अगंक जो झिल्ली से परिबद्ध होता है और जिसमें कुछ रस होता है ।

**vector** **रोगवाहक, वेक्टर**

रोगजनक सूक्ष्मजीवों का वाहक ।

**vein banding** **शिरा पट्टाभता**

विषाणुग्रस्त पत्तियों का रोगलक्षण जिसमें शिरा के आस–पास के ऊतकों का रंग पटल ऊतकों की तुलना में गहरा हरा हो जाता है ।

vein clearing — शिराप्रकटन

विषाणुग्रस्त पत्तियों का रोगलक्षण जिसमें शिरा के आस-पास के ऊतकों का रंग पटल ऊतकों की तुलना में हलका हरा हो जाता है ।

ventilation — संवातन

सापेक्ष आर्द्रता को एक समान रखने के लिए एकत्रण कक्षों में वायु वेग को नियंत्रित करना ।

vertical resistance — ऊर्ध्वाधर प्रतिरोध

स्थायी प्रतिरोध जो अतिसंवेदनशील परपोषियों में पाया जाता है ।

vesicle — पुटिका

सामान्यतया कवकों के संदर्भ में कवक तंतु का फुल्लन (फूलना) । बी.ए. - कवक मूलीय कवक में यह फुल्लन जड़ों के अंत में होता है ।

viable — जीवनक्षम

विशेष परिस्थिति में जीवित रहने की क्षमता रखने वाला ।

viremia — रक्त विषाणुता

रुधिर में विषाणुओं की उपस्थिति ।

virion — प्रविषाणु

पूर्ण परिपक्व संक्रमणकारी विषाणु कण ।

virulence — उग्रता

संक्रमित करने की क्षमता, रोगजनकता की सीमा ।

**virulent phage** **उग्र विभोजी**

रोग पैदा करने की क्षमता वाला विभोजी जिसमें न्यूक्लीक अम्ल सुग्राही जीवाणु कोशिका में अंतःक्षिप्त (injected) किया जाता है । उसके बाद परपोषी जीवाणु का प्रतिकृतिकरण परिपक्वन और लयन होता है ।

**viruliferous** **विषाणुधर**

विषाणुवाहक कीट जो सुग्राही में विषाणु को प्रविष्ट कराने में सक्षम होता है ।

**wall group** **भित्ति समूह**

चिपकी हुई भित्तियों का समूह जो बीजाणु के टूटने पर अलग-अलग नहीं होता ।

**wall type** **भित्ति प्रकार**

अनेक प्रकार की झिल्लियों में से एक जो बीजाणु की संयुक्त भित्ति का निर्माण करती है ।

**whisky** **ह्विस्की**

जौ, मक्का, गेहूँ, आलू, राई आदि से तैयार तेज मदिरा ।

**widal test** **विडाल परीक्षण**

टायफाइड ज्वर के निदान के लिए प्रयुक्त विशिष्ट समूहन (agglutination) परीक्षण ।

**wild type** **वन्य प्ररूप**

प्रकृतिमें पाये जाने वाले सूक्ष्म जीव ।

**wort** **शीरा**

सूक्ष्मजीवों के संवर्धन के लिए उपयोग में लाया जाने वाला माल्ट-सत्व ।

**xanthophyll** **पर्णपीत, जैन्थोफिल**

ऑक्सीजन से युक्त एक कैरोटीनाभ वर्णक ।

**yeast** **खमीर, यीस्ट**

एककोशिकीय *एस्कोमाइसिटिज* जो मुकुलन प्रक्रिया से प्रजनन करते हैं तथा किण्वन के लिए प्रयुक्त किये जाते हैं ।

**zoosporangium** **चलबीजाणुधानी**

वह बीजाणुधानी जिसमें कशाभिकायुक्त नग्न चलबीजाणु रहते हैं ।

**zygospore** **युग्माणु**

एक मोटी भित्ति का शिथिल बीजाणु जो लैंगिक कोशिकाओं के संलयन से बनता है । उदा. *जाइगोमाइसिटीज* के कवक ।

**zygote** **युग्मज**

शुक्राणु तथा अंडाणु के संलयन से बनने वाली द्विगुणित कोशिका ।

○ ○ ○ ○ ○

MGIPLP(Fbd.)—10/CSTT/ND/ 97—1.1000

PED-755
1100 - 1997 (DSK-II)

Price : Rs.45/-

प्रबन्धक, भारत सरकार फोटोलिथो मुद्रणालय, फरीदाबाद द्वारा मुद्रित।